दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 134 | जयपुर | गुरूवार, 20 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

32.0⁰ अधिकतम तापमान | 20.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स | 75,449.05
+147.79 (0.20%)

निफ्टी | 22,907.60
+73.30 (0.32%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना | 91,140 /10g

चांदी | 1,05,000 /Kg

# 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स

## स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर बढ़ने पर 7 मिनट संपर्क टूटा

## फ्लोरिडा समुद्र तट पर लैंडिंग



बढ़ता राजस्थान

**फ्लोरिडा ( एजेंसी )।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है।

### स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे

ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट ISS से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया। इससे स्पेसक्राफ्ट की पृथ्वी के वातावरण में एंट्री हुई और सुबह 3:27 बजे स्प्लैशडाउन।

### 8 दिन के मिशन पर गए थे, लेकिन 9 महीने से ज्यादा समय लग गया

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बोइंग और नासा के 8 दिन के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। इस मिशन का उद्देश्य बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता को टेस्ट करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे। लेकिन थ्रस्टर में आई गड़बड़ी के बाद उनका 8 दिन का मिशन 9 महीने से ज्यादा समय का हो गया था।

### चांद या मंगल पर यात्रा करना एस्ट्रोनॉट्स के लिए बड़ी चुनौती

इसी वजह से चांद, मंगल या उससे दूर की अंतरिक्ष यात्राएं करना एक बड़ी चुनौती हैं। हालांकि, ऐसा किस वजह से होता है, ये अब तक एक राज ही है। इसके अलावा, अंतरिक्ष में रहने के दौरान यात्रियों की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं और हड्डियों में कैल्शियम की कमी हो जाती है। धरती पर लौटने के बाद अंतरिक्ष यात्री कमजोर और थका हुआ महसूस करते हैं।



### सबसे ज्यादा दिन तक अंतरिक्ष में रहने वाली तीसरी हस्ती

सुनीता के अंतरिक्ष से धरती पर कदम रखने के साथ ही वह कुल 286 दिन अंतरिक्ष में बिताने वाली हस्ती बन गई हैं। इसके साथ ही वह एक यात्रा में तीसरी सबसे ज्यादा दिन तक आईएसएस पर बिताने वाली महिला वैज्ञानिक बन गई हैं। इस मामले में सबसे पहले नंबर पर 328 दिनों के साथ क्रिस्टीना कोच हैं। वहीं, पिग्गी वीटस्न 289 दिनों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। आईएसएस में एक बार में सबसे ज्यादा 371 दिन अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रूबियो ने बिताए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री बोले- मोदी सरकार में आतंकी घटनाएं 71% घटीं : आतंकी जेल या जहन्नुम जा रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बजट सत्र के दूसरे फेज के छठे दिन बुधवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आतंकी घटनाओं पर केंद्र सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत देश में आतंकवादी घटनाओं में 71 प्रतिशत की कमी आई है और आतंकवादी अब या तो जेल जाएंगे या जहन्नुम जाएंगे। राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों के प्रश्नों का जबाव दिया। उन्होंने कहा- पहले जब आतंकवादियों का महिमामंडन किया जाता था और उन्हें अच्छा खाना परोसा जाता था, उसके विपरीत मोदी सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। लोकसभा में केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र में बदलाव को लेकर कोई भी प्रस्ताव पेंडिंग नहीं है। न ही इस पर विचार किया जा रहा है। कर्मचारियों के रिटायरमेंट के बाद खाली होने वाले पदों को खत्म करने की केंद्र सरकारी की कोई नीति नहीं है।

### आप नेता सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और केस

**571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में घोटाला किया; एंटी करप्शन ब्यूरो बोला- 7 करोड़ रिश्वत ली**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एंटी करप्शन ब्यूरो ने आप नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली में 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी प्रोजेक्ट घोटाले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है। जॉइंट कमिशनर और एसीबी चीफ मधुर वर्मा के मुताबिक, सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड पर लगाए गए 16 करोड़ रुपए के जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। इसके बदले जैन ने 7 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी। सीसीटीवी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने कैमरे इंस्टॉल करने में गड़बड़ी की थी। प्रोजेक्ट खत्म होने तक ज्यादातर कैमरे खराब पाए गए थे। सत्येंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर थे।

# केंद्र-किसानों की 7वीं वार्ता बेनतीजा

**डल्लेवाल-पंधेर को हिरासत में लिया, शंभू और खनौरी बॉर्डर पर फोर्स बढ़ाई; हरियाणा में भी हाई अलर्ट**

बढ़ता राजस्थान



**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 13 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों और केंद्र की 7वीं वार्ता भी बेनतीजा रही। इस मीटिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी शामिल थे। चंडीगढ़ में सुबह 11 बजे शुरू हुई मीटिंग 4 घंटे चली लेकिन कोई हल नहीं निकला।

वहीं इस मीटिंग में हिस्सा लेकर वापस शंभू और खनौरी बॉर्डर लौट रहे किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण पंधेर और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के जगजीत डल्लेवाल को पुलिस ने अचानक हिरासत में ले लिया। पंधेर को मोहाली की एयरपोर्ट रोड पर पुलिस ने घेर लिया। वहीं डल्लेवाल एंबुलेंस में खनौरी बॉर्डर लौट रहे थे, पुलिस ने उन्हें संगरूर में घेर लिया। पुलिस डल्लेवाल को एंबुलेंस समेत ही हिरासत में लेकर चली गई। इन दोनों नेताओं की अगुआई में ही ये आंदोलन चल रहा है।

इसके साथ किसान नेता काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़, मनजीत राय, ओंकार सिंह को भी डिटेन किया है।

इस दौरान संगरूर में पुलिस की बैरिकेडिंग और किसानों को हिरासत में लेकर पुलिस-किसानों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। किसानों ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। हालांकि पंजाब पुलिस पहले से ही तैयारी में थी और भारी फोर्स की वजह से सभी किसान हिरासत में ले लिए गए।

किसानों को शक है कि अब पुलिस जबरन शंभू और खनौरी बॉर्डर को भी खाली करा सकती है। इसलिए किसानों को भारी संख्या में वहां जुटने के लिए कहा गया है। वहीं खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा की तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- राशन कार्ड पॉपुलैरिटी कार्ड बने

**कुछ राज्यों की प्रति व्यक्ति आय ज्यादा, फिर सब्सिडी पाने के लिए उनकी 75% आबादी गरीब कैसे**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कुछ राज्य जब अपने विकास को दिखाना चाहते हैं तो दावा करते हैं कि उनकी प्रति व्यक्ति आय बहुत ज्यादा है, लेकिन जब सब्सिडी लेने की बात आती है, तो यही राज्य दावा करते हैं कि उनकी 75% आबादी गरीब है। इन तथ्यों को कैसे समेटा जा सकता है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि हमें चिंता है कि क्या गरीबों को दिए जाने वाले लाभ उन तक पहुंच रहे हैं जो इसके हकदार नहीं हैं।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट प्रवासी मजदूरों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था।




# राजस्थान में आज बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

## कल जयपुर सहित 12 जिलों में फिर बदलेगा मौसम, फसलों को बचाने के इंतजाम करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में आज से मौसम फिर बदल सकता है। एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण आज देर शाम बीकानेर संभाग के 4 जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं तेज आंधी चलने के साथ हल्की बारिश और ओले भी गिर सकते हैं। इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर 20 मार्च को देखने को मिल सकता है। जयपुर सहित 12 जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। उधर, मौसम को देखते हुए किसानों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। कहा गया है कि खेतों और मंडियों में खुले में रखी रबी की फसल के बचाव का इंतजाम समय से कर लिया जाए। ताकि नुकसान न झेलनी पड़े। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम ड्राय रहा और सभी शहरों में दिन में तेज धूप रही। देर शाम को जैसलमेर के पास सीमावर्ती जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए। दिनभर आसमान साफ रहने से शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया।

कल बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 33, चूरू-उदयपुर में 32, गंगानगर में 32.4, जोधपुर में 34.6, कोटा में 32.9, भीलवाड़ा में 33, अजमेर में 32.5, सीकर में 29.5 और पिलानी में 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर में कल दिनभर तेज धूप रही और यहां अधिकतम तापमान बढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जयपुर में कल न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई और पारा 16.9 डिग्री सेल्सियस तक आ गया।



**17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज**-उत्तरी हवा के चलने से राज्य के 17 शहरों में कल न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस सीकर में दर्ज हुआ। चूरू में न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस, नागौर में 12.7, बारां में 11.3, हनुमानगढ़ में 14.6, सिरोही में 13.2, फतेहपुर में 11.2, झुंझुनूं में 14.6, पाली में 14.4, चित्तौड़गढ़ में 14.8 और अलवर में 13.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# पत्नी ने प्रेमी से संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

## दुकान पर गला दबाकर हत्या के बाद बाइक पर लेकर गए शव को जलाया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना इलाके में एक पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारने के 24 घंटों के भीतर ही ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया। हत्या की साजिश मृतक की पत्नी गोपाली देवी ने अपने प्रेमी दीनदयाल के साथ मिलकर रची थी। पहचान छिपाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया गया था। दोनों भागने की फिराक में थे। उससे पहले ही पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगत आनन्द ने कि गत 16 मार्च को रिंग रोड नेवटा पुलिया के पास एक अज्ञात अध जला शव मिला था। पुलिस जांच में मामला हत्या का होना पाया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर शव की पहचान और आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर मृतक की पहचान धन्नालाल सैनी के रूप में हुई। जो हडवाड़े में सब्जी बेचने का काम करता था। पूछताछ में पता चला कि उसकी पत्नी गोपाली देवी पिछले 15 सालों से दीनदयाल नामक व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध में थी।

**हत्या की साजिश ऐसे रची गई :** पुलिस ने बताया कि गत 15 मार्च को धन्नालाल अपनी पत्नी की जानकारी लेने श्याम फैशन नामक दुकान पर पहुंचा। जहां गोपाली देवी और दीनदयाल को साथ देखकर उसे शक हुआ। इसी दौरान दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। दोनों आरोपी धन्नालाल को दुकान के ऊपर ले जाकर लोहे के पाइप से सिर पर वार किया और उसके बाद रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। शव को प्लास्टिक की बोरी में पैक कर मोटरसाइकिल से रिंग रोड नेवटा पुलिया के पास ले गए और मृतक धन्नालाल की पहचान छिपाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया गया।

### फरार होने की फिराक में थे आरोपी

पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद गोपाली देवी और दीनदयाल घर छोड़कर भागने की योजना बना रहे थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया।

### पुलिस टीम की अहम भूमिका

मामले के खुलासे में एएसआई प्रेमचंद, हेड कांस्टेबल हेमराज, कांस्टेबल दिनेश यादव और दयाराम का अहम योगदान रहा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।




# अधिवक्ता परिषद राजस्थान, चित्तौड़ प्रांत न्यायालय इकाई ब्यावर में महिला दिवस समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़े के अंतर्गत अधिवक्ता परिषद राजस्थान, चित्तौड़ प्रांत की न्यायालय इकाई ब्यावर में महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायाधीश श्रीमती गिरिजा भारद्वाज (अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, संख्या 2, ब्यावर) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंत विजयवर्गीय (अध्यक्ष, अधिवक्ता परिषद राजस्थान, चित्तौड़ प्रांत) ने की, वहीं अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1, श्रीमती पूजा सिंह ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह का शुभारंभ अतिथियों और आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत करने के साथ हुआ। इसके पश्चात भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगीत से कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया। कार्यक्रम में न्यायालय परिसर की सफाई व्यवस्था संभालने वाली महिला सफाई कर्मी माया जी और उनकी माता जी को सफाई योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में न्यायाधीश गिरिजा भारद्वाज ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और शोषण के विषय में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को ऐसे कृत्य करने वाले अपराधियों का समर्थन नहीं करना चाहिए और समाज में ऐसे लोगों का बहिष्कार आवश्यक है।

### स्मृति चिह्न भेंट और धन्यवाद ज्ञापन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। एडवोकेट रितु यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट चंचल लहवासिया ने किया।

### आगामी कार्यक्रम की जानकारी

एडवोकेट नरपत सिंह रावत ने जानकारी दी कि 29 और 30 मार्च को नववर्ष प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कौशिक, अतुल बंसल, मुकेश जैन, नरेंद्र प्रसाद, सुरेश सोनी, विनोद खाटवा, दीपेंद्र शर्मा, दिलीप गोठवाल, सुश्री महिमा कोकलिया, सुश्री नीलम, ज्योति चौहान, कोमल सांखला, निशा धवन, प्रवीण जैन, यगेश शर्मा, शिवदास राठौड़, नरेंद्र शर्मा (सचिव), राजकुमारी तंवर, ललिता जालान, रेखा गुप्ता, संतोष अग्रवाल, माधुरी टांक सहित अनेक अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त मण्डल अध्यक्षो का आयोजित हुआ स्वागत समारोह

# होली का पर्व रंगों के साथ-साथ भाईचारे और सामूहिक उत्सव का प्रतीक : जीतमल प्रजापत

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला मुख्यालय स्थित केसरी नंदन गार्डन में आयोजित होली स्नेह मिलन फागोत्सव समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपसी स्नेह व सौहार्द के साथ एकजुटता का संकल्प दोहराया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा व जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले और होली की शुभकामनाएं दीं। देवीशंकर भूतड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली का यह पर्व सभी के जीवन में नया उत्साह और ऊर्जा भरे तथा एकता व भाईचारे को और प्रगाढ़ करे। भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट जीतमल प्रजापत ने कहा कि होली का पर्व रंगों के साथ-साथ भाईचारे और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है। सभी को अपने मतभेद भुलाकर इस पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाना चाहिए। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मंच संचालक ओम महावर ने सभी को हंसा हंसा कर लोटपोट किया व प्रसिद्ध लोक गायक रामदयाल अलबेला, चंग की थाप पर म्यूजिकल आर्केस्ट्रा टीम ने होली के रसीले गीतों व फाग गाकर समां बांध दिया। कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढोल-थाली की धुनों पर नृत्य करते हुए खुशी का इजहार किया।

आयोजन के दौरान अल्पाहार, शीतल ठंडाई की भी व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी ने आनंद लिया। जिला महामंत्री पवन जैन ने कहा कि इस तरह के आयोजन पार्टी की एकजुटता को मजबूत करते हैं और भाजपा नेतृत्व को क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाते हैं। मंडल महामंत्री संतोष जागृत ने बताया की इस अवसर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्षो का साफा माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला मंत्री बृजकिशोर शर्मा, शिव प्रकाश सामरिया, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर, मंडल अध्यक्ष रवि चौहान, विजय दगदी, सन्तोष रावत, प्रदीप रावत, जयसिंह सुहावा, कुशाल सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरेश मितल, डुंगरसिह रावत, मण्डल महामंत्री सत्येंद्र यादव, नवल किशोर मुरारका, बुधराज शर्मा, इन्दर सिंह बागावास, जितेंद्र कांवडिया, भूदेव आर्य, देवेन्द्र शर्मा, देवकीनंदन शर्मा, डी के जैन, सौभागमल खौरवाल, शंकरलाल जागरिवाल, प्रीति शर्मा, रेखा शर्मा, ललिता जालान, पुष्पा आसनानी, शशिबाला सोलंकी, रमेश दगदी, गोरी शंकर भाटी, सहित कई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, मण्डल पदाधिकारीगण, बुथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कई समाजो ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब चुनाव (मतदान) 29 मार्च को

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,( का.स. )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर के वार्षिक चुनाव 29 मार्च को सम्पन्न होंगे। चुनावों की मतगणना 30 मार्च को होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि क्लब के वार्षिक चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 20 मार्च को किया जाएगा। उन्होनें बताया कि अध्यक्ष एक पद, महासचिव एक पद, उपाध्यक्ष दो पद एवं कोषाध्यक्ष एक पद और कार्यकारिणी के दस पदों के लिए शुक्रवार, शनिवार 21 एवं 22 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 24 मार्च, नाम वापसी की तिथि 25 मार्च होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रबन्ध कार्यकारिणी के 15 पदों के लिए 29 मार्च 2025 को मतदान होगा।

# स्वानों के हमले में नीलगाय जख्मी, सर्जरी व ड्रेसिंग कर उपचार किया



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र के पांचूडाला स्थित ग्राम पंचायत पंच पहाड़ी में खेतों घूमते समय एक नीलगाय पर करीब डेढ़ दर्जन स्वानों ने हमला कर उसे लहुलुहान कर घायल कर दिया। घायल नीलगाय स्वानों के हमले से बचने के लिए दौड़ती हुई खेतों में लगे तारबंदी के जाल में फस गई। पास ही खेतों में फसल कटाई कर रहे किसानों ने यह देखा तो दौड़कर नीलगाय को तारों से बाहल निकाला और स्वानों को मौके से भगा दिया। साथ हि उन्होंने इसकी सूचना एलआई गोविन्द भारद्वाज को दी, तो भारद्वाज अपने जरूरी कामकाज को छोड़कर मौके पर पहुंचे और उन्होंने तुरंत नीलगाय का प्राथमिक उपचार शुरू किया। एलआई भारद्वाज ने बताया कि स्वानों के हमले में नीलगाय बूरी तरह जख्मी थी तथा लोहे के जाल में फसने से तारों के कंटीले तार शरीर में फसने से घाव भी बने हुए थे। जिसकी उन्होंने सर्जरी व ड्रेसिंग कर उपचार किया। वहीं जख्मी नीलगाय को पावटा वन कार्यालय में ले जाया गया है। इस दौरान वनकर्मी यादराम, धूडाराम सनवाल, राकेश यादव, राजेश प्रकाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय राजस्थान इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो का भव्य शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चौम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चौम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई में पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो का शुभारम्भ बुधवार को हुआ। ट्रेड एक्सपो में देश भर से आये 125 एक्जीटर्स ने अपनी स्टॉल्स के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे है।

कार्यक्रम की शुरुआत में मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य अरविन्द सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन रखा एवं उदयपुर और निकटवर्ती क्षेत्रो के सर्वांगीण विकास एवं पर्यटन क्षेत्र मेंउदयपुर को विश्वपटल पर विशेष पहचान दिलवाने हेतु उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर यूसीसीआई अध्यक्ष एम.एल. लुणावत ने कहा कि ट्रेड एक्सपो के माध्यम से संभाग में कार्यरत उद्यमियों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म मिलेगा जिसके फलस्वरूप उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा एवं अपने उद्योग एवं व्यापार को बढ़ने के लिए बिज़नेस की नई संभावनाओं एवं अवसरों को तलाशने का भी मौका मिलेगा। साथ ही उद्यमिता, स्टार्टअप्स एवं नए निवेश बढ़ावा मिलेगा जिससे रोजगार के विशेष रूप से ,आदिवासी क्षेत्रों में नए अवसरों का सृजन होगा। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया की नए उद्योगों को विभिन्न स्वीकृतियाँ देने की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाते हुए सरल किया जाए ताकि राज्य में ईज ऑफ़ डूइंग को बढ़ावा मिल सके। पीएचडीसीसीआई-राजस्थान चैप्टर के को-चेयरमैन जितेन्द्रसिंह राठौड़ ने कहा कि ट्रेड एक्सपो राइटेक्स एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र में निश्चित रूप से बढ़ोतरी होगी एवं नए नवाचारों के साथ विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। इस अवसर पर राठौड़ ने राज्य में स्थित सुदृढ़ पर्यटन क्षेत्र में नए नवाचारों एवं इसके सतत प्रयास को बढ़ावा देने हेतु राजस्थान टूरिज्म सम्मान की पहल के बारे में भी बताया, जिसका सम्मान वितरण समारोह 20-मार्च को तथास्तु रिसोर्ट में संपन्न होगा। यह पहल इस क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों को नए नवाचार बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी, श्री राठौड़ ने बताया। यूसीसीआई महा सचिव डॉ पवन तलेसरा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित करते हुए राइटेक्स के आयोजन से जुड़े पीएचडीसीसीआई, यूसीसीआई के सदस्य गण एवं अन्य हितधारकों एवं राज्य सरकार, एक्सहिबिटर्स का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सञ्चालन करते हुए क्षेत्रीय निदेशक आर के गुप्ता ने यूसीसीआई के पदाधिकारियों एवं स्थानीय विभागों एवं अन्य के अमूल्य सहयोग विशेष रूप से पीएचडीसीसीआई, उदयपुर कन्वीनर मुकेश माधवानी का आभार व्यक्त किया एवं सभी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## 12वीं पास बदमाश ने जेल में बैठकर तैयार किया नकली नोट फैक्ट्री का प्लान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ग्रामीण जिले के अमरसर थाना पुलिस की ओर से नकली नोट छापने के मामले में पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए है। आरोपी ने बताया कि नकली नोट की फैक्ट्री की साजिश उसने जेल में बैठकर रची थी। इस काम में उसने बीएड कर रहे दोस्त को पार्टनर बनाया। उसके पुश्तैनी मकान में ही प्रिंटर रखकर नोट छापना शुरू कर दिया था। दोनों बदमाशों ने असली 100 रुपए लेकर 500 रुपए (200 और 100) के नकली नोट बेचने का सौदा किया था। डिलीवरी देने जा रहे थे। तभी दोनों बदमाश सचिन यादव और सुरेंद्र सैन पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# द क्वीन मेकर्स अवार्ड कल

बढ़ता राजस्थान



उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। शी सर्किल इंडिया,एन आई सी सी, अरुणोदय इंपैक्स ,आईटी गुरुकुल के संयुक्त तत्वाधान में द क्वीन मेकर्स अवार्ड आगामी 21 मार्च को होटल विक्टोरिया मेंशन में आयोजित किया जायेगा। शी सिकल इंडिया की संस्थापक तारीका भानु प्रताप ने बताया कि यह सम्मान समारोह उन सभी पुरुषों को समर्पित है जो अपनी पत्नियों के लिए सबसे बड़ा सपोर्ट बनकर रहे हैं चाहे वह घर परिवार हो, बच्चे संभालना हो, पत्नी का जॉब हो या व्यवसाय हो हमेशा एक आदर्श पुरुष की तरह अपनी पत्नी के हित में वह उसके सहयोग में सदैव उसके साथ बने रहे हैं। उनका मानना है कि भारतीय संस्कृति के लिए यह सभी पुरुष जो योगदान अपनी पत्नियों के जीवन में उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं उन्हें यह अवार्ड मिलने से और भी प्रोत्साहन मिलेगा। यह अपने तरीके का आयोजित होने वाला पहला सम्मान समारोह है जिसमें पतियों को अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। एन आई सी सी की स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि इस अवार्ड में मुख्य अतिथि इंदिरा आईवीएफ के अजय मुर्ड़िया,प्रेम मार्बल के परमेश्वर अग्रवाल व विशिष्ट अतिथियों में सेंट्रल पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती अलका शर्मा होंगे।

इस सम्मान समारोह को आयोजित करने का उद्देश्य उन सभी पुरुषों को धन्यवाद देना है जो कहीं ना कहीं अपनी अर्धांगिनी के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### राजस्थानी सिनेमा महोत्सव और लोक संगीत का महासंगम पर सेमिनार का आयोजन सम्पन्न

# उदयपुर अपने आप में एक फिल्म सिटी लेकिन तकनीकी दृष्टि से यहां पर मिनी फिल्म सिटी का स्थापित होना जरूरी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पर्यटन कला एवं संस्कृति विभाग जवाहर कला केंद्र जयपुर तथा राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर सात दिवसीय राजस्थानी सिनेमा महोत्सव राजस्थानी सिनेमा और लोक संगीत का महासंगम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थानी फ़िल्म निर्माता निर्देशक विपिन तिवारी और राजस्थान लाईन प्रोडूसर मुकेश माधवानी ने राजस्थान सरकार द्वारा बनाई जा रही नई फिल्म पर्यटन नीति के बारे में जानकारी दी। प्रदेश भर में चलने वाली आयोजन के अंतर्गत उदयपुर में 100 फीट शोभागपुरा रोड अशोका पैलेस में सेमिनार का आयोजन हुआ जिसमें राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के संरक्षक और तीसरी, चौसर, पटेल, उड़ान जिंदगी की, बाहुबली राजस्थानी के निर्माता निर्देशक विपिन तिवारी ने राजस्थानी सिनेमा महोत्सव और लोक संगीत पर प्रकाश डाला।

तिवारी ने कहा कि उदयपुर में फिल्म सिटी का समर्थ करते हुए कहा कि वैसे तो उदयपुर अपने आप में ही एक फिल्म सिटी है। उदयपुर के पचास किलोमीटर के दायरे में कुदरत की दी हुई ऐसी मन भावन लोकेशन्स है जो हमें यहां रहते हुए भी विदेश में होने का अहसास कराती है। यहां पर छोटी फिल्म सिटी का होना अत्यन्त ही आवश्यक है।

उसका कारण है कि यहां पर प्राकृतिक लोकेशन्स तो बहुत ही खूबसूरत है, लेकिन उनके सेट्स नहीं बनाये जा सकते हैं। इस अवसर पर राजस्थानी सिनेमा विकास संघ के उदयपुर प्रभारी एवं फ़िल्म निर्माता मुकेश माधवानी भी उपस्थित थे।

## राज्य मंत्री गौतम दक का भांकरी पहुंचने पर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** सहकारिता और नागरिक उड्डयन विभाग के राज्यमंत्री गौतम कुमार दक मंगलवार को पावटा उपखंड क्षेत्र के ग्राम भांकरी पहुंचे। राज्य मंत्री दक के साथ भाजपा सिरोही जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी व कोटा के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। राज्य मंत्री दक के ग्राम भांकरी में पहुंचने पर क्षेत्रिय विधायक कुलदीप धनकड़ के नेतृत्व में उनका भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर अभिन्दन किया गया। इस दौरान प्रागपुरा के भाजपा मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह शेखावत, भाजपा नेता आशिष धनकड़, मंढा सरपंच शेरसिंह, एडवोकेट मनोज चौधरी, हेमन्त धनखड़, यादराम जांगल, रामोतार सिंह, रूप सिंह, रामकरण यादव, भीमसेन गुर्जर, कृष्ण यादव, सुलतान चौधरी, कृष्ण कुमार समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के आयुर्वेद पाण्डुलिपि विज्ञान विभाग द्वारा कार्यशाला के माध्यम से किया जा रहा है 400 वर्ष पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियों का ट्रांसक्रिप्शन

## देश-विदेश से आयुर्वेद और पांडुलिपि के विद्वानों द्वारा 15 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में सिखाया जा रहा है प्राचीन और दुर्लभ 6 पांडुलिपियों के ट्रांसक्रिप्शन का कार्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश की एकमात्र आयुर्वेद पांडुलिपि नोडल एजेंसी के रूप में स्थापित आयुर्वेद पांडुलिपि विज्ञान विभाग द्वारा आयुर्वेद से जुड़ी वर्षों पुरानी पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

15 मार्च से 29 मार्च तक राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन ,संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में चलने वाली इस राष्ट्रीय कार्यशाला में देश विदेश से पांडुलिपि के विद्वानों द्वारा 400 वर्ष तक कि पुरानी दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण ओर ट्रांसक्रिप्शन की प्रक्रिया को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में देश एवं विदेश से अध्यनरत छात्रों को इस राष्ट्रीय कार्यशाला के माध्यम से सिखाया जाएगा।

प्रो. बनवारी लाल गौड ने बताया आयुर्वेद पाण्डुलिपियों को मूल स्वरूप में ही संशोधन करके संरक्षण करने की आवश्यकता है जिससे आधुनिक आयुर्वेदज्ञों के लिये ऋषि-महर्षियों द्वारा प्रदत्त ज्ञान यथावत रह सके। प्रो गौड़ ने अपने 50 वर्षों के पांडुलिपि के अनुभव को प्रतिभागियों से साझा किया और वर्तमान में सुश्रुत संहिता पर स्वयं द्वारा लिखी जा रही टीका के विषय में बताया। उन्होंने कहा संस्कृत व्याकरण के शिक्षण पर भी जोर दिया, बिना संस्कृत व्याकरण के पांडुलिपि का कार्य असंभव है, पांडुलिपि के शब्दों की त्रुटि को पकड़ने के लिए छंद, संधि, समास प्रत्यय तथा कारकों आदि का ज्ञान आवश्यक है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा हजारों वर्षों पुरानी आयुर्वेद से जुड़ी दुर्लभ पांडुलिपियों और ग्रन्थों का संरक्षण करना बहुत जरूरी है। हमारे विद्वानों द्वारा इन वर्षों पुरानी पांडुलिपियों में बेहतर स्वास्थ्य के लिए लिखी गई जानकारी से आयुर्वेद में रिसर्च को बढ़ावा मिलेगा और इससे मिली जानकारी से आमजन को बहुत लाभ होगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए भी कहा कि जिनके पास भी आयुर्वेद से जुड़ी प्राचीन पांडुलिपि या कोई ग्रंथ है तो उसकी प्रति राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के पांडुलिपि विज्ञान विभाग में लेकर जरूर आए जिससे कि उसका संरक्षण किया जा सके और उस जानकारी से आमजन को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभ हो।

प्रो. मीता कोटेचा ने लोककल्याण हेतु पाण्डुलिपियों के संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन की अत्यधिक आवश्यकता है जिससे पाण्डुलिपियों में निहित गूढ़ ज्ञान आयुर्वेद चिकित्सकों के सामने आ सके।

### आयुर्वेद पाण्डुलिपि विज्ञान विभाग के नोडल अधिकारी

प्रो. असित कुमार पांजा ने 15 दिवसीय कार्यशाला के विषय में बताते हुए कहा इस कार्यशाला मे ओल्ड देवनागरी एवं देवनागरी लिपि मे लिखे हुये आयुर्वेद चिकित्सा के ज्ञान एवं शोध सम्बधित 6 पाण्डुलिपि का लिप्यान्तरन किया जा रहा है जो संपादन के पश्चात् आगे कि शोध् तथा मानव कल्याण के लिये प्रकाशित किया जायेगा। कार्यशाला में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर के पूर्व कुलपति प्रोफेसर बनवारीलाल गौड़, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा, प्रो. मीता कोटेचा, प्रो. गोपेश मंगल, प्रो. निशा गुप्ता, वियेना से डॉ क्रिस्टिना, डॉ लक्ष्मीधर, डॉ अनिर्बन दास, डॉ मुकेश चिंचोलिकर, डॉ राकेश नारायण ओर देश विदेश से पांडुलिपि और आयुर्वेद के विद्वान विद्यार्थियों को प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों के विषय में विभिन्न सेशन के माध्यम से जानकारी देने के साथ विद्यार्थियों से चर्चा कर रहे हैं।




# खराब हालत में मिनी ट्रक को जारी किया गया फिटनेस सर्टिफिकेट



बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजधानी जयपुर में बुधवार को विद्याधर नगर क्षेत्र में राजस्थान परिवहन विभाग ने एक मिनी ट्रक को बेहद खराब स्थिति में पाया गया। यह वाहन विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र से चांदपोल की ओर जा रहा था। विशेष चिंता की बात यह है कि इस वाहन को 18 मार्च 2025 को अजमेर रोड स्थित परिवहन विभाग के अधिकृत फिटनेस सेंटर द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किया गया था। लेकिन मौके पर जांच करने पर वाहन की स्थिति पूरी तरह असंतोषजनक पाई गई।

राजस्थान परिवहन निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि वाहन की स्थिति इतनी खराब थी कि इसे सड़क पर चलाना ही खतरनाक था। जांच में वाहन का बॉडी स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त एवं जर्जर हालत में था। वहीं पूरे वाहन पर अत्यधिक लेखन और पेंट न होने के कारण यह जंग लगा हुआ दिख रहा था। स्टीयरिंग सिस्टम और वायरिंग अत्यंत खराब स्थिति में थे। इसके साथ ही दरवाजे, फ्लोर, रिंग्स, लॉक सभी बेहद जर्जर थे, जिससे वाहन की संरचनात्मक मजबूती पर सवाल खड़े होते हैं। इसके अलावा वाहन के केबिन के दरवाजे एक सूती पट्टी से बंधे हुए थे और खुल नहीं रहे थे। इंजन से तेल का रिसाव हो रहा था, जिससे आग लगने जैसी दुर्घटनाओं का खतरा था। स्टीयरिंग मैकेनिज्म पूरी तरह निष्क्रिय था, जिसे सामान्य भाषा में 'लेमन बाय लेमन' कहा जा सकता है।

### कैसे मिला फिटनेस सर्टिफिकेट?

वाहन चालक जमीला खान के अनुसार वह 18 मार्च की शाम फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए अजमेर रोड स्थित फिटनेस सेंटर गया था, लेकिन वहां किसी भी तरह की जांच नहीं की गई और सीधे फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया।

# नारेंहडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नारेंहडा ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन न्यू ईरा पब्लिक स्कूल नारेंहडा में ब्लाक अध्यक्ष सतीश निमोरिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सरलेश सिंह राणा प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं विधानसभा प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सिंह यादव कार्यकारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस,जगदीश मीणा प्रदेश सचिव कांग्रेस सचिव, एवं पुरणसिंह तंवर, गोकुल सरपंच, जगमाल सिंह यादव सरपंच , राहुल मीणा, हंसराज योगी,विजेन्द्र जांगिड़,सुनिल जांगिड़, सतीश मांडैया, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष उदय तोंदवाल,हनुमान सैनी ,सरदार सिंह यादव,छितरमल रावत, रोशन लाल, विरेन्द्र शर्मा,मनोहर लाल सैनी,छितरमल सैनी, गजेन्द्र सिंह वर्मा, नानक राम सैनी, जयराम सैनी,इन्दजीत सैनी, रिना शर्मा, धोली देवी,अनुराधा कंवर,अन्जु राठी,संजु शेखावत,कांता, कमलेश, अनुराधा कंवर एवं बहुत सारे पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा स्थानीय शाखा जयपुर के अध्यक्ष पद हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा स्थानीय शाखा जयपुर के अध्यक्ष पद हेतु कल से नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो रही है। मुख्य चुनाव अधिकारी महेश विजयवर्गीय एवं सहायक चुनाव अधिकारी उमाकांत विजयवर्गीय ने बताया की जो सदस्य इच्छुक हो अपना नामांकन प्राप्त कर सम्पूर्ण प्रकिया में भाग लेवे । सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया चुनाव कार्यालय 47/4 शक्ति नगर जे एल एन मार्ग जयपुर से होंगी । नामांकन प्राप्त और जमा 20,21 मार्च 2025 प्रात: 8 से 12 बजे जाँच 21मार्च को 3से 4बजे तक, वैध /अवैध फार्म की सूची 4.30 बजे, नाम वापसी 6 से 8 बजे तक शेष बचे नामांकन की सूची जारी 22 मार्च को प्रात: 9.30 बजे होंगी । समस्त स्थानीय शाखा जयपुर के सदस्यों से आग्रह है की समाज के उत्थान एवं सर्वणिम विकास में भागीदार बनते हुए पुनीत कार्य में सह भागी बने ।

# नाक तलाई नाले की मरम्मत और छपाई की मांग

## पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर खान ने यूडीएच मंत्री को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (बाबू अंसारी)।** नगर निगम हेरिटेज वार्ड 26, 29 और 30 के अंतर्गत आने वाले नाक तलाई नाले की दयनीय स्थिति को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम और प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। वार्ड 30 की पार्षद जमीला बेगम और पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद शाकिर खान ने राज्य के शहरी विकास एवं आवास (ष्ठ॥) मंत्री झाबर सिंह खर्रा को ज्ञापन सौंप कर नाले की मरम्मत और छपाई की मांग की।मोहम्मद शाकिर खान ने बताया कि नाले की छपाई के लिए पहले ही टेंडर जारी किया जा चुका था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नाले की दीवारें कई स्थानों पर टूट चुकी हैं, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।

बारिश के मौसम में यह समस्या और विकराल हो सकती है, जिससे जान-माल के नुकसान की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने भी जल्द से जल्द नाले की मरम्मत और छपाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए प्रताप नगर थाने के पुलिस कांस्टेबल कन्हैयालाल को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल कन्हैयालाल एक केस में पीड़ित को 4 फरवरी से बार-बार धमका रहा था। पीड़ित ने एसीबी में शिकायत कर बताया था कि प्रताप नगर थाने के पुलिस कांस्टेबल कन्हैयालाल 10 हजार रुपए मांग रहा है। धमकी देकर ये भी कह रहा है-4 घंटे का रास्ता है, उठा कर ले जाऊंगा। इससे परेशान होकर वह एसीबी पहुंचा और शिकायत दी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर प्रथम जयपुर टीम को पीडित ने शिकायत दी कि पुलिस थाना प्रताप नगर का कांस्टेबल कन्हैयालाल की ओर से परिवादी को वरुण से खरीदे गए कैमरे के संबंध में थाना प्रताप नगर पर दर्ज रिपोर्ट में मामला निपटाने तथा कानूनी अड़चन में नहीं फंसाने की एवज में रिश्वत राशि की मांग कर रहा है।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीद की तैयारियों का लिया जायजा

## एमएसपी पर खरीद प्रकिया में पारदर्शिता रखें, किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें- एडीएम

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने बुधवार को कृषि उपज मंडी एवं कोटपूतली क्रय विक्रय सहकारी समिति का निरीक्षण कर समर्थन मूल्य खरीद (एमएसपी) की तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये. उल्लेखनीय है की जिले में 1 अप्रैल से 30 जून तक समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी. जिसमें सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रूपए एवं चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपए निर्धारित किया गया है।अतिरिक्त जिला कलक्टर ने निरिक्षण के दौरान तुलाई मशीन, पर्याप्त बारदाना, मोइश्चर मीटर और भण्डारण व्यवस्था का जायजा लेकर सम्बंधित अधिकारीयों को किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं चाक चोबंद रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा की मंडी में आने वाले किसानो के लिए उचित पेयजल व बैठने के स्थान सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. इस दौरान उन्होंने मिड-डे मिल में काम आ रहे गेहूं एवं चावल की गुणवत्ता का जायजा लिया एवं उपज के उचित भंडारण एवं साफ़ सफाई के निर्देश दिए. उन्होंने किसानों के हित में पूर्ण पारदर्शिता के साथ एमएसपी पर खरीद की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा जिससे की किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।





प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 67/2025

चूंकि श्री निर्मल कुमार जैन पुत्र श्री घीसा लाल जैन निवासी ए-123, सुभाष नगर, शॉपिंग सेन्टर, जयपुर, 302016 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री महावीर रेस्पेरेटरी एण्ड रिसर्च सेन्टर कार्यालय पता-ए-123, सुभाष नगर, शॉपिंग सेन्टर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जाच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनाक 19/2/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 30/4/25

सहायक उपायुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग,जयपुर


## कोटपूतली में डीजे कोर्ट खोले जाने का मामला

# अधिवक्ताओं ने बनाई बड़े आन्दोलन की रूपरेखा

## अधिवक्ताओं की पेन डाउन हड़ताल व क्रमिक अनशन बुधवार को भी रहा जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला मुख्यालय कोटपूतली में जिला एवं सत्र न्यायालय एवं इसके समकक्ष न्यायालय खुलवाये जाने की मांग को लेकर जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ताओं द्वारा शुरू की गई पेन डाउन हड़ताल व धरना प्रदर्शन स्थानीय न्यायालय परिसर में बुधवार को भी बदस्तुर जारी रही। उल्लेखनीय है कि जिला अभिभाषक संघ के तत्वाधान में अधिवक्ता विगत 35 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं विगत 21 दिनों से अधिवक्ताओं की क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल बुधवार को भी लगातार जारी रही। इस दौरान संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर के नेतृत्व में डीके सैनी, बदलूराम, सुशील यादव, निरंजन कुमावत व नवीन कुमार मीणा आदि अधिवक्ताओं ने क्रमिक अनशन किया। धरने को सम्बोधित करते हुये अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक कोटपूतली में डीजे कोर्ट खुलवाने के लिये हरसम्भव संघर्ष किया जायेगा। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने धरना स्थल पर आगामी आन्दोलन की रूपरेखा भी बनाई। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग एक माह से अधिक समय से जारी हड़ताल के कारण यहाँ के विभिन्न न्यायालयों में लगभग 20 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई लम्बित हो चुकी है।

पक्षकार न्यायालयों से बैरंग वापस लौट रहे है। साथ ही विभिन्न कार्य भी ठप पड़े है। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन भी किया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर का कहना है कि जब तक कोटपूतली मुख्यालय पर डीजे कोर्ट नहीं खुल जाता, तब तक क्रमिक अनशन व भूख हड़ताल निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरान सभी सैशन न्यायालय, सिविल एवं राजस्व न्यायालयों में सम्पूर्ण रूप से पेन डाउन हड़ताल भी रखी जायेगी। इस दौरान समस्त सैशन, सिविल व रेवन्यू कोर्ट में पेन डाउन हड़ताल के साथ-साथ न्यायिक कार्यो का बहिष्कार रहेगा।

साथ ही एसडीएम, तहसील न्यायालय व सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भी हड़ताल रखी जायेगी एवं समस्त स्टाम्प वेंडर, डीडराईटर भी हड़ताल में शामिल हैं।इस दौरान उपाध्यक्ष रंजीत सिंह वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, सचिव हेमंत शर्मा,वरिष्ठ अधिवक्ता रीछपाल सिंह चौधरी, अशोक कुमार सैनी, जितेन्द्र रावत, राजेन्द्र चौधरी,सागरमल शर्मा, अमरसिंह पूनिया,चेतराम रावत, ओमप्रकाश सैनी, नवीन मीणा, विकास मीणा, मुकेश यादव, सुरेश चंद मीणा, योगेश सैनी, के के शर्मा, सुभाष चंद गुर्जर, राजाराम, अमरसिंह यादव, विजय सैनी, धर्मवीर, नवीनकुमार सैनी,बहादुर मीणा, मौहम्मद इस्माईल, महेश मीणा, शिवकुमार शर्मा व अशोक आर्य समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।




कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड टोंक

क्रमांक:-अअ टोंक/जन.स्वा./निविदा/2024-251 6314-6323 दिनांक 11/3/25

निविदा सूचना 95-96/2024-25 के लिये नोट प्रकाशन

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीनस्थ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा में अंकित दिवस तक किसी भी कार्य दिवस को निविदा शुल्क राशि नकद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्रों का निविदा शुल्क खजांची को नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट से धरोहर राशि के साथ जमा कराना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेंगी।

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | खण्ड टोंक के अधीन विभिन्न कार्य। |
| NIB No. | PHE2425A5234, |
| UBN NO | WSRC11498, PHE2425WSRC11498, PHE 2425WSRC11499 |
| निविदा बेचने की तारीख | 27.03.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क जमा कराने की तारीख | 27.03.2025 सायं 6.00 बजे तक |
| धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | 28.03.2025 दोपहर 1.30 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की तारीख | 28.03.2025 प्रात: 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 28.03.2025 दोपहर 3.00 बजे तक |

संवेदक Rajasthan Public Procurement Portal वेबसाईट से उक्त निविदा का विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

(कालूराम मीना)
अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य
अभियांत्रिकी विभाग खण्ड टोंक।

## सम्पादकीय

# भारत-अमेरिका सहयोग पर लगेगा ब्रेक या बढ़ेगा भरोसा? तुलसी गबार्ड की यात्रा से मिले बड़े संकेत

ऐसे समय में जब अमेरिकी राष्ट्रपति के भारी शुल्क थोपने को लेकर भारत में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं, दोनों देशों के बीच सहयोग के रिश्तों में रुकावट आने का अनुमान लगाया जा रहा है, अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा कई अर्थों में महत्त्वपूर्ण है। गबार्ड ने प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से मुलाकात की और कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने जिस तरह आतंकवाद, रक्षा, सुरक्षा और सूचनाओं को साझा करने जैसे मुद्दों पर बेबाक ढंग से ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया और भारत की चिंताओं पर सहयोग का भरोसा दिलाया, उससे साफ हो गया कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्तों में खटास की आशंकाओं में कोई दम नहीं है। गबार्ड ने स्पष्ट कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्लामिक आतंकवाद खत्म करने को लेकर गंभीर हैं। आतंकवाद ने हमें चारों ओर से घेर लिया है और इसका दूरगामी असर पड़ेगा। उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश का नाम लेकर आतंकवाद और सांप्रदायिक उन्माद से निपटने पर जोर दिया। दरअसल, भारत और अमेरिका के संबंध केवल व्यापारिक मुद्दों से नहीं जुड़े हैं। दोनों के बीच आतंकवाद भी एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। इसके खिलाफ युद्ध छेड़ने का दोनों का साझा वादा है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ गबार्ड की बैठक में सुरक्षा और सूचनाओं के साझाकरण पर विशेष रूप से बातचीत हुई। रक्षामंत्री ने खालिस्तानी अलगाववादियों पर अंकुश लगाने का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों पर अमेरिका प्रतिबंध लगाए। अगर ट्रंप प्रशासन इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठाता है, तो भारत के लिए पन्नू जैसे अलगाववादियों के खिलाफ नकेल कसने में आसानी होगी। ये अलगाववादी अमेरिका और ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों की नागरिकता प्राप्त कर सुरक्षा घेरे में पहुंच गए हैं। भारत लगातार उनके खिलाफ दस्तावेज पेश करता रहा है, मगर अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के कानून कुछ ऐसे हैं कि भारत-विरोधी गतिविधियों के आरोप में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। अमेरिका अगर इस दिशा में कोई कड़ी पहल करता है, तो स्वाभाविक रूप से ब्रिटेन और कनाडा पर भी ऐसा करने का दबाव बनेगा। गबार्ड ने आतंकी गतिविधियों के संदर्भ में पाकिस्तान का विशेष रूप से उल्लेख किया। यह बात पूरी दुनिया को पता है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की पनाहगाह बन चुका है। विश्व व्यापार संगठन कार्यालय पर हमले के बाद अमेरिका ने जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ शिकंजा कसने की कोशिश की थी, वह बाद में शिथिल पड़ गई। इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है। ट्रंप प्रशासन एक नई विश्व व्यवस्था बनाने के दावे कर रहा है। हालांकि उसका जोर फिलहाल आर्थिक गतिविधियों को संतुलित और कारगर बनाने पर अधिक नजर आ रहा है। मगर सामाजिक और राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां अपने लक्ष्य तक कभी नहीं पहुंच सकतीं।

इसलिए जब तक अमेरिका अपने कूटनीतिक नफा-नुकसान का गणित लगाए बगैर आतंकवाद से लड़ने की रणनीति नहीं बनाता, तब तक इस समस्या से पार पाना कठिन ही रहेगा। अभी तक आतंकवाद की पहचान ही ठीक से तय नहीं की गई है। जो भारत की नजर में आतंकवाद है, वही चीन की नजर में दो देशों का निजी मामला बन जाता है। इसमें अमेरिका का गंभीर हस्तक्षेप ही किसी उल्लेखनीय नतीजे तक पहुंचने में मदद कर सकता है। बहरहाल, गबार्ड की यात्रा से भारत-अमेरिका संबंधों में नए सिरे से गर्मी लौटी है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 20 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक की 1351 में मृत्यु हुई।
- यूनाइटेड डच ईस्ट इंडिया कंपनी की 1602 में स्थापना हुई थी।
- दिल्ली सल्तनत पर नादिरशाह ने 1739 में कब्ज़ा किया।
- नामीबिया की स्वतंत्रता की घोषणा 1990 में आज के दिन अर्धरात्रि की गयी।
- सी. एफ. एंड्रूज महात्मा गांधी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने 1904 में भारत आये।
- अल्बर्ट आइंस्टीन की किताब जनरल थ्योरी ऑफ रिलेटिवली का प्रकाशन 1916 में हुआ।
- लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच 1920 में पहली उड़ान शुरू हुई।
- नासा ने 1987 में पाला बी 2 पी की शुरुआत की।
- फ्रांस से ट्यूनीशिया को 1956 में आजादी मिली।
- सोवियत संघ ने 1956 में परमाणु परीक्षण किया।
- लंदन वेस्टमिनिस्टर के सेंट्रल हॉल में प्रदर्शनी के लिए रखा गया फुटबॉल वर्ल्ड कप 1966 में चोरी हुआ था।
- 11977 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी लोकसभा चुनाव में पराजित हुई थी।
- अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति इसाबेल पेरोन को 1981 में आठ वर्ष की सजा हुई।
- अमेरिकी सरकार द्वारा एड्स के इलाज के लिए दी जाने वाली यह पहली दवा एंटी एड्स दवा को फूड एंड ड्रग एडमिनिशट्रेशन ने 1987 में मंजूरी दी।
- फ्रांस ने 1982 में परमाणु परीक्षण किया।
- बेगम ख़ालिदा जिया 1991 में बांग्लादेश की राष्ट्रपति बनी।
- टोक्यो में भूमिगत रेल मार्ग में 1995 में विषैली गैस के लीक होने से लगभग 15 लोगों की जान गई और हजारों लोग घायल हुए।
- इराक पर अमेरिका ने 2003 में हमला शुरू किया।
- अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री ने 2006 में यह दावा किया कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान छिपा है।
- गौरैया नाम के चिड़िया को बचाने के लिए 2010 में पहली बार 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया गया।

### 20 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- मुग़ल बादशाह शाहजहाँ और मुमताज़ महल का सबसे बड़े पुत्र दारा शिकोह का जन्म 1615 को हुआ।
- अंग्रेज़ अधिकारी एवं इतिहासकार, कर्नल टॉड का 1782 में जन्म।
- भारतीय गायक अलका याग्निक का 1966 में जन्म।
- भारतीय पहले गोल्फ खिलाड़ी अर्जुन अटवाल का 1973 में जन्म।
- भारतीय अभिनेत्री कंगना राणावत का 1987 में जन्म।

### 20 मार्च को हुए निधन

- दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक का निधन 1351 को हुआ।
- महान् गणितज्ञ, भौतिक वैज्ञानिक, ज्योतिर्विद एवं दार्शनिक आइज़ैक न्यूटन का निधन 1727 को हुआ।
- भारत के क्रांतिकारी नेता एस. सत्यमूर्ति का निधन 1943 को हुआ।

# टेक्नालॉजी का दौर, ऑनलाइन गेमिंग की गिरफ्त रियल लाइफ की जगह वर्चुअल दुनिया में खो रही है युवा पीढ़ी



किरोड़ी लाल मीना
वरिष्ठ सहायक, सहायक जनसंपर्क निदेशक कार्यालय, सवाई माधोपुर

**वर्तमान समय का ये दौर टेक्नालॉजी का है युवा पीढ़ी के लिए मोबाईल ऑक्सीजन जितना जरूरी हो गया हैं। इस दौर में बच्चे हो या बुर्जग सब मोबाईल का आवश्यकता से अधिक उपयोग कर रहे हैं। वहीं देश की युवा पीढ़ी, खासकर किशोर और युवा वयस्क। टेक्नालॉजी के इस दौर में मोबाइल और इंटरनेट की आसान उपलब्धता के कारण ऑनलाइन गेम्स की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। ये गेम्स शुरू में मनोरंजन के लिए खेले जाते हैं, लेकिन धीरे-धीरे इनकी लत लगने से कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। युवा अपना समय, पैसा और मानसिक शांति इन गेम्स में खो रहे हैं। धीरे-धीरे इन गेम्स की लत इतनी गहरी हो जाती है कि पढ़ाई, करियर और पारिवारिक रिश्तों पर बुरा असर पड़ता है।**




**आनलाइन गेमिंग की लत क्या लगती है :** ऑनलाइन गेमिंग में पैसा कमाने का लालच युवाओं को जोखिम भरे रास्तों पर ले जा रहा है, युवा सट्टेबाजी या अनैतिक गतिविधियों में लिप्त हो रहे हैं। गेम्स को इस तरह डिज़ाइन किया जाता है कि वे खेलने वाले के दिमाग में डोपामाइन (खुशी का केमिकल) रिलीज़ करते हैं। हार जीत, नया लेवल या रिवॉर्ड खिलाड़ी को बार-बार खेलने के लिए प्रेरित करता है साथ ही युवाओं को जल्दी अमीर बनने की चाहत एवं पैसे का लालच की लत भी इसको बढ़ावा देता है एवं युवाओं को अपनी ओर खींच लेता है। लोगों को पढ़ाई, नौकरी या घर के तनाव से बचने के लिए गेमिंग एक आसान रास्ता लगता है।

**युवा पीढ़ी पर प्रभाव :** युवा हो या बजुर्ग अधिक समय तक मोबाईल की स्क्रीन के सामने बैठने से आँखों की रोशनी कम होना, सिरदर्द, नींद की कमी और मोटापा जैसी समस्याएं तो बढ़ ही रही है। वहीं गेम में हारने पर मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है गुस्सा, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन और आत्मविश्वास की कमी होने लगती है कई बार लोग इतने डिप्रेशन में आ जाते है की आत्महत्या तक कर लेते है। इनकी लत से दोस्तों और परिवार से दूरी हो जाती है रियल लाइफ रिश्तों की जगह वर्चुअल दुनिया में खो जाते है। युवाओं का पढ़ाई में ध्यान नहीं लगता है जिससे भविष्य के अवसरों का नुकसान युवा पीढ़ी का उठाना पड़ रहा है। ऑनलाइन गेमिंग अपने आप में गलत नहीं है एक सीमा में रहकर खेला जाए तो तनाव दूर करने और कौशल बढ़ाने का साधन भी हो सकता है। लेकिन जब इसकी आदत या लत लग जाती है तो यह युवा पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल सकता है।

**इससे कैसे निपटा जाए :** अभिभावक, माता-पिता और शिक्षकों को टेक्नॉलोजी के इस युग में अपने बच्चों एवं युवा पीढ़ी को गेमिंग के फायदे-नुकसान के बारे में समझाना चाहिए एवं बच्चों के मोबाईल उपयोग की समय की सीमा तय करनी चाहिए। गेमिंग को हॉबी की तरह सीमित समय के लिए रखा जा सकता है। साथ युवाओं को खेल, पढ़ाई और परिवार के लिए समय निकालने के लिए प्रेरित करना चाहिए। माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चों के गेमिंग पैटर्न एवं मोबाईल पर नज़र रखें एवं पैरेंटल कंट्रोल टूल्स का इस्तेमाल करें ताकि अनचाहे खर्चे और कंटेंट से बचा जा सके। युवाओं एवं बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों खेलकूद, संगीत, कला या किताबें जैसी चीज़ों में रुचि बढ़ाएं जाने के लिए प्रेरित करें ताकि गेमिंग ही एकमात्र मनोरंजन न रहे। अगर लत गंभीर हो जाए, तो प्रोफेशनल से काउंसलिंग कर मदद लें। मनोवैज्ञानिक गेमिंग एडिक्शन से बाहर निकालने में मदद कर सकते हैं। एक सर्वे के मुताबिक देश के 10 में से 6 युवा दिन में 3 घंटे से ज्यादा गेमिंग के लिए मोबाईल या कम्प्यूटर में अपना समय खर्च करते हैं, जो उनकी सेहत और पढ़ाई पर असर डालता है। ऑनलाइन गेमिंग की अति और गलत इस्तेमाल नई पीढ़ी को बर्बाद कर सकता है। यह एक सिक्के के दो पहलुओं जैसा है सही तरीके से इस्तेमाल हो तो मज़ा और सीख देता है, लेकिन बेकाबू हो जाए तो नुकसान। कई देशों में गेमिंग डिस ऑर्डर को मानसिक बीमारी के रूप में मान्यता दी जा चुकी है सरकार द्वारा भी ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार को स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की आवश्यकता हैं ताकि बच्चे शुरू से ही इसके सही इस्तेमाल को समझ सकें। वर्तमान समय में जरूरत है जागरूकता की, संतुलन की, ओर माता-पिता व समाज की ओर से सही मार्गदर्शन की, ताकि युवा इस चक्कर में फंसकर बर्बाद

# विश्व गौरैया दिवस पर विशेष
# गौरैया के अस्तित्व पर गहराता संकट



हर्षवर्धन पाण्डे

**विश्व गौरैया दिवस गौरैया के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 20 मार्च को मनाया जा रहा है। विकास की अत्याधुनिक चमचमाहट के बीच प्रकृति में गौरैया की अनदेखी हो रही है जो बड़ा चिंताजनक संकेत है। कभी हमारे आंगन में गौरैया की चहलकदमी होती थी आज वह सब सूने पड़े हुए हैं। विश्व गौरैया दिवस को मनाने की वजह गौरैया के अस्तित्व को बचाना है।**

विश्व गौरैया दिवस की अवधारणा की कल्पना एक भारतीय पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर ने की थी। भारत और दुनिया भर में गौरैयों की आबादी में तेजी से गिरावट के बारे में चिंतित दिलावर ने 2005 में नेचर फॉरएवर सोसाइटी की स्थापना की जो घरेलू गौरैया और अन्य सामान्य वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध एक गैर-लाभकारी संगठन है। पहला विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च, 2010 को मनाया गया था। गिरती गौरैया की आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व गौरैया दिवस का बहुत महत्व है। यह दिन पर्यावरण के साथ गौरैयों के परस्पर जुड़ाव, जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने पर जोर देता है। यह सामुदायिक जुड़ाव, शैक्षिक कार्यक्रमों और नीति की वकालत के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है,जिसमें गौरैयों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक प्रयासों का आग्रह किया जाता है। घरेलू गौरैया दुनिया में सबसे व्यापक और सामान्य तौर पर देखा जाने वाला जंगली पक्षी है।इसे यूरोपीय लोगों द्वारा दुनिया भर में पहुँचाया गया और अब इसे न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी अमेरिका, भारत और यूरोप सहित दुनिया के दो-तिहाई भूभाग पर देखा जा सकता है।यह केवल चीन, इंडो-चीन, जापान एवं साइबेरिया और पूर्वी व उष्णकटिबंधीय अफ्रीका आदि क्षेत्रों में अनुपस्थित है। दुनियाभर में गौरैया की दर्जनों प्रजातियां हैंलेकिन भारत में हाउस स्पैरो, स्पेनिश स्पैरो, सिउ स्पैरो, रसेट स्पैरो, डेट सी स्पैरो व ट्री स्पैरों मिल जाती हैं जिनमें इनमें सबसे अधिक हाउस स्पैरो बहुतायत हैं। गौरैया एक बहुत छोटा पक्षी है जिसका वजन 25 से 40 ग्राम और लंबाई 15 से 18 सेमी होती है जो 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकती है। गौरैया मादाओं की तुलना में अधिक रंगीन होती हैं जिनके पंखों पर काले, सफेद और भूरे रंग के निशान होते हैं। गौरैयाको उनके मधुर गीतों के लिए जाना जाता है, जिनका उपयोग वे साथियों को आकर्षित करने और अपने क्षेत्रों की रक्षा करने के लिए करते हैं। एक गौरैया का औसत जीवनकाल 2 -3 वर्ष है लेकिन कुछ व्यक्ति 5 वर्ष या उससे अधिक तक जीवित रह सकते हैं। गौरैया अपने पूरे जीवन में केवल एक ही साथी के साथ संभोग करती हैं। वे अक्सर साल दर साल एक ही घोंसले के स्थान पर लौटते हैं। घरेलू गौरैया मादा हर साल 4 से 5 अण्डे देती है जिनमें से 12 से 15 दिन बाद बच्चों का जन्म होता है। इनकी एक महत्वपूर्ण क्षमता होती है यह आकाश में उड़ने के साथ-साथ पानी के भीतर तैरने की क्षमता भी रखते हैं। गौरैया झुंडों के रूप में जानी जाने वाले घरों में रहती हैं। गौरैया अपने घोंसले का निर्माण खुद से कर लेती हैं। हाउस स्पैरो मानव आवास के साथ आसानी से जुड़ जाती हैं। नर गौरैया की गर्दन पर काली पटटी व पीठ का रंग तम्बाकू जैसा होता है जबकि मादा की पीठ पर पटटी भूरे रंग की होती है। इनका जीवन सरल घर बनाने की जिम्मेदारी नर की व बच्चों की जिम्मेदारी मादा की होती है। मौजूदा दौर में गौरैया की आबादी में गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जिनमें शहरीकरण और निर्माण में कंक्रीट के बढ़ते उपयोग के कारण हरित स्थानों में उल्लेखनीय कमी आई है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं वरिष्ठ श्रेणी के आईएएस अधिकारी हैं श्री शिखर अग्रवाल सर। 9 जुलाई सन 1970 को कानपुर में जन्में बहुत ही हँसमुख स्वभाव के अधिकारी हैं शिखर सर। बी.टेक(सिविल इंजीनियरिंग) करने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए और आज अतिरिक्त मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान जयपुर रहे। प्रमुख शासन सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान जयपुर। अध्यक्ष, राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर। प्रमुख शासन सचिव, जनजाति क्षेत्रीय विकास, जयपुर। सदस्य, राजस्व मण्डल, अजमेर। प्रमुख शासन सचिव, जल संसाधन विभाग, राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग एवं इन्दिरा गाँधी नहर विभाग, राजस्थान, जयपुर। शासन सचिव, जल संसाधन विभाग, राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग एवं इन्दिरा गाँधी नहर विभाग, राजस्थान जयपुर। आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर। महानिदेशक (रोजगार एवं प्रशिक्षण) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, सरकार नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद में सलाहकार के निजी सचिव, नई दिल्ली जैसे बड़े और अहम पद पर भी रहे। निदेशक, राजस्व विभाग, भारत सरकार,नई दिल्ली। सदस्य, राजस्व बोर्ड, राजस्थान अजमेर। कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, बीकानेर। विशेष सचिव, सरकार पीएचईडी, राजस्थान, जयपुर। जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर। प्रबंध निदेशक, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अजमेर। उप सचिव, सरकार उद्योग विभाग, राजस्थान जयपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, हनुमानगढ़। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जालोर रहे जहां साढ़े तीन साल कलेक्टर के पद पर रहे। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर। उप सचिवए सरकारए वित (कर) विभाग, राजस्थान जयपुर।



श्री शिखर अग्रवाल
( वरिष्ठ श्रेणी के आईएएस

उप सचिव, सरकार कमांड एरिया डेवलपमेंट, राजस्थान जयपुर। अलवर प्रभारी सचिव पद के दौरान आपकी कार्यशैली देखने को मिली। अपने अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ बेहतरीन तालमेल और माकूल व्यवहार बनाकर आपने अपना कद बहुत ऊँचा बनाया हुआ है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_075
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | 3 | | 1 | 4 | |
| 1 | 6 | | 7 | 5 | | 2 | | 3 |
| 2 | | | | | 6 | | 5 | 9 |
| | 2 | 8 | 3 | | | 9 | 6 | |
| 6 | | | | | | 3 | | |
| 3 | 5 | | | 6 | 1 | 8 | 2 | |
| 5 | | 6 | | 2 | | | 3 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | | 8 | | 9 | |
| | | 2 | 5 | 9 | | | 1 | |

**Ans_2025_074**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 8 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 |
| 8 | 3 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

**वृष**
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

**मिथुन**
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। काम में सफलता का योग है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

**कर्क**
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है।

**सिंह**
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

**कन्या**
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है। स्वास्थ्य बना रहेगा। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

**तुला**
शारीरिक-मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा।

**वृश्चिक**
कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

**धनु**
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे।

**मकर**
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।

**कुंभ**
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा।

**मीन**
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# नाले में मिला जला शव, अगले माह होनी थी शादी

## मृतक दौसा जिले में विद्यालय में लैब असिस्टेंट था

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** भाडौती कस्बे के समीप दुब्बी बनास बालाजी मंदिर के पास नाले में एक युवक को जला शव मिलने से सनसनी फैल गई। खेतों पर कार्य करने जा रहे किसानों ने जानकारी लगने पर सूरवाल थाना पुलिस को सूचना दी। सूरवाल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। शव के पास एक पेट्रोल की बोतल, माचिस और बाइक में सुसाइड नोट मिला। शव की पहचान सुरेश कुमार रैगर (25) पुत्र रामकिशोर निवासी मोरपा कुंडली थाना बाटोदा के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की अगले माह शादी होनी थी। ऐसे में परिवार में खुशियों का माहौल था। लेकिन बेटे के शव मिलने की सूचना पर परिवार में शोक छा गया। सूरवाल थाना अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि मंगलवार को किसान एवं ग्रामीण की सूचना पर मौके पर पहुंचे, जहां दुब्बी बिंदरखां रीको एरिया के सामने बालाजी मंदिर के पास एक जला हुआ शव मिला था। पुलिस ने शव और यहां खड़ी बाइक को कब्जे में लिया। इसके बाद पुलिस ने युवक के सामानों की तलाशी ली। पुलिस को युवक की बाइक में डिग्गी में 500 रुपए, दस्तावेज और एक सुसाइड नोट मिला। बाइक के पास में ही एक स्टील की बोतल व माचिस भी मिली। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया गया। यहां पहुंचकर एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए।

### हत्या का मामला दर्ज

पिता रामकिशोर ने बताया कि उनका बेटा सोमवार सुबह 9 बजे खाना खाकर स्कूल जाने की कह कर निकला था। वह हायर सेकेंडरी स्कूल मंडावरी दौसा में लेब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत था। शाम को घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने तलाश की। जिसके बाद वह बाटोदा थाने पहुंचे। जहां सुरेश की लोकेशन दुब्बी आई। वह पुलिस के साथ दुब्बी पहुंचे, लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा। सुबह पुलिस ने शव मिलने की सूचना दी। पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दी। इस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

### 14 को होनी थी शादी

सुरेश का लग्न टीका 27 मार्च का था और शादी 14 अप्रेल को होनी थी। सुरेश कुमार तीन भाइयों में मंझला था। इससे पहले ही यह दुःखद हादसा सामने आया। रामकिशोर का कहना है कि उसके बेटे की हत्या की गई। उन्होंने पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### सुसाइड नोट में लिखा जिंदगी जीने लायक नहीं

मरने वाले युवक ने जो सुसाइड नोट छोड़ा, उसमें लिखा कि मेरा शरीर जिंदगी जीने लायक नहीं है। शरीर साथ नहीं दे रहा है। मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है। मेरी पूरी जिंदगी अच्छी नहीं रही, हीनभावना से ग्रसित रही। इसलिए मुझे कोई तकलीफ नहीं होगी। इन सबके लिए मैं सिर्फ अपनी किस्मत को जिम्मेदार मानता हूं।

## वंचित गाँवों एवं ढाणियों को शीघ्र पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी - चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर ( राकेश शर्मा )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा जल्द ही सभी गाँवों एवं ढाणियों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि खण्डार विधानसभा क्षेत्र के कुल 252 गाँवों में से 195 गाँवों में ओटीएमपी योजना के तहत कार्य स्वीकृत किये गए हैं। शेष रहे 57 गांवों में से 17 गाँवों को ईसरदा दौसा पेयजल परियोजना से जोड़ा जा रहा है तथा 40 गाँवों के लिए चम्बल सवाईमाधोपुर नादौती पेयजल परियोजना की स्वीकृति जारी कर निविदा प्रक्रियाधीन है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन की गुणवत्ता, लीकेज एवं अन्य जलापूर्ति सम्बन्धी शिकायतों के निराकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा उच्च स्तरीय समिति का गठन कर आवश्यक जाँच की जाएगी। जाँच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि संवेदकों द्वारा यदि गलत भुगतान लिया गया है तो राशि की रिकवरी कर ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की इस वर्ष की बजट घोषणा के क्रम में प्रदेश में 1 हजार हैंडपंप एवं 1500 ट्यूबवैल स्थापित किये जाएंगे। इसके साथ ही पुराने क्षतिग्रस्त हैंडपंप एवं ट्यूबवैल के मरम्मत का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्यूबवैल लगाने में अनियमितता बरतने वाले संवेदकों की जाँच की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर विभाग द्वारा दुबारा नई पाइपलाइन डालने की कार्यवाही की जाएगी। इससे पहले विधायक जितेन्द्र कुमार गोठवाल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र खण्डार के सभी 252 आबाद ग्रामों को जल जीवन मिशन अंतर्गत लाभान्वित किये जाने हेतु वृहद परियोजनाओं/लघु योजनाओं की स्वीकृतियां राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की विभिन्न बैठकों द्वारा जारी की जा चुकी है। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत विधानसभा क्षेत्र खण्डार में 75, 90, 110, 125, 140, 160, 180, 200 एम.एम. तक की विभिन्न साइज की पाइप लाइन विभागीय मापदण्डानुसार भू-तल से सामान्यत: 90 सेन्टीमीटर मृदा कवर रखते हुए डाली गई है। स्वीकृत 182 लघु योजनाओं में से 88 लघु योजनाओं के कार्य पूर्ण कर 91 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ की जा चुकी है। ग्रामों की सूची उन्होंने सदन के पटल पर रखी।

## कांग्रेस कमेठी की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कांग्रेस कमेठी के तत्वावधान में गुरूवार को सुबह 11 बजे गंगा-जमना गार्डन में पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष पारस पहाडी ने बताया कि बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त विधान सभा समन्वयक राजेश चौधरी कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विधान सभा क्षेत्र में किए गए नए परिसीमन को लेकर कार्यकर्ताओं से आपत्तियां व सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों की छटनी करके सभी मण्डलों की नवीन कार्यकारणी का गठन किया जाएगा।

## नि:शुल्क सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्री श्याम धर्मार्थ सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सप्तम सर्व समाज निःशुल्क विवाह सम्मेलन को लेकर श्याम मन्दिर में बैठक का आयोजन किया गया। संस्थान एवं पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि संस्थान के तत्वावधान में यह सातवां सम्मेलन होगा। सम्मेलन को लेकर 2 अप्रेल को गणेश निमंत्रण दिया जाएगा एवं 6 अप्रेल को ग्यारह जोड़ों का विवाह करवाया जाएगा। पार्षद नितिन छाबड़ा ने बताया सम्मेलन के आयोजन को लेकर तैयारिया जोर-शोर पर चल रही है। सम्मेलन का आयोजन श्याम मन्दिर के पास किया जाएगा। इस दौरान सुलेखचंद गुप्ता, रमेश विजय, राजू मालावत, प्रदीप पारीक, अविनास पारीक, मोहित चँवरिया, राकेश घांसी, सुरेश पराणा, चेतन पारीक व सर्वेश द्विवेदी सहित संस्थान के कई सदस्य मौजूद रहे।

## जिला विधिक चेतना समिति की बैठक आयोजित

# शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में हो सुधार : समीक्षा गौतम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विधिक चेतना समिति की बैठक एडीआर सेन्टर, जिला न्यायालय परिसर में आयोजित हुई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में चर्चा कर समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों का दायित्व न केवल वृद्धाश्रमों, बालगृहों, विशेष गृहों आदि का विजिट करना है, अपितु महिलाओं, बालकों, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की हर प्रकार की सहायता करना, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना तथा नालसा-रालसा योजनाओं सहित अन्य सरकारी योजनाओं के संबंध में आमजन में जागरूकता फैलाना भी है।

इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित सदस्यों को समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क विधिक सहायता, संविधान और सामाजिक कल्याण कानूनो एवं अधिनियमों, उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभागों के सहयोग से ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर पर जागरूकता शिविरों एवं कार्यशालाओं का आयोजन करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेकर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी वार्डो में कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा संग्रहण करवाकर शहर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खाली भूखण्डों में कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त को दिए है। साथ ही उन्होंने आमजन को जागरूक करने हेतु आयुक्त नगर परिषद को नोटिस छपवाकर वितरित करवाने के निर्देश दिये कि आमजन ओटो टीपरो एवं कचरा पात्रों में ही कचरा डाले, अपने आस पास के खाली भूखण्डों में कचरा नहीं डाले।

उन्होंने बालगृह में बालकों को मिल रही सुविधाओं में आवश्यक सुधार हेतु सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विमलेश कुमार एवं वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिये उप निदेशक समाज कल्याण विभाग मीना आर्य को निर्देश प्रदान किये। बैठक में सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र कुमार मीणा, अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल, पैनल अधिवक्ता नन्दकिशोर बैरवा, अधिवक्ता हरिसिंह मीणा एवं बनवारी लाल मीणा उपस्थित रहे।

# 25 मार्च से 15 मई तक चलेगा नई पंचायत का गठन कार्य

## राजनीतिक दलों की बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** निर्वाचन विभाग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेश गुर्जर की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में एसडीएम व तहसीलदार ने उपखंड स्तर पर राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात व मतदाता जनसंख्या में सुधार सुनिश्चित करने के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरसोलिया ने बताया कि 25 मार्च से 15 मई तक नई पंचायत के गठन की प्रक्रिया चलेगी। जिसमें 26 मार्च से 25 अप्रैल तक लिए गए प्रस्तावों की जांच की जाएगी। 5 मई तक आपत्ति निस्तारण का कार्य होगा। इसके बाद 15 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। इस दौरान बैठक में नायब तहसीलदार बाबूलाल जांगिड़, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, डांगरथल मंडल अध्यक्ष मदनलाल सैनी, नटवाडा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर व सीपीआईएम से कामरेड बाबूलाल सैनी सहित कई राजनीतिक दलों के सदस्य मौजूद रहे।

**इस प्रकार रहेगा नई पंचायतों के गठन का कार्यक्रम :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि नवीन पंचायत के गठन का निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेश गुर्जर की अध्यक्षता में उपखंड कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ।बैठक में एसडीएम व तहसीलदार ने उपखंड स्तर पर राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात व मतदाता जनसंख्या में सुधार सुनिश्चित करने के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरसोलिया ने बताया कि 25 मार्च तक नवीन पंचायत के गठन के प्रस्ताव लिए जाएंगे। 26 मार्च से 25 अप्रैल तक लिए गए प्रस्तावों की जांच की जाएगी। 5 मई तक आपत्ति निस्तारण का कार्य होगा। इसके बाद 15 मई को जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

# रंग पंचमी हर्षोल्लास पूर्वक मनाई

## रंग पंचमी का हिंदू धर्म में है विशेष महत्व



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** होली के पांच दिन बाद चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी रंग पंचमी के त्योहार के रूप में मनाई गई। गौरतलब है कि कई स्थानों पर इस त्योहार का विशेष महत्व माना गया है। मथुरा और वृन्दावन के कुछ मंदिरों में रंग पंचमी के दिन ही होलिका उत्सव का समापन माना जाता है! मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान खेरदा सवाई माधोपुर के अध्यक्ष आचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार रंग पंचमी का पर्व हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी-देवता भी रंग और अबीर के साथ होली खेलते हैं, इसी कारण इसे रंग पंचमी के नाम से जाना जाता है! इस बार रंग पंचमी की तिथि की शुरुआत 18 मार्च को रात 10 बजकर 09 मिनट पर शुरू हुई और तिथि का समापन 20 मार्च को मध्यरात्रि में 12 बजकर 36 मिनट पर होगा। पंडित ताराचंद शास्त्री बताते हैं कि इस त्योहार को लेकर मान्यता है कि जब वातावरण में रंग और अबीर उड़ते हैं, तो इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो व्यक्ति के जीवन, व्यक्तित्व और सोचने की क्षमता को प्रभावित करता है. साथ ही, यह माना जाता है कि रंग पंचमी पर रंगों के माध्यम से बुरे कर्मों और पापों का नाश होता है।

### रंग पंचमी के खास उपाय

रंग पंचमी के दिन कमल के फूल पर बैठी लक्ष्मी नारायण के चित्र को घर के उत्तर दिशा में स्थापित करें और लोटे में जल भरकर रखें. गाय के घी का दीपक जला कर लाल गुलाब के फूल लक्ष्मी नारायण जी को अर्पण करें. एक आसन पर बैठकर? श्रीं श्रीये नम: मंत्र का तीन माला जाप करें. लक्ष्मी नारायण जी को गुड़ और मिश्री का भोग लगाएं. जाप के बाद पूजा में रखा हुआ जल सारे घर में छिड़क दें। आपके घर में धन की बरकत कुछ समय बाद जरूर दिखाई देगी।

### रंग पंचमी देवी देवताओं की होली

रंग पंचमी के दिन भगवान कृष्ण और भगवान विष्णु को पीला रंग अर्पित कर सकते हैं। ऐसे में उन्हें पीले रंग के वस्त्र पहनाएं और उनके चरणों में पीले रंग का अबीर अर्पित करें। मां लक्ष्मी, बजरंगबली और भैरव महाराज को लाल रंग अर्पित करें। मां बगलामुखी को पीले रंग का अबीर अर्पित करें। सूर्यदेव को लाल रंग चढ़ाएं या सिंदूर अर्पित करें। शनि देव को नीला रंग बेहद प्रिय होता है।

## गांव सजिया को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग, मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** ग्राम सजिया के सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को तहसीलदार नरेश कुमार गुर्जर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्राम सजिया को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। ग्रामीण अनु मीणा, रमेशचंद, शिवजीलाल, हरिशंकर यादव, भंवरलाल, मुकेश कोली, गिरिराज स्वामी, रामविलास बैरवा, प्रभुदयाल यादव, बाबूलाल जांगिड़ व विनोद पांचाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 2025 में पंचायतराज पुनर्गठन का कार्य चल रहा है। इसमें ग्राम सजिया को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत मुख्यालय गुंसी गांव में है। वर्ष 2011 के अनुसार सजिया की आबादी 1860 है। इसके आसपास के ग्राम कनेसर की आबादी 695 एवं मजूकड़ा की आबादी 322, श्री कृपालपुरा की आबादी 175 है। सभी ग्रामों की कुल आबादी 3100 से 3200 के आसपास है। जो की एक ग्राम पंचायत के लिए पर्याप्त है।

## बनास हस्तशिल्प प्रदर्शनी-2025 एवं निवेशक प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** बनास हस्तशिल्प प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 22 मार्च 2025 तक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र परिसर, सिंधी कॉलोनी, टोंक में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कामगारों, कारीगरों, शिल्पकारों, एवं दस्तकारों द्वारा उत्पादों के विक्रय के लिए प्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों के प्रसिद्ध संस्थानों के स्टॉल लगेंगे। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय जैन ने बताया कि इसमें आमजन को उत्तम हस्तशिल्प एवं उत्कृष्ट उत्पादों की जानकारी मिलेगी। इस मेले में विभिन्न लघु उद्योग इकाइयों, ग्रामीण दस्तकार, हस्तशिल्प एवं खादी संस्थाएं अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेगी। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (बैंक), उपनिदेशक कृषि, औद्योगिक संघ के अध्यक्ष एवं सदस्य, जिला व्यापार महासंघ के अध्यक्ष एवं सदस्य, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला उद्योग अधिकारी तथा प्रतिनिधि खादी ग्रामोद्योग उपस्थित रहे। सभी ने प्रदर्शनी की विजिट करते हुए प्रदर्शनी के सफल आयोजन की कामना की।

प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र परिसर में विभाग की एमएसएमई पॉलिसी 2024, ओडीओपी पॉलिसी, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रोमोशन पॉलिस एवं राजस्थान ईनवेस्टमेंट प्रोमोशन स्कीम-2024 जैसी नवीन योजनाओं के प्रावधानों की जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक संजय जैन ने विस्तार से जानकारी दी।

## अवैध पत्थरों से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को किया जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध पत्थरों से भरे हुए एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। थाना अधिकारी रामजीलाल ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान दादूदयाल नगर में एक ट्रैक्टर ट्रॉली आती हुई दिखाई दी। पुलिस वाहन देखकर ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को एक साइड में खड़ी कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को मय पत्थरों के जब्त कर थाने में सुरक्षित खड़ा करवा दिया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की श्रमिक कल्याण की दिशा में संवेदनशील पहल

# महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना से लाभान्वित हो रहे हैं मंडी श्रमिक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान, गरीब, महिला एवं युवाओं के कल्याण के प्रति कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजनान्तर्गत विवाह सहायता राशि में वृद्धि कर 50 हजार रुपए के स्थान पर 75 हजार रूपए प्रति विवाह सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।



राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत राज्य की कृषि उपज मंडी समितियों के राजस्थान के मूल निवासी ऐसे हम्माल, पल्लेदार, तुलारा अनुज्ञापत्रधारी, जिनके द्वारा मण्डी प्रांगण, गौण मंडी प्रांगण में गत तीन वर्षों में कम से कम मजदूरी 10 हजार रूपए प्रतिवर्ष का कार्य किया हो एवं जिनकी अधिकतम आयु 60 वर्ष हो, को योजनान्तर्गत अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से राज किसान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने पर संबंधित कृषि उपज मंडी समिति द्वारा प्रसूति, विवाह, छात्रवृत्ति और चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

**प्रसूति योजना :** राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अनुसार प्रसूति योजना के तहत महिला अनुज्ञप्तिधारी हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार को अधिकतम दो प्रसूतियों के लिए दो बच्चों की सीमा तक अकुशल श्रमिक की प्रचलित मजदूरी दर की 45 दिवस की मजदूरी के समतुल्य सहायता राशि का भुगतान किया जाता है। शिशु के हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार पिता को भी पितृत्व अवकाश के रुप में अकुशल श्रमिक की प्रचलित मजदूरी दर की 15 दिवस की मजदूरी के समतुल्य सहायता राशि का भुगतान किया जावेगा। इसके लिये प्रसूति तिथि से 3 माह में आवेदन करना होगा।

**विवाह सहायता :** अनुज्ञप्तिधारी महिला के विवाह अथवा अनुज्ञप्तिधारी पुरूष, महिला की दो पुत्रियों की सीमा तक प्रति विवाह 50 हजार रुपये सहायता राशि, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा निर्धारित प्रारुप में विवाह के दस दिवस पूर्व से लेकर 3 माह बाद तक आवेदन किया जाने पर देय है। दो पुत्रियों का विवाह एक साथ करने पर दो विवाह की सहायता राशि देय है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा श्रमिक कल्याण की दिशा में लिये गये संवेदनशील निर्णय 26 फरवरी 2025 के अनुसार योजनान्तर्गत विवाह सहायता राशि में वृद्धि कर 50 हजार रुपए के स्थान पर 75 हजार रूपए प्रति विवाह सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

**छात्रवृत्ति, मेधावी छात्र पुरस्कार :** मंडी में अनुज्ञापत्रधारी हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार के पुत्र-पुत्री जो कक्षा 10 से स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी अंक पाता है, को दो बच्चों की सीमा तक निर्धारित दर से प्रति छात्र एकमुश्त पात्रता स्थापित होने के तीन माह में आवेदन करने पर मेधावी छात्रवृति दी जावेगी। इसमें कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाले छात्र को 3 हजार रुपए और छात्रा को 3500 रुपए की छात्रवृत्ति और 70 से 80 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र को 2000 तथा छात्रा को 2500 रुपए की छात्रवृत्ति दी जायेगी।

**चिकित्सा सहायता :** अनुज्ञप्तिधारी हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार को गंभीर बीमारी (कैंसर, हार्ट अटैक, लीवर, किडनी आदि से संबंधित) होने की स्थाति में सरकारी अस्पताल, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए अधिकृत अस्पतालों में भर्ती रहने पर चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति अधिकतम रुपये 20 हजार की सीमा तक की जावेगी। इसके लिये चिकित्सालय से डिस्चार्ज होने के 6 माह तक आवेदन करना होगा।



# आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी विदाई, समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय धौलान में बुधवार को आठवीं कक्षा का विदाई समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाध्यापक रूप सिंह पिलौदा ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों का परीक्षा पूर्व समय में उत्साह एवं मनोबल बढ़ाने हेतु कई प्रेरक प्रसंग का जिक्र किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता दयानंद लांबा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि टहला प्रधानाचार्य नंदकिशोर मीना, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा, उप प्रधानाचार्य श्रीचंद्पुरा अमित कुमार मीना, पंचायत राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ अलवर अध्यक्ष मुकेश इटोली, डेरा प्रधानाचार्य छोटेलाल रोणीजा एवं श्रीचंद्पुरा सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल बैरवा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहिताश्व शर्मा रहे। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को माला पहनाकर व तिलक लगाकर विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष धन्नालाल एवं विद्यालय संरक्षक शंभूदयाल मीना व मोतीलाल मीना, एसएमसी उपाध्यक्ष सुनीता मीना सहित सभी स्टाफ साथी हीरालाल, राजेंद्र सिंह, मुनेशी, कुसुम, प्रियंका, भारती, सीमा, अंजू, कल्पना, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

# श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह, मुकेश जैन दूसरी बार बने अध्यक्ष





बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** तिजारा में विश्व प्रसिद्ध 1008 श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। जैन मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश जैन ने दूसरी बार अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की है, इसी के साथ महामंत्री नरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष शंभूलाल जैन, रवि जैन, नरेंद्र जैन उर्फ कालू, अमन जैन सहित करीब 10 लोगों ने नवीन कार्यकारिणी में शपथ ग्रहण की है।


कार्यक्रम की शुरुआत भगवान चंद्र प्रभु की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन एवं णमोकार मंत्र के साथ की गई। यह चुनाव राम अवतार शर्मा तथा नंदकिशोर आर्य चुनाव अधिकारी की देखरेख में संपन्न हुए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित डेरा जैन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता समाज को जोड़ने की है तथा समाज के उत्थान में अपनी पूरी ताकत लगाऊंगा तथा जैन समाज की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का मेरा पहला लक्ष्य रहेगा। इस अवसर पर नगर परिषद के उपसभापति हरीश सांवरिया, पूर्व उपसभापति बने सिंह बिधूड़ी, देशपाल यादव, जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल जैन, बच्चू सिंह जैन, फिरोजपुर हरियाणा के नगर पालिका अध्यक्ष मनीष जैन, पवन जैन, भारत लाल अग्रवाल, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष गुलशन गुप्ता, महंत जस्सू महाराज, नितिन जैन, सुरेंद्र जैन, रवि जैन सहित सैकड़ो जैन समाज के लोग तथा यात्रीगण उपस्थित रहे।

# राजस्थान विधानसभा में अवैध खनन रार, नेता प्रतिपक्ष जूली बोले- कुंभकर्णी नींद में सो रही प्रदेश सरकार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/ जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध खनन चरम पर है, लेकिन सरकार आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने अवैध खनन को लेकर सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाए और कहा कि प्रदेश में खनन माफिया बेखौफ हो चुके हैं। जब सरकार की ओर से तुरंत जवाब नहीं मिला तो कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि यह सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है, अवैध खनन पर खुद उसके मंत्री ही सवाल उठा रहे हैं, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।



**जूली ने मंत्री अविनाश गहलोत पर कसा तंज :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार सीबीआई का सहयोग नहीं कर रही। जूली बोले कि हाईकोर्ट तक को कहना पड़ा कि राजस्थान पुलिस सहयोग नहीं कर रही तो सीआरपीएफ की मदद लीजिए, इससे बड़ा और क्या उदाहरण होगा। वहीं, मंत्री अविनाश गहलोत के एक बयान पर सवाल उठाते हुए टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के एक मंत्री डीएसपी को कह रहे हैं कि अवैध खनन करने वालों को मत पकड़ो। यह साफ दर्शाता है कि सरकार ही खनन माफिया को संरक्षण दे रही है। इस दौरान जूली ने सीएम भजनलाल और गृह राज्यमंत्री पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और गृह राज्य मंत्री के क्षेत्र में भी अवैध खनन जोरों पर है। भरतपुर और डीग में खनन के 413 पट्टे हैं, लेकिन दो साल में 322 अवैध खनन के मामले दर्ज हुए हैं।

राजस्थान भूजल संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक पर जूली बोले पानी के अंदर प्रदूषण भी फैल रहा है।सतही जल की गहराई और नीचे जा रही है प्रदेश की हालत खराब है लेकिन जिस मंशा के तहत इस बिल को लाया गया वह गलत है। जूली बोले कि जितनी आवश्यकता है उससे ज्यादा राजस्थान में बारिश होती है लेकिन पानी का संचय नहीं होता,संचय नहीं होने की वजह से हालात बिगड़ते हैं,यह बिल जनता के साथ खिलवाड़ करने वाला बिल है।इसको जनमत जानने के लिए भेजना चाहिए उन्होंने कहा कि बिल में जो प्रावधान किए गए,ऐसा कानून पहले भी था बोरिंग पर प्रतिबंध था लेकिन फिर इसमें नये प्रावधान कर दिए।उन्होंने कहा कि आमतौर हेड पंप पर लोग पानी लेते हैं लेकिन अब आपने हैंडपंप पर रोक लगा दी तो आम आदमी क्या करेगा? यह तानाशाही है।

# भिवाड़ी में विशेष सफाई अभियान के दौरान 510 टन कचरा उठाया, आधुनिक प्लांट की होगी स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा 28 जनवरी से 3 मार्च तक चलाए गए विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत 510 टन कचरा उठाया गया। अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा किया गया। अभियान के तहत चार टास्क फोर्स टीमों ने शहर के 60 वार्डों एवं प्रमुख सड़कों की सफाई सुनिश्चित की। शहर में स्वच्छता को लेकर अभियान में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए जिसके तहत 45 नए डस्टबिन मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में स्थापित किए गए, जिससे सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनी रहे। इंटेग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी समय में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत भिवाड़ी में 150 टन प्रतिदिन की क्षमता वाले कचरा प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वेस्ट-टू-एनर्जी एवं वेस्ट-टू-कॉम्पोस्ट मॉडल के तहत कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही, एक कॉमन बायो-सीएनजी प्लांट की स्थापना की जाएगी, जिससे कचरे से बायोगैस का उत्पादन कर उसका उपयोग किया जा सकेगा। ऑटो-टिप्परों का संचालन 2-3 बार प्रतिदिन किया जाएगा, और टिपरों की ट्रिप संख्या बढ़ाकर रात्रिकालीन कचरा संग्रहण की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से और प्रभावी बनाने के लिए आमजन को भी कचरा प्रबंधन में सहयोग करने की अपील की गई है।

# अपना घर शालीमार में पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान 2 अप्रैल से

## गणेश पूजन के साथ किया भव्य आगाज, रामनवमी पर दिव्य रामलला की मूर्ति की होगी स्थापना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** अपना घर शालीमार में भगवान श्री रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति स्थापना के पांच दिवसीय अनुष्ठान में बुधवार को गणेश जी को न्योता दिया गया। अपना घर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी परिवार और अपना घर शालीमार की टीम के सहित बुधवार को लाल दरवाजा स्थित गणेश मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान श्री गणेश को न्यौता दिया है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या की तर्ज पर बनने वाल भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर के धार्मिक अनुष्ठान 2 अप्रैल से शुरू होंगे । पांच दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में प्राण प्रतिष्ठा और विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी को भगवान श्री राम लाल की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी इसी संदर्भ में बुधवार को गणेश जी को न्योता देने पहुंचे। अपना घर शालीमार के डायरेक्टर यशपाल इक़दाया ने अपनी पत्नी के साथ भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना की



इकदाया ने बताया कि भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय 2 अप्रैल से शुरू होगी। लोगों को रामलला के भव्य मंदिर का काफी उत्सुकता से इंतजार रहा था,अब राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की स्थापना होने जा रही है और पूरे अलवर शहर में राम में और धार्मिक माहौल बना हुआ है।

# कैबिनेट मंत्री डॉ.किरोड़ीलाल मीणा के संज्ञान के बाद न्यास ने लिया एक्शन

## 25 बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग को किया खुर्दबुर्द



बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी मीणा की शिकायत के बाद अलवर न्यास ने जयसमंद के नीचे केसरपुर गांव में मंगलवार को करीब 25 बीघा जमीन पर हो रही अवैध प्लॉटिंग पर जेसीबी चलाई है। यह जमीन मास्टर प्लान में स्पोर्ट्स जोन है। गोचर भूमि, श्मशान भूमि, बहाव क्षेत्र होने के बावजूद यहां अवैध प्लॉटिंग कर दी। यही नहीं मत्स्य पालन की कुछ जमीन पर अवैध रूप से डिक्री थमा दी। जिसकी शिकायत कैबिनेट मंत्री ने मुख्य सचिव से की। उसके बाद अवैध प्लॉटिंग को तोड़ने का काम शुरू हुआ है। केसरपुर गांव के सरपंच ने पहले लगातार अलवर प्रशासन को लगातार शिकायत की थी। सरपंच ने शिकायत दी थी कि मत्स्य पालन की जमीन गलत तरीके से संतोष देवी पत्नी बन्नाराम मीणा के नाम डिग्री कर दी थी। जबकि संतोष देवी ने दूसरी जमीन खरीदी थी। लेकिन अफसरों ने मिलीभगत कर मत्स्य पालन की जमीन में से डिग्री कर दी। एक तरह से जमीन की अदला बदली कर दी। जो पूरी तरह गलत है। शिकायत में बताया था कि इसके अलावा कुछ जमीन खरीदने के बाद कई भूमाफियों ने मिलकर अवैध प्लॉटिंग कर दी। जिसकी शिकायत बराबर की गई। लेकिन पहले तो प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। बाद में मामला डॉ किरोड़ी तक पहुंचा।

उन्होंने अपने स्तर पर जांच कराई और दस्तावेज जुटाने के बाद मुख्य सचिव वह अलवर कलेक्टर को भेजे। उसके बाद यहां अवैध प्लॉटिंग पर जेसीबी चली है। अवैध प्लॉटिंग व निर्माण तोड़ने के लिए सदर थाना, अकबरपुर व मालाखेड़ा थाने की पुलिस पहुंची है।

# राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन व अनारक्षित काउंटर एक होने से यात्री हो रहे हैं परेशान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर व अनारक्षित टिकट काउंटर एक होने से यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर एवं अनारक्षित टिकट काउंटर के लिए पहले अलग-अलग खिड़की थी। रिजर्वेशन काउंटर पर सुबह 8 बजे से 3 बजे तक रिजर्वेशन का कार्य होता था। लेकिन 27 जनवरी से आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर को एक कर दिया है जिसके कारण यात्रियों को अत्यधिक परेशानी एवं असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे तत्काल एसी बुकिंग शुरू होती है उसी समय भूज-बरेली एक्सप्रेस का आगमन होता है। जिसके कारण यात्री एसी तत्काल रिजर्वेशन से वंचित रह जाते हैं। वहीं सुबह 11 बजे स्लीपर क्लास का रिजर्वेशन होता है उसी समय मथुरा-जयपुर पैसेंजर का आने का समय रहता है। जिसके कारण टिकट काउंटर पर भारी भीड़ रहती है। वहीं स्टेशन पर कोच इण्डिकेटर सिस्टम लगे हुए 20 दिन हो गए हैं। परन्तु अभी तक चालू नहीं किए गए हैं जिसके कारण महिलाओं व वृद्धजनों को ट्रेन में डिब्बे में बैठने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व रेलवे मंत्री सहित रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# राजगढ़ नगर पालिका क्षेत्र का हुआ विस्तार, स्वायत्त शासन विभाग ने जारी की अधिसूचना

## कारोठ, थाना, पुराना राजगढ़, बल्लुपुरा, गोठ गांव को किया शामिल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव ने अधिसूचना जारी कर नगरपालिका राजगढ़ की वर्तमान सीमा का विस्तार करते हुए ग्राम पंचायत अलेई का राजस्व गांव कारोठ, श्रीनगर बांदेन एवं नयाबास हवेली का सम्पूर्ण क्षेत्र, ग्राम पंचायत थाना राजाजी का राजस्व ग्राम थाना का सम्पूर्ण क्षेत्र, ग्राम पंचायत सुरेर का राजस्व ग्राम गोठ का सम्पूर्ण क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत पुराना राजगढ़ का राजस्व ग्राम पुराना राजगढ़ एवं बल्लूपुरा का सम्पूर्ण क्षेत्र को नगरपालिका राजगढ़ में शामिल किया गया है। इन गांवों के नगरपालिका क्षेत्र में शामिल होने से अब नए सिरे से नगरपालिका के वार्डों का परिसीमन होगा। इस विस्तार से अब वार्डों की संख्या भी बढ़ेगी। राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में उक्त गांवों के आने पर राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, लायंस क्लब के प्रांतपाल खेमसिंह आर्य सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने खुशी जताई है।

# बास्योड़ा आज, ठण्डे पकवानों का लगेगा भोग, माता के जागरण का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** गुरुवार को बास्योड़ा पर्व बड़ी धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। महिलाएं सुबह से ही एक दिन पूर्व बने राबड़ी, पुआ, पकौड़ी आदि का भोग लगाएंगी। वहीं कस्बे के मालाखेड़ा गेट स्थित माता शीतला का पूजन एवं जागरण का आयोजन सांय 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। माता शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र दाधीच ने बताया कि शीतलाष्टमी के विशेष पावन पर्व पर प्रातः समिति के पदाधिकारियों द्वारा 21 घड़ो व पंचामृत से माता शीतला का विशेष जलाभिषेक किया जाएगा। उसके उपरांत माता बहनों द्वारा माता को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। मंदिर पुजारी रामबक्श प्रजापत ने बताया कि शीतला अष्टमी के पावन पर्व माता की महिमा अपार होती है। माता को एक दिन पूर्व का बना हुआ बासी भोजन राबड़ी और पुआ, पकौड़ी का भोग लगाया जाता हैं। भक्तजन माता से शीतलता और शांति का आशीर्वाद लेते हैं। लायंस क्लब के प्रांतीय चेयरपर्सन खेमसिंह आर्य ने बताया कि शाम को 7 बजे से माता का जागरण संजय राजस्थानी की टीम द्वारा संगीतमय आयोजित किया जाएगा जिसमें आसपास और दूरदराज के माता के भक्तजन जागरण में शामिल होंगे। इससे पूर्व माता के मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। वहीं कस्बे के पुराना राजगढ़ स्थित सेढ़ माता मंदिर में मेले का आयोजन होगा।

# निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की बैठक शनिवार को

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक के निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की बैठक शनिवार 22 मार्च को आयोजित की जाएगी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि ब्लॉक में संचालित निजी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की बैठक शनिवार को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजगढ़ शहर, सकट, ढ़िगावड़ा, धमरेड़ सहित आसपास के क्षेत्र के निजी विद्यालयों की बैठक प्रातः 10 बजे से पुराना राजगढ़ रोड़ पर स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित होगी। वहीं तालाब, टहला, खोह दरीबा तथा गोला का बास के आसपास के इलाकों के संस्थाप्रधानों की बैठक दोपहर 1 बजे से दा रेनबो किड्स एकेडमी टहला में आयोजित होगी। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए विभागीय निर्देशों के बारे में चर्चा की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले संस्थाप्रधानो के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# खून की उल्टियां करने के साथ बेहोश हुए व्यक्ति के लिए देवदूत बने पुलिसकर्मी

- सड़क पर ही सीपीआर दी, हालत में सुधार हुआ तो अस्पताल पहुंचाया
- बेटी के साथ स्कूटी पर घर जाते समय बिगड़ गई थी तबीयत







बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** बेटी के साथ बुधवार शाम स्कूटी पर घर जा रहे व्यक्ति की रास्ते में अचानक तबीयत बुरी तरह बिगड़ गई। इससे उन्हें खून की उल्टियां होने लगीं। इसी के साथ उनका शरीर ठंडा पड़ गया। बेहोशी की स्थिति हो गई। यह हालत देख वहां देवदूत बनकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत सम्भाल कर 2-3 मिनट तक सीपीआर दी। इससे हालत सुधरी तो सहयोगी की गाड़ी से निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां इस व्यक्ति का इलाज जारी है। इस घटनाक्रम के हीरो हेड कॉन्स्टेबल मोहम्मद रफीक ने बताया कि शाम करीब पौने पांच बजे वह अपने सहयोगी अशोक के साथ चाय पीने के लिए अभय कमांड सेंटर से बाहर निकले। दोनों सीएडी सर्किल की तरफ जा रहे थे। जैसे ही अभय कमांड सेंटर के गेट पर पहुंचे, वहां करीब 25 वर्षीय एक युवती उसके पिता को संभालने की कोशिश कर रही थी। इनकी स्कूटी साइड में खड़ी हुई थी। युवती बुरी तरह घबराई हुई थी। इस पर रफीक हालात की गम्भीरता को समझते हुए इनके पास पहुंचे तो देखा कि व्यक्ति को खून की उल्टियां हो रहीं थीं। शरीर पूरा ठंडा पड़ चुका था। इस पर रफीक ने जैसे ही इस व्यक्ति को संभाला वह बेहोश हो गया। इस पर उन्होंने आवाज देकर साथी हेड कॉन्स्टेबल निरंजन, नारायण लाल व ताहिर को भी बुला लिया। इसके बाद साथी निरंजन के साथ 2-3 मिनट तक सीपीआर दी अर्थात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार छाती पर दबाव डाला। इससे थोड़ी देर में उनकी तबीयत में सुधार हुआ। इसके बाद दूसरे साथी नारायण की कार से उन्हें निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। इस मामले की जानकारी पाकर अस्पताल में अन्य परिजन भी पहुंच गए। अचेत हुए व्यक्ति सुनील (55) महावीर नगर विस्तार योजना सेक्टर 6 के रहने वाले हैं। वह बेटी के साथ स्कूटी पर अपने घर जा रहे थे। उन्हें हार्ट प्रॉब्लम है। यह प्राइवेट जॉब करते हैं। सीपीआर देने के दौरान पुलिसकर्मियों के कपड़े भी पूरी तरह खून में हो गए थे।



## उत्पाद या सेवा के बदले चुकाई गई राशि का बिल अवश्य लें, वरना हो सकता है नुकसान

### विश्व उपभोक्ता सप्ताह के तहत संभाग स्तरीय संगोष्ठी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में 15-21 मार्च तक मनाए जा रहे सप्ताह के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'भारतीय मानक एवं विभिन्न आयाम विषय पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक आयोजित हुई। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम ने की।

इस अवसर पर गौतम ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला, साथ ही वर्तमान में उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। भारतीय मानक ब्यूरो जयपुर से सदस्य राजेन्द्र मीणा ने भारतीय मानकों की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताते हुए बीआईएस केयर ऐप, हाल मार्किंग आदि के बारे में बताया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीता चौधरी ने पीड़ित प्रतिकर विभागीय योजनाओं विशेष कर विधिक सहायता के बारे में बताया। साथ ही कहा कि, पीड़ित को अनुतोष मिले, इसके लिए स्वयंसेवी संगठन पहल करें। साइबर क्राइम के पेटर्न के विषय पर सुरेन्द्र कुमार ने मोबाइल व इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर प्रकाश डाला।

**उपभोक्ता सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी दी :** संभागीय उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने उपभोक्ता सप्ताह की गतिविधियों की जानकारी देते हुए उत्पाद या सेवा का बिल लेने की बात कही। बैठक में जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोष आयोग के सदस्य विरेन्द्र सिंह रावत, जिला रसद अधिकारी कार्तिकेय मीणा और कुशाल बिलाला सहित समस्त प्रवर्तन कार्मिकों ने भाग लिया।

#### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

परिवहन, यातायात, पुलिस, विद्युत विभाग, पोस्ट ऑफिस, ऑयल मार्केटिंग कम्पनी, गैस एजेन्सी, राशन डीलर व उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी चर्चा में भाग लिया। संचालन संभाग स्तरीय महासंघ प्रभारी यज्ञदत्त हाड़ा ने किया। अंत में चेयरपर्सन, राज्य उपभोक्ता परामर्श केन्द्र पंकज शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए मोबाइल एप विकसित करेगी नगर निगम

## अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने दिया निर्देश, कई अन्य मसलों पर भी दी हिदायत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने नगर निगम को निर्देश दिए कि शहर में आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए शीघ्र मोबाइल अप विकसित करें, जिससे आमजन अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। उन पर त्वरित कार्रवाई हो। उन्होंने नगर निगम, केडीए और गैस अर्थारिटी को निर्देश दिए कि सड़कों की खुदाई से सम्बंधित कार्यों को मेप पर चिह्नित कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। गर्मी को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने मेडिकल कॉलेज में विशेष वार्ड तैयार करने तथा पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग को नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ में विद्यालयों की प्रार्थना सभा में साप्ताहिक रूप से डेंगू, लू, ताप-घात एवं अन्य संक्रामक रोगों से बचाव के लिए विशेष जागरुकता अभियान चलाने के लिए कहा। साथ ही गम्भीर बीमारियों से ग्रसित विद्यार्थियों के नियमित उपचार की निगरानी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कृषि एवं पशुपालन विभाग को विभागीय कार्यों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बिजली विभाग को पीएम सूर्यघर योजना के सुचारू संचालन और बिजली सम्बंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिकायतों के रिस्पांस टाइम की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे ऑनलाइन पोर्टल पर अपने विभागीय डेटा को नियमित रूप से अपडेट करें और सम्पर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण न्यूनतम समय में सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी शासकीय कार्य राजकाज पोर्टल पर करें। प्रत्येक फाइल को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### राजस्थान में रोड ओवर ब्रिज व रोड अण्डर ब्रिज के निर्माण कार्य प्रगति पर

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में माननीय सांसद के प्रश्न के संदर्भ में जानकारी प्रदान की

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लोकसभा सत्र के दौरान माननीय सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला द्वारा भारतीय रेलवे द्वारा रोड ओवर ब्रिज व रोड अण्डर ब्रिज के निर्माण के सम्बंध में प्रष्न के सम्बंध में सम्बंध में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे में इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुडे कार्यों पर विशेष बल दिया जा रहा है। भारतीय रेलवे पर नई लाइनों, दोहरीकरण गेज परिवर्तन के कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं।

भारतीय रेलवे पर 01.04.2024 तक लगभग 7.44 लाख करोड रूपए की लागत के साथ 44,488 किलोमीटर नई लाइन, दोहरीकरण और गेज परिवर्तन के कार्य किए जा रहे है। राजस्थान में इन्फ्रास्ट्रचर को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 01.04.2024 तक 32 रेल परियोजनाएं प्रगति पर है, जिनमें लगभग 51814 करोड रूपए की लागत के साथ 4,191 किलोमीटर नई लाइन, दोहरीकरण और गेज परिवर्तन के कार्य किए जा रहे है। राजस्थान में रेल परियोजनाओं को गति प्रदान करने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में 9,959 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है जो कि वर्ष 2009-14 के औसत 682 करोड रूपये प्रतिवर्ष की तुलना में 14 गुना अधिक है। लेवल क्रॉसिंग (एलसी) के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के कार्यों को मंजूरी देना भारतीय रेलवे की एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। इन कार्यों को रेलवे में प्राथमिकता दी जाती है ताकि ट्रेन संचालन मे संरक्षा और सड़क उपयोगकर्ताओं को बेहतर सुविधा मिल सके। राजस्थान में 01.02.2025 तक 547 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी)/रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) के कार्य 5,213 करोड रूपये की लागत के साथ प्रगति पर है। झुन्झुनू संसदीय क्षेत्र में 4 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज के कार्य योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में है।

## 11 माह में ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान 3.62 लाख मामलें पकड़े गए

### फरवरी माह में 28 हजार से अधिक मामलें पकड़े, 1.8 करोड़ जुर्माना राशि अर्जित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मंडल के वाणिज्य विभाग ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबतक ग्यारह माह अप्रैल एवं फरवरी,2025 तक में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 3,62,257 मामलों से 22.32 करोड़ रुपये अर्जित किये। जिसमे बिना टिकट के 1,50,165 मामले, अनुचित टिकट के 2,11,724 मामलें एवं 368 बिना बुक गये सामान के मामलें शामिल है। जबकि केवल फरवरी माह में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 10,793 मामलें, अनुचित टिकट के 17,236 मामलें एवं 72 बिना बुक गये सामान के मामलें पकड़े गए जिससे कोटा मंडल को केवल फरवरी में 28,101 मामलों से कुल 1.8 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इससे कोटा रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई। जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है । वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ जैन नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## भारतीय किसान संघ के संभाग का अभ्यास वर्ग 11-12 अप्रैल को


### संगठन की रीति - नीति की दी जाएगी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भारतीय किसान संघ, जयपुर संभाग की बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित की गई । बैठक में संभाग के होने वाले अभ्यास वर्ग पर चर्चा कर वर्ग 10-11 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्य की रूपरेखा तय करते हुए जिला प्रभारियों की घोषणा की गई। प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट ने कहा कि 10-11 अप्रेल को जयपुर संभाग का अभ्यास वर्ग होगा। वर्ग में संभाग कार्यकारिणी सदस्यों के साथ सभी ज़िलों की कार्यकारिणी अपेक्षित रहेगी। आयोजित होने वाले वर्ग में किसान संघ की कार्य पद्धति से अवगत कराया जाएगा। प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चन्देल ने यह जानकारी देते हुए बताया संभाग अध्यक्ष पोखरलाल जाट ने जिला प्रभारियो की घोषणा की जिसमें अलवर - विनोद कालवानिया पालावाला, जयपुर - शैतान व रामेश्वर, जयपुर महानगर - मनीषा व सीताराम सैनी, दूदू - ज्ञान प्रकाश व सीताराम बाँगड़ा ,टोंक - पोखर चौधरी, दौसा - धनपाल ,खैरथल - भूतेश, कोटपूतली - हनुमान व जगदीश को जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

## तीन जैन संघों के मुनियों का हुआ महामिलन, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु, भजनों पर झूमते रहे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** रिद्धि-सिद्धि नगर में स्थित श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार को भव्य आध्यात्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुनि विकसंत सागर महाराज ससंघ, समत्व सागर महाराज ससंघ व साक्ष्य सागर महाराज ससंघ का पदार्पण हुआ।

इस आयोजन की शुरुआत तीनों संघों के मुनियों के महामिलन से हुई। एक्जोटिका चौराहा, मौसम त्रिपाल के सामने मंच पर संतों का महा?मिलन हुआ। वहां संतों की शोभायात्रा का आयोजन हुआ।? इसमें जैन समाज के लोगों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ नाचते-गाते चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर, कुन्हाड़ी में प्रवेश किया। इस दौरान भजन गायक संजय लुहाड़िया ने अपनी मधुर वाणी में भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। पाद प्रक्षालन सकल समाज के मंत्री पदम बड़ला परिवार व शास्त्र भेंट राकेश चपलमन परिवार की ओर से किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के कई लोग मौजूद रहे। इनमें संरक्षक राजमल पाटोदी, सकल समाज अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम जैन बड़ला, कोषाध्यक्ष जितेंद्र हरसोरा, पारसचंद सोगानी, नरेश बेद, मनोज जायसवाल, रितेश सेठी, मंदिर अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा व मंत्री पंकज खटोड़ आदि शामिल हुए। सकल समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज ने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज के लिए एकता, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम उदाहरण बना।


## भाजपा जिलाध्यक्ष जैन यूडीएच मंत्री से मिले, कोटा शहर के मकानों के पट्टे नहीं होने की समस्या बताई

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने जयपुर प्रवास के दौरान स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा से भेंट कर कोटा शहर में मकानों के पट्टों से वंचित लोगों को पट्टे जारी करने की मांग की। जैन ने बताया कि पार्षद सुरेन्द्र राठौर ने जानकारी ?दी थी कि नगर निगम कोटा दक्षिण के वार्ड नं 60 में अशोका कॉलोनी व बंजारा कॉलोनी के मकानों के पट्टे नहीं हैं। कांग्रेस शासन में कुछ मकानों को अशोका कॉलोनी का क्षेत्र बताकर नगर निगम दक्षिण कोटा ने पट्टे जारी कर दिए थे, जबकि इसी क्षेत्र के कुछ मकानों को बंजारा कॉलोनी में बताकर पट्टों से वंचित रखा गया है। इस तरह कांग्रेस शासन में आमजन के साथ दौहरा रवैया अपनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस प्रकरण का तुरंत समाधान करने की मांग की। इस पर मंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## बाईपास निर्माण में देरी से आमजन में रोष, उपखंड अधिकारी से मिले जनप्रतिनिधि



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (नि.स.)।** शहर में बूंदी रोड को कोटा रोड को जोड़ने हेतु सुखाडिया पार्क के पास से लाल पुलिया तक स्वीकृत बाईपास रोड के निर्माण में देरी के चलते स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। इस बाईपास रोड के शीघ्र निर्माण की मांग को लेकर शहर के एक प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी भावना सिंह से भेट की। इस भेट में प्रतिनिधि मंडल ने शहर के रामधन चौराहे पर दिन रात,बार बार जाम लगने की शिकायत करते हुए शीघ्र ही बाईपास निर्माण कार्य शुरू करवाने की बात कही। उपखंड अधिकारी भावना सिंह ने प्रतिनिधि मंडल की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर को उपखंड कार्यालय में बुला कर रोड निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने तथा बाईपास के निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने शहर के एक मात्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की टिकिट विंडो पर लगने वाली भीड़ को देखते हुए बुकिंग विंडो खुलवाने की बात भी कही जिससे मरीज को पर्ची बनवाने हेतु लाइन में लगने से बचा जा सके।

### उपभोक्ताओं की शिकायत पर हुई यह कार्रवाई

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने श्री अन्न भोजनालय पर छापा मारा, सामग्री की जांच शुरू

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को अदालत चौराहे पर स्थित श्री अन्न भोजनालय पर छापा मारा। टीम ने भोजनालय में काले तेल में तले जा रहे आलू बड़ों की जांच की। इसके अलावा लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे घी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सेम्पल भी लिए।साथ ही रेस्टोरेंट संचालक को तेल बार-बार गर्म कर काम में नहीं लेने के लिए पाबंद किया।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की शिकायत पर खाद्य सामग्री की जांच की। जांच के दौरान तैयार रागी के लड्डू, आलू बड़ा, मूल पैक में रागी का आटा और तैयार चाय के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना और चंद्रवीर सिंह जादौन ने ये नमूने एकत्रित किए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण सक्सेना ने बताया कि लिए गए चारों नमूने जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। श्री अन्न भोजनालय के खिलाफ कई उपभोक्ताओं से शिकायतें मिलीं थीं। इनमें घटिया गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल होने की बात कही गई थी।

### अग्रवाल समाज के महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

# शादी विवाह के दौरान फिजूलखर्ची रोके जाने और सामाजिक कार्यो में आगे आने का आव्हान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अग्रवाल समाज के महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को शहर के आर्य समाज मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय मंत्री महिला अग्रवाल सम्मेलन कमलेश देवी आर्य ने की वही अतिथि के रूप में समाज के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग,महिला जिलाध्यक्ष सरोज मंगल,जिला महामंत्री नीतू सिंघल और पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष मुन्ना लाल मंगल मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुरुआत की गई। इस दौरान अग्रवाल महिला मंडल बाड़ी की नवीन अध्यक्ष ऊषा देवी मित्तल सहित उपाध्यक्ष विद्या देवी जिंदल,महामंत्री सुमन मंगल एवं सूचना मंत्री विमला गर्ग सहित अन्य पदाधिकारियों को समाज के अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपनी उद्बोधन में कहा कि आज के समय में संगठन की महत्ती आवश्यकता है एवं बाड़ी की अग्रवाल महिलाएं सामाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर कहा कि हमें महंगी शादियां एवं फिजूल खर्ची पर रोक लगानी चाहिए। इसमें महिलाएं अपने परिवार में सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं। सरोज मंगल जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपको हर सामाजिक कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी चाहिए जभी कोई कार्यक्रम सफल होता है एवं जिला संगठन हमेशा आपके साथ है । ऊषा मित्तल अध्यक्ष ने आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला जिसमें फिजियोथैरेपी कैंप,अग्र भागवत आदि कार्यक्रमो की जानकारी दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री को शाल ओढ़ाकर जिला अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुमन मंगल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी एवं शिक्षाविद पी डी अग्रवाल,ओमप्रकाश गोयल,हरि शंकर मंगल,प्रमोद गर्ग, दीनदयाल मित्तल, रामकुमार गर्ग,राकेश गर्ग मौजूद रहे।



### दिव्यांगों के लिए समर्पित संस्था सक्षम की बैठक, बाड़ी इकाई का गठन

## पूर्व नर्सिंग अधीक्षक दिनेश कुमार मंगल को सौंपी कमान, सचिव बने पार्षद संगीत शर्मा,

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** दिव्यांगों के लिए समर्पित संस्था समदृष्टि,क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल जिसे संक्षिप्त में सक्षम संस्था नाम दिया गया है। उसकी नवीन इकाई का गठन बाड़ी शहर में किया गया है। शहर के बाईपास स्थित केयर फार्मेसी पर आयोजित बैठक में धौलपुर से आए वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक कुमार सिंघल और हरी बाबू ने बाड़ी इकाई का अध्यक्ष पूर्व नर्सिंग अधीक्षक एवं समाजसेवी दिनेश कुमार मंगल को बनाया है। वही सचिव पद की जिम्मेदारी वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी संगीत शर्मा को सौंपी गई है। संस्था में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अंकुर गर्ग संभालेंगे। सक्षम संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक कुमार सिंघल ने बताया कि यह संस्था दिव्यांगजनों के लिए समर्पित है। जिसका मुख्यालय नागपुर महाराष्ट्र में है। संस्था की पूरे देश में शाखाएं हैं। इसका उद्देश्य दिव्यांगों को न केवल उनकी दिव्यांगता को दूर करने के लिए ट्राई साइकिल, बैसाखी अन्य उपकरण या संसाधन उपलब्ध कराना है। बल्कि संस्था उनको रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके और वे सरकार की सहायता प्राप्त कर खुद रोजगार खोल सके जिससे वे समाज के साथ जुड़कर अपने आप को सक्षम बना सके। इसका प्रयास करती है। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए जिला मुख्यालय के बाद बाड़ी में सक्षम संस्था की शाखा खोली गई है। जिसमें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिनेश कुमार मंगल को सौपी गई है।

सक्षम संस्था के अध्यक्ष बनाए जाने पर दिनेश मंगल ने बताया कि वे तन,मन और धन सभी से अपनी टीम के साथ दिव्यांगजनों के लिए काम करेंगे और हर महीने की पहली तारीख को दिव्यांगों के लिए निशुल्क कैंप का आयोजन कार्यालय पर किया जाएगा। बैठक के दौरान आशीष मंगल,डॉ जितेंद्र मंगल,शहजाद खान,राजेश,दिनेश पाराशर, जितेंद्र दुबे,रवि शर्मा,आकाश कपरेला,पिंटू अग्रवाल एवं अन्य मौजूद रहे।

## गर्भवती महिला को देखकर छेड़ने की कोशिश, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** कस्बे के भरतरी कॉलोनी की गली में बस स्टैंड के पीछे एक युवक का सीसीटीवी कैमरे में दिनदहाड़े गर्भवती महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना दोपहर करीब 12.30 बजे के आसपास की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता का पति सरकारी स्कूल में लाइब्रेरियन हैं। घटना उस समय बताई जा रही है जब गर्भवती महिला अपने बच्चे को प्राइवेट स्कूल छोड़कर घर वापस आ रही थीं। आरोपी युवक ने मोका देखकर स्कूल के पीछे वाली गली में महिला से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड घटना से लगता है कि आरोपी युवक ने महिला से छेड़छाड़ के अलावा जबरदस्ती करने की कोशिश करने का प्रयास किया। महिला ने अपने आप को संभालते हुए साहस दिखाया और चिल्लाने लगी। महिला को कुछ ना मिला तो जमीन पर पड़े पत्थर को उठाकर आरोपी की तरफ फेकने की कोशिश की इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। घटना की जानकारी गली के पास घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बयाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली थाना प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस को आरोपी के मनोविकृत होने की आशंका है। पीड़ित परिवार ने अभी तक मामला दर्ज नहीं कराया है।

## आस्था से भरपूर बल्लभगढ की देवी माता का मेला 4 अप्रेल को

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** बल्लभगढ़ मे अरावली पर्वत मालाओं की चोटी पर स्थित देवी माता मन्दिर आस्था से भरपूर है जहां 4 अप्रैल को मेले का आयोजन होगा। बताया जाता है कि इसका निर्माण भरतपुर रिसायत के संस्थापक महाराजा सूरजमल ने साल 1729 में क्षेत्र के सर्व समाज का सहयोग लेकर कराया। यहां मेले की शुरूआत साल 1912 में गांव के निवासी सगे दो भाई मन्नू मीणा और कृष्णा मीणा ने कराई , तभी से यहां प्रति बर्ष मेला लगता आ रहा है। प्रत्येक महिना की सप्तमी-अष्ठमी को लघु मेला तथा साल में एक बार विशाल मेला लगता है। वैसे समय-समय पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम होते रहते है। सभी मेले और धार्मिक कार्यक्रमों में गांव बल्लभगढ सहित पडौसी गांव के भारी सख्यां श्रद्वालु शामिल होते है और देवी माता की पूजा-अर्चना करते हैं। समय के बदलाव के साथ मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए रहट-झूले,सर्कस आते है तथाखेलकूद,कुश्ती, नौंटकी,कविसम्मेलन,सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कराए जाते है। देवी माता मेला 4 अप्रेल से शुरू होगा,जो 5 अप्रेल तक लगेगा। मेला ग्राम पंचायत बल्लभगढ,मेला कमेटी तथा गांव के लोगों के सहयोग से लगता है। मेला कमेटी के संरक्षक व पूर्व सरपचं कलुआराम मीणा एवं प्रशासक प्रतिनिधी दिलीप मीणा ने बताया कि 4 अप्रेल को सुबह देवी माता मेला का ध्वजारोहण होगा,जिसके बाद पूजा-अर्चना होगी और इसी दिन अनेक प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताए होगी। दूसरे दिन 5 अप्रेल को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन होगा।

## कृषक प्रशिक्षण के लिए कृषक दल रवाना

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. ) ।** बजट घोषणा अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के तहत राजस्थान कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्धन के लिए कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) परियोजना के अन्तर्गत कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ युवा कृषकों को राज्य से बाहर देश के विभिन्न राज्यों में कृषि एवं पशुपालन नवीनतम तकनीक के प्रशिक्षण हेतु बुधवार को अतिरिक्त निदेशक कृषि (ति.) भरतपुर सम्भाग देशराज सिंह द्वारा कृषक दल की बस को हरी झंण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अतिरिक्त निदेशक कृषि ने बताया कि 7 दिवसीय वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन विषय पर अन्तर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण पं. दीनदयाल पशु चिकित्सा वि.वि. एवं गौ अनुसंधान निदेशालय, दुवासु, मथुरा (उ.प्र.) को भेजा गया। उन्होंने बताया कि कृषक प्रशिक्षण 19 से 25 मार्च तक चलेगा इसमें जिले के 40 किसानों, पशुपालकों को उन्नत एवं नवीन वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश चन्द महावर ने बताया कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जिले को 02 राज्य से बाहर कृषक प्रशिक्षण के लक्ष्य प्राप्त हुये थे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण दल कृषक, पशुपालन के आधुनिक नवाचार, आमदनी में बढोतरी एवं उन्नत कृषि के गुर सीख सकेंगे। उप परियोजना निदेशक आत्मा अमर सिंह ने कृषक प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दल के प्रभारी बदन सिंह डागुर, स.कृ.अ. व सह प्रभारी दलवीर सिंह, कृषि पर्यवेक्षक रहेंगें। उन्होंने बताया कि इसमें प्रगतिशील कृषक लज्जाराम, विजय सिंह, पं.स. बयाना रामहंस, गोरधन पं.स. नदबई सतीश चन्द, अयज पाल पं.स. सेवर एवं अन्य पंचायत समितियों से भी कृषक शामिल हुये हैं।

# पेयजल परेशानी को लेकर महिलाएं चढ़ी पानी की टंकी पर



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** होली निकलते ही पानी के लिए नगर पालिका क्षेत्र में मारामारी शुरू हो गई है कस्बे की वैर सड़क मार्ग की कालोनियां हो या हो कस्बे के अंदरूनी हिस्से, प्रत्येक जगह पेयजल की समस्या गैहराती जा रही है बुधवार 19 मार्च को बसवारा गली निवासी महिलाएं भगत राज स्थित जलदाय कार्यालय पहुंची वहां अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नहीं मिलने पर पेयजल की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ गई।

उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने कार्यवाहक कनिष्ठ अभियन्ता मुकेश कुशवाहा को मौके पर भेजा।

**इनका कहना है :** बसवारा कोलोनी की महिला अपनी समस्या को लेकर कार्यालय पहुँच थी। वर्तमान में मेरे पास भुसावर कनिष्ठ अभियंता का अतिरिक्त चार्ज है जैसे ही मुझे पता लगा मैं मौके पर पहुंचा महिलाओं को समझा कर उन्हें घर भेजा। बसवारा कॉलोनी वाली पेयजल लाइन फ्लोराइड से भर गई है। कर्मचारियों के साथ पाइपलाइन से फ्लोराइड बाहर निकालाने की प्रक्रिया की जा रहा है । समस्या का स्थाई समाधान किया जा रहा है।

**मुकेश कुशवाहा,**
**कार्यवाहक कनिष्ठ अभियन्ता**
**जल संसाधन, भुसावर**

## बेरी गांव में लगा नेत्र जांच शिविर

बढ़ता राजस्थान



**वैर / भरतपुर ( गोपाल पाठक )।** श्री मनीराम बाबा भक्त मण्डल बेरी तथा कल्याण करोती श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान मथुरा के द्वारा उपखंड वैर के गांव बेरी स्थित श्री मनीराम बाबा आश्रम पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजवीर सिंह बेरी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. अलका मिश्रा की अध्यक्षता में नि:शुल्क नेत्र जांच व परामर्श शिविर लगा। जिसमें 125 नेत्र रोगियों के नेत्र की जांच की गई और इनमें से 20 रोगी नेत्र ऑपरेशन को चिन्हित कर उन्हे ऑपरेशन के लिए मथुरा रैफर कर दिया गया। मुख्य अतिथि राजवीर सिंह बेरी ने कहा कि मानव सेवा ही दुनियां की सबसे बडी सेवा है,जो निस्वार्थ भाव से सेवा करता है,उसे प्रत्येक व्यक्ति याद करता है और वह मानव सेवक कहलाता है। डॉ.अलका मिश्रा ने कहा कि नेत्र की रोशनी के बिना मानव जीवन अधूरा है,आज सभी को नेत्र की रोशनी की जरूरत है। हमें समय-सय पर नेत्रों की जांच जरूर करानी चाहिए,जिससे नेत्र अच्छी रहे और मानव जीवन स्वस्थ्य एवं निरोगी रहे। कॉर्डिनेटर शु भम सक्सैना ने बताया कि नेत्र जांच एवं परामर्श कैम्प में कुल 125 रोगियों की नेत्र जांच हुई,जिसमें से 20 रोगी मोतियाबिन्द निकले,जिन्हे ऑपरेशन के लिए मथुरा स्थित कल्याण करोती श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान को रैफर कर दिया गया। कैम्प में सचिन सारस्वत, निशान्त शर्मा, दिनेशचन्द,बॉबी सिंह, निमेश चौधरी, गिरधारी लाल,केशव बंसल,यादराम सिंह आदि का सहयोग किया ।

## फूल बंगला झांकी के साथ शीतला माता के भक्तों ने ठंडे पकवानों का लगाया भोग



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** नगर पालिका क्षेत्र सहित समस्त उपखंड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को ठंडे पकवानों से भक्तों ने विधि-विधान से शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की।

नगर पालिका क्षेत्र के हिंडौन रोड एवं भगराज स्थित शीतला माता मंदिर में विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई। सुबह 4 बजे से ही महिलाएं मंदिर पहुंचने लगीं। भक्तों ने एक दिन पहले बनाए गए ठंडे पकवानों का भोग लगाया। मंदिर में भजनों की धुन पर भक्तों ने नृत्य किया और माता के जयकारे लगाए।

पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दूर-दूर से आए भक्तों ने माता के दर्शन कर मन्नतें मांगी। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## खाद्य व्यापारियों को दिया फॉस्टैक प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री के निर्माण, भंडारण ,परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फॉस्टैक ट्रेनिंग फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम शिविर का आयोजन आशीर्वाद होटल में किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि बुधवार को शहर के सभी खाद्य कारोबारियों को एफ एस एस ए आई टीम ने निशुल्क फॉस्टैक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर मुकुल गुप्ता ने खाद्य व्यापारियों को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की संरचना और कार्यप्रणाली कि जानकारी के साथ-साथ लाइसेंस का महत्व एवं लाइसेंस नंबर की पूर्ण जानकारी भी दी। जिससे खाद्य कारोबारी किसी भी लाइसेंस नंबर से उसके राज्य, जिले एवं अन्य सभी जानकारियां खुद समझ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में पैकेज्ड फूड मटेरियल से संबंधित सभी नियमों की जानकारी प्रत्येक पैकेज मटेरियल के लेबल पर लिखे जाने वाले अनिवार्य बिन्दुओं की जानकारी, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम की जानकारी एवं उनके पालन का तरीका बताया गया।

## बहादुरपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन
## परिसीमन में ग्रामीणों को पंचायत से छेड़छाड़ की आशंका, प्रशासन को चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहादुरपुर के दर्जनो नागरिकों द्वारा बुधवार को एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। नागरिकों ने आरोप लगाया कि 5 वर्ष पहले बहादुरपुर ग्राम पंचायत का गठन हुआ है। ग्राम पंचायत में जितने भी गांव हैं उनके लोग पूरी तरह संतुष्ट है लेकिन राजनीतिक द्वेषभाव से अब बहादुरपुर ग्राम पंचायत से छेड़छाड़ की जा रही है। बहादुरपुर ग्राम पंचायत के कुछ गांवो को अलग कर नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जो किसी भी ग्रामीण को स्वीकार नहीं है।ऐसे में एसडीएम भगवत शरण त्यागी को ज्ञापन सौप मामले में कार्रवाई की मांग की है। बहादुरपुर ग्राम पंचायत के नागरिक अभय सिंह परमार, राघवेंद्र सिंह परमार,संतोष गौड़,रामधन गुर्जर,गजेंद्र प्रसाद, लवकुश तोमर,संत कुमार,जगन्नाथ,मानसिंह,अशोक कुमार, विक्रम सिंह आदि ने बताया कि उनकी बहादुरपुर ग्राम पंचायत का निर्माण पिछले कांग्रेस कार्यकाल में हुआ था। ग्राम पंचायत में कुतुकपुर, वेनपुरा,माफी,बख्तूपुरा और बहादुरपुर गांव आते हैं। सभी गांवो के लोग बिना किसी परेशानी के पूरी तरह संतुष्ट हैं। अब राजनीतिक द्वेषभावना से उक्त ग्राम पंचायत का परिसीमन कर दूसरी ग्राम पंचायत बनाई जा रही है।

इस ग्राम पंचायत के कुछ गांव को अलग किया जा रहा है। जो ग्रामीणों को स्वीकार नहीं है।

## व्यापारी नैतिकता से व्यापार करें-डॉ. सिंह

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 की थीम न्याय संगत परिवर्तन के लिए सतत जीवन शैली का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए सतत और स्वस्थ जीवनशैली को सर्वसुलभ और किफायती बनाना है। यह थीम पर्यावरणीय संतुलन और उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों की सुरक्षा के बीच एक समन्वय स्थापित करने पर बल देती है। इस दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं के उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना हैं। यह कहना है कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉ सिंहविश्व उपभोक्ता अधिकार सप्ताह के उपलक्ष आयोजित विचार गोष्ठी पर अपना उदबोधन दे रहे थे! डॉ. विकास कुमार आर्य व डॉ. शंकर लाल यादव सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि कई कम्पनी अपने माल का भ्रामक प्रचार करके उपभोक्ता का शोषण करती हैं। हमें ऑनलाइन लेन देन, साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता सुनिश्चत करने हेतु सावचेत होने की आवश्यकता है। व्यापारी को नैतिकता से व्यापार करना चाहिए। उपभोक्ता को शुद्ध सामग्री देने वाली कम्पनी उपभोक्ता की पहली पसंद बनती जा रही है। हमें सामग्री की पैकिंग के लिए प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समस्त कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 5वे चरण का खुरपका मुंहपका टीकाकरण प्रारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण प्रोग्राम के तहत पांचवें चरण का खुरपका मुंहपका रोग के टीकाकरण का शुभारंभ किया गया है। भुसावर के नोडल अधिकारी डॉ विजय पहाड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि दुधारू पशुओं में खुरपका मुंहपका रोग होता है जिसमें रोगी पशुओं को तेज बुखार ,मुंह से लार गिरना, मुंह में छाले हो जाना ,खुरो के बीच में छाले हो जाना होता है। जिससे पशु की दूध देने की क्षमता कम हो जाती है इससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ खुशीराम मीना ने बताया कि इस रोग से बचने के लिए दुधारू पशुओं में प्रतिवर्ष 6-6 माह के अंतराल पर वर्ष में दो बार टीके लगाए जाते हैं।

# उपखण्ड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चितौड़गढ़ के निर्देशानुसार उपखण्ड कार्यालय कपासन में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग,राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी से बीएलए राधेश्याम वैष्णव,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष रतननाथ योगी,सुरेश जाट,भैरूशंकर गौड़, कांग्रेस नगर अध्यक्ष कपासन शंकरलाल प्रजापत, सीपीएम प्रतिनिधि हनीफ मंसूरी आदि उपस्थित रहे। बैठक में निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम,निरंतर अद्यतन,मतदाता सूची में नाम जुडवानें हेतु नियत 4 अहर्ता तिथि 1 जनवरी,1 अप्रैल,1 जुलाई,1 अक्टूंबर तथा निर्वाचन विभाग विभिन्न आईटी मोबाईल ऐप्स यथा वोटर हेल्पलाईन ऐप दिव्यांग मतदाता आदि वोटर हैल्पलाईन न. 1950 की जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही बैठक में चर्चा कर औसत से कम व अधिक रेष्यों वालें मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के नाम, जोडनें,हटाने की कार्यवाही मे बीएलओ को अपेक्षित सहयोग प्रदान करनें हेतु आग्रह किया गया।

नवविवाहित महिलाओं के नाम मतदाता सूची में जुडवानें पर चर्चा तथा राजनैतिक दलों से मतदाता परिचय पत्र को आधार कार्ड से लिंक करनें का सुझाव प्राप्त हुआ।जिसे कार्यवाही विवरण में लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी को भिजवाया गया।

# बिलोना ब्राण्ड अमानक घी के विक्रय पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने लगाया चार लाख पचास हजार का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा,( कैलाश गोस्वामी )।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बाड़मेर बनाम महेन्द्र पटेल पुत्र जेठाराम, मैसर्स पीयूष किराणा स्टोर, अराबा चौहान निवासी अराबा चौहान कल्याणपुर तथा पदमाराम पुत्र जेठाराम, मैसर्स पीयूष किराणा स्टोर, अराबा चौहान निवासी अराबा चौहान कल्याणपुर परिवाद अन्तर्गत धारा 26 (2) (द्वद्व) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं धारा 51 के अंतर्गत न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट डॉ. गुंजन सोनी ने मिलावटी बिलोना ब्रांड घी के विक्रय करने पर 4 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि खाद्य पदार्थ का नमूना बिलोना ब्रांड घी के प्रयोगशाला जांच में फोरेन फेट का मिलावट किया जाना पाया गया। उन्होने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं उसके अधीन बनाये गये विनियमों की सम्पूर्ण पालना किया जाना आवश्यक एवं बाध्यकारी है। खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट से अप्रार्थीगण के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उप धारा (2) (द्वद्व) का उल्लंघन करने के लिए अधिनियम की धारा 51 के तहत जुर्म प्रमाणित होता है। उन्होने अपने आदेश में बताया कि उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विवेचना उपरांत अप्रार्थी के विरुद्ध अपराध धारा 51 खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 प्रमाणित होने से अप्रार्थीगण पर चार लाख पचास हजार मात्र का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। उन्होने अप्रार्थीगण को जुर्माना राशि का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा ई-चालान राजकोष में जमा करवाने का आदेश सुनाया।

# युवा पीढ़ी की ऑनलाइन गेमिंग एप्प एवं सट्टे की तरफ बढ़ती सहभागिता- विधायक कोठारी

## विधायक कोठारी ने युवा पीढ़ी को बचाने के संबंध में सदन में उठाया मुद्दा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव पर बोलते हुए युवा पीढ़ी की ऑनलाइन गेमिंग एप्प एवं सट्टे की तरफ बढ़ती सहभागिता की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी जल्दी अमीर बनने के लिए ऑनलाइन गेमिंग एप्प एवं सट्टे की तरफ आकर्षित हो रही है, जिसके साथ ही वह सूदखोरों के जाल में भी फंसती जा रही है और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर भी अपनी कमाई के लालच में ऐसे गेम को प्रमोट और प्रचलित करते है, जिससे भी युवा पीढ़ी में ऑनलाइन गेमिंग का क्रेज बढ़ा है। कई बार तो युवा जिस पर अपने परिवार, समाज और देश की जिम्मेदारी है वो इस मकड़जाल में फंसकर अपनी जीवन लीला तक समाप्त कर लेते है, ऐसा होने पर उसके घर-परिवार के सदस्यों पर क्या बीतती है, यह हम सबके लिए चिंतन का विषय है और सरकार को इस पर सख्त कानून बनाकर युवा पीढ़ी को बचाना चाहिए और साथ ही जिला स्तर पर साइबर क्राइम की स्पेशल टीम का गठन करे जो ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर जो ऑनलाइन सट्टे गेमिंग का प्रमोशन करते है उन पर नजर रखकर दंडात्मक कार्यवाही करें।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा ( नि.स. )।** राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये 20 मार्च, गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुँजन सोनी ने बताया कि 20 मार्च, गुरुवार को जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

# जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी टीम हुई किसानों से रूबरू

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी द्वारा वित्त पोषित राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना अंतर्गत कृषक भंवर लाल माली के सब्जी प्रदर्शन क्षेत्र पर जायका टीम द्वारा गांव गोविंदपुरा, तहसील कोटडी, भीलवाड़ा में अवलोकन किया गया तथा उपस्थित कृषकों से संवाद किया गया।

उप निदेशक उद्यान डॉ शंकर सिंह राठौड द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना अंतर्गत किसानों को उन्नत कृषि गतिविधियों जैसे ड्रिप संयंत्र, मिनी स्प्रिंकलर, स्प्रिंकलर, मल्चिंग, लोटनल, प्रशिक्षण, प्रदर्शन, वर्मी बेड एवं सोलर पंप इत्यादि 75 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को उपलब्ध कराई गई जिनको किसान अपनाकर हाईटेक उद्यानिकी कर रहे है जिससे उनकी आय में 6 से 8 गुणा बढोतरी हुई है साथ ही आगे भी कृषकों को उन्नत उद्यानिकी तकनीक अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

सिद्धार्थ परमेश्वरेण, विकास अधिकारी, जायका भारत कार्यालय ने कृषकों से अपने विचार साझा किया तथा योजना का लाभ लेकर आगे भी इस तरह की गतिविधियों को जारी रखकर अन्य कृषि को भी प्रोत्साहित कर अपनी आय में बढ़ोतरी करने का आह्वान किया।

कृषकों द्वारा अपनाई जा रही गतिविधियों को जायका दिल्ली कार्यालय से इंगाकी यूकरी, प्रोजेक्ट फॉर्मूलेशन एडवाइजर द्वारा सराहा गया तथा महिला कृषकों की कृषि एवं आजीविका में सुधार की सराहना की। उन्होंने उपस्थित महिला कृषकों से आवाहन किया कि कृषि में नवीन तकनीकी अपनाकर अपनी आय में और वृद्धि करने के अवसर तलाश करें और समूह आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करें जिससे अधिक लाभ हो सके।

डब्ल्यूए अध्यक्ष कोठारी सिंचाई उप परियोजना सुरेंद्र सिंह द्वारा जायका टीम का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रगतिशील महिलाओं और पुरुष किसानों से वैज्ञानिक तकनीकी से सब्जी उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया।

जायका टीम, जनप्रतिनिधियों, उच्च अधिकारीगणो कृषकों द्वारा उत्पादित फल सब्जी प्रदर्शनी एवं राजीविका महिला समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा चारभुजा कृषक उत्पादक समूह के भंवर लाल और महिला समूह की आशा पंचोली के द्वारा योजना के



माध्यम से मिले हुए अनुदानों के बारे में बताया गया किसानों द्वारा योजना की सराहना की गई।

महेश चन्द्र चेजारा, संयुक्त निदेशक, उद्यान, डॉ शंकर सिंह राठौड, उप निदेशक उद्यान, दिनेश सोलंकी, कृषि अधिकारी उद्यान, अशोक चौधरी एवं शिव प्रकाश मेघवंशी कृषि पर्यवेक्षक उद्यान विभाग, सी.के. कोली, अधिशासी अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, महिला बाल विकास, राजीविका, पीएमयू, पीएमसी और अर्पण सेवा संस्थान जयपुर से उच्च अधिकारी गण मौजूद रहे।

# सोने,चांदी की बढ़ती कीमतो से स्वर्णकार समाज आहत पीएम से की मांग,आसमान छू रहे भावो को करे नियंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बुधवार को अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज तहसील नैनवां की ओर से पीएम के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन से पूर्व स्वर्णकार समाज के प्रबुद्धजनो की एक बैठक नीलकंठ महादेव मंदिर पर आहूत की गई। यहां से जुलूस के रूप में उपखण्ड कार्यालय पहुँचे जहां प्रदर्शन करके पीएम के नाम पांच सूत्री मांगो का एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि सोने चांदी के आसमान छू रहे भाव से स्वर्णकार समाज परेशान है। जिसके चलते सभी स्वर्णकार समाज के काम धंधे चैपट हो गये है। परिवार का लालन पालन पर भी संकट गहरने लग गया है। ऐसे में सोने चांदी के भाव को नियंत्रित किया जाना चाहिए। स्वर्णकार समाज भारत देश में जनसंख्या की दृष्टिकोण पर अल्पसंख्यक दायरे में आता हैं। भारत सरकार के अल्प संख्यक योजना में हमें शामिल करवा कर स्वर्णकार समाज के परिवारजनों को इस योजना लाभांश दिलवाया जाए। ओर साथ ही स्वर्णकार समाज के परिवार के छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति का भी



लाभांश उपलब्ध करवाया जाए। स्वर्णकार समाज के कारीगरों को कम से कम 10 लाख रुपए का बैंक के माध्यम से बिना गारंटी और बिना ब्याज ऋण उपलब्ध करवा जावें। ओर साथ ही स्वर्णकार समाज के दुकानदारों के लिए बैंक की ओर से कम से कम 20 लाख की लिमिट बनाई जाए ताकि स्वर्णकार दुकानदार उसे पैसे का अपनी दुकान में सदुपयोग कर दुकान में चांदी सोने का माल ला सकें। धारा 411 में संशोधन किया जाकर शिथिलता प्रदान करे। चांदी-सोने को सट्टा बाजार से बाहर निकाले।

ज्ञापन के दौरान डॉ दीक्षांत सोनी, बालकिशन सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, चेतन सोनी, गणेश सोनी, सत्यनारायण सोनी, रामचरण सोनी, हरि मोहन सोनी, उत्तम सोनी, अटल सोनी, मुकेश सोनी, नारायण सोनी, विष्णु सोनी, सोनू सोनी, दिनेश सोनी, महावीर सोनी रमेश सोनी, लोकेश सोनी, मुकुट सोनी इत्यादि जजावर, बांसी, दुगारी, देई, नगर फोर्ट, बूंदी, दबलाना गांव से स्वर्णकार समाज बंधु शामिल हुए।

# जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में एडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप 30 मार्च को राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों व राज्य स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

जिलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक ली।

अतिरिक्त कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 मार्च, राजस्थान दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का बड़े स्तर पर आयोजन किया जाएगा जिसमें युवा, किसान, महिला एवं नारी, गरीब, वंचित वर्ग के लिए विभिन्न लाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित होंगे साथ ही निवेश उत्सव भी मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन राज्य सरकार के सुशासन, जन कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग द्वारा लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

अतिरिक्त कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां संबंधित विभाग के अधिकारी आवश्यक रूप से शुरू करना सुनिश्चित करें एवं राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री की मंशानुरूप कार्यक्रमों का बेहतर व भव्य आयोजन हो।

बैठक में एटीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमनलाल मीणा, जिला सांख्यिकी अधिकारी सोनल राज सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सड़लानाडा धाम पर फूलडोल महोत्सव में रही लोकनृत्य गेर की धमचक

## माताजी एवं मामाजी धाम पर रंग पंचमी का मेला संपन्न।

## गेर नर्तक पारंपरिक लोककला एवं सांस्कृति की विरासात गेर का किया जीवंत प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा,( कैलाश गोस्वामी )।** ग्राम पंचायत मुख्यालय लालाणा के सड़लानाडा पर स्थित श्री सुभद्रा माताजी एवं मामाजी महाराज का धाम पर फाग महोत्सव के तहत रंग पंचमी का मेला बुधवार को सड़लानाडा धाम एवं श्री निम्बेश्वर हाथीबंद महादेव मठ खारवा-जेठन्तरी के मठाधीश महंत भुवनेश्वरपुरी महाराज के सानिध्य में फूलडोल कार्यक्रम आयोजित हुआ। फाग महोत्सव के दौरान आस-पास गांवों के विभिन्न गेरदलों के नर्तकों ने लोक कला एवं संस्कृति की विरासत गेर नृत्य का जीवंत प्रदर्शन कर छटा बिखेरी।

बुधवार को रंग पंचमी मेले में फाग महोत्सव के तहत पारंपरिक फूलडोल कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय गेर दल के अलावा आस-पास के कनाना, पारलू, ऊमरलाई, काकराला, खारवा आदि गांवों से गेरदल पहुंच नर्तक राजस्थान का पारंपरिक लोक नृत्य गेर का अनूठा प्रदर्शन किया। वहीं रंग पंचमी के मेले में बडी़ संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माताजी व मामाजी के दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की तथा विभिन्न गेरदलों के प्रदर्शन को निहारा। सड़लानाडा धाम पर गेरदलों के लिए छाया-पानी की माकूल व्यवस्था की गई थी। इस



अवसर पर श्री मठ कनाना के मठाधीश महंत परशुरामगिरी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा तथा बडी़ संख्या में भक्त-भाविक मौजूद रहे।

सड़लानाडा धाम पर आयोजित प्रेमसभा में मौजूद श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए मठाधीश महंत भुवनेश्वरपुरी महाराज ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में अधिकांश यूथ जनरेशन विभिन्न प्रकार के व्यसनों का सेवन अधिक कर रही है, जो कि नही करना चाहिए।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत नवीनतम उपचार प्रणाली का दिया प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** बुधवार को जिला क्षय रोग निवारण केंद्र बूंदी के माध्यम से एमडीआर टीबी के नवीनतम उपचार प्रणाली बी पी ए एल एम रेजिमेंट की ट्रेनिंग दी गई जिसमें जिले भर के चिकित्सा अधिकारियों एवं टीबी सुपरवाइजर ने प्रशिक्षण प्राप्त किया! जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर कुलदीप मीणा ने बताया कि अब एमडीआर टीबी की इलाज अवधि मात्र 6 महीने ही रह गई है इससे मरीजों को होने वाली परेशानी में राहत मिलेगी यह नवीन उपचार प्रणाली अधिक प्रभावित होने से मरीजों की ट्रीटमेंट सक्सेस रेट में भी बढ़ोतरी होगी!प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रोग्राम कोरडीनेटर धीरेन्द्र सिंह, पीपीएम कोरडीनेटर शैलेन्द्र भारद्वाज,डीआरटीबी कोरडीनेटर विशाल शर्मा मौजूद रहे! प्रशिक्षण मै मौजूद प्रशिक्षराथियो को शपथ दिलाई, निक्षय मित्र बनाने की जानकारी प्रदान की ।

# कई बार नोटिस देने के बावजूद नहीं हटाया अतिक्रमण तो एन एच आई का पीला पंजा वेलकम होटल पर चला

## हाईवे पर देखने वालों की भीड़ हुई जमा

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** सदर थाना इलाके के रामगंज बालाजी वेलकम होटल में खाना खाने युवकों की पिटाई की ओर एक युवक की हत्या वेश्यावृत्ति सहित होटल के अंदर से जो महिलाओं और यूवतियों की बरामद के बाद प्रशासन ने बुधवार को पीला पंजा चलाया एन एच आई के अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह ने अपनी सीमा में होटल संचालक द्वारा अतिक्रमण करने के मामले में पहले ही अवगत करवाया था, लेकिन इस मामले पर ,जब कोई जवाब नहीं मिला तो ,आज भारी पुलिस बल के साथ नहीं द्वारा अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई। इस दौरान आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया लगभग 100 होटल संचालकों को भी एन एच आई की ओर से नोटिस दिया गया था , मगर उन नोटिस का ना कोई जवाब था और ना ही अतिक्रमण हटाया तो बुधवार को एन एच आई द्वारा में हाईवे के डिवाइडर के सेंटर से फीता डालकर नाप चोप करने के बाद 3 फिट का कब्जा हटाया गया। वेलकम होटल में गत दिनों एक युवक की हत्या करने सहित वेश्यावृत्ति करने महिलाओं को बंधक बनाकर जबरन वेश्यावृति करवाने के मामले में एन एच आई और प्रशासन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को सीमा में हो रहे अतिक्रमण को ध्वस्त किया । इस दौरान पुलिस एन एच आई द्वारा पुलिस जातामांगा गया था जिसमें डी वया एसपी अरुण मिश्रा, सदर थाना प्रभारी रमेश आर्य, तहसीलदार अर्जुन मीणा सहित पुलिस जाप्ता तैनात था ।




# वोटर आईडी से लिंक होगा आधार- चुनाव आयोग ने बैठक आयोजित कर किया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/ भीलवाड़ा।** चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आयोग ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के संदर्भ में बताया कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। इसलिए आधार से लिंक करने की प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता सूची में दर्ज हों। आयोग ने कहा, संविधान के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिल सकता है। आधार सिर्फ व्यक्ति की पहचान साबित करता है, उसकी नागरिकता नहीं। इसलिए इस प्रक्रिया को कानूनी दायरे में रखा जाएगा और सुप्रीम कोर्ट के सिविल के फैसले के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा। चुनाव आयोग और आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे।

# चार सालों से निरस्त 700 श्रमिक कार्ड फिर हुए जारी, श्रमिकों के चेहरे पर आई मुस्कान

## श्रम विभाग के प्रयासों से वर्षों से भटक रहे सैंकड़ों निर्माण श्रमिकों को मिली राहत

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार निर्धन एवं वंचित वर्ग के कल्याण हेतु संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिले में लगभग चार सालों से भटक रहे श्रमिकों को श्रम विभाग ने राहत लेकर उनके घर खुशियां पहुंचाने का कार्य किया है। दरअसल राज्य सरकार द्वारा निर्माण कार्य के क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के कल्याण हेतु भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल के माध्यम से निर्माण श्रमिकों का पंजीयन कर श्रमिक कार्ड दिया जाता है। इस कार्ड से लाभार्थी श्रमिक को मण्डल की योजनाओं जैसे- निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना, प्रसूति सहायता योजना, श्रमिक की मृत्यु के



पश्चात सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाता है।

**चार सालों से भटक रहे थे श्रमिक :** राजसमंद जिले में वर्षों से कई श्रमिक ऐसे थे जो कार्ड निरस्त होने से पुन: जारी करवाने हेतु भटक रहे थे। जिला कलक्टर के निर्देशन में श्रम विभाग द्वारा निरंतर श्रमिकों से संपर्क कर निरस्त आवेदनों की अपील करने हेतु आग्रह किया गया है। अपीलों की जांच पश्चात विभाग ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए इस काम को प्राथमिकता पर लिया और श्रमिकों को श्रमिक कार्ड जारी किए गए।

### 700 से अधिक श्रमिक कार्ड जारी

श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राइका ने बताया कि जिले में लगभग 800 निरस्त श्रमिक कार्ड को लेकर अपील श्रमिकों द्वारा प्रस्तुत की गई थी जिस पर निर्णय लेते हुए लगभग 700 श्रमिक कार्डों को स्वीकृत किया जा चुका है। जिन श्रमिकों द्वारा अपीलें प्रस्तुत की गई है, जिनकी अपील स्वीकृत हो गई है वे नजदीकी ई मित्र पर जाकर नियमानुसार शुल्क जमा कर अपना श्रमिक कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। जिन्होंने अभी तक अपील प्रस्तुत नहीं की है वे कलेक्ट्रेट स्थित श्रम विभाग कार्यालय कक्ष 302 में आकर या फोन नंबर 02952222522 पर संपर्क कर सकते हैं।

**निर्माण श्रमिक की परिधि में आते हैं ये लोग :** निर्माण श्रमिक से आशय उस व्यक्ति से है जो किसी भवन या अन्य निर्माण कार्य में कुशल, अर्द्धकुशल या कुशल श्रमिक के रुप में शारीरिक सुपरवाइजर तकनीकी या क्लेरिकल कार्य पारिश्रमिक के लिए करता हो। निर्माण श्रमिक में पत्थर काटने वाले या पत्थर तोड़ने वाले या पत्थ पीसने वाले कामगार, मनरेगा श्रमिक, राज (मैसन) मिस्त्री, बढ़ई (कारपेंटर), पुताई करने वाले (पेन्टर), फिटर या बार बेंडर, सड़क या पाईप मरम्मत कार्य में लगे प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, कुएं खोदने वाले, बेल्डिंग करने वाले, मुख्य मजदूर, मजदूर या बेलदार, स्प्रे मैन या मिक्सरमेन (सड़क बनाने में लगे), कुएं में गाद (तलछट) हटाने वाले गोताखोर, हथौड़ा चलाने वाले, छप्पर डालने वाले, मिस्त्री, लौहार, लकड़ी चीरने वाले, मिश्रण करने वाले (कंक्रीट मिक्सर चलाने वाले सहित), पम्प ऑपरेटर, मिक्सर चलाने वाले, रोलर चालक, बड़े यांत्रिकी कार्य जैसे भारी मशीनरी, पुल के कार्य आदि में लगे खलासी, चौकीदार, मोजाइक पॉलिश करने वाले, सुरंग कर्मकार, संगमरमर व अन्य पत्थर कर्मकार, चट्टान तोड़ने वाले एवं खनि कर्मकार (जो खान अधिनियम के अंतर्गत नहीं आते हैं), संनिर्माण कार्य से जुड़े मिट्टी का कार्य करने वाले, चुना बनाने की क्रिया में लगे कर्मकार आदि शामिल हैं।

## स्थानीय पार्षद ने आवासीय कॉलोनी में मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग करवाने एवम् चारभुजा बस स्टैंड को शुरू करवाने की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** बदलते मौसम के साथ ही मच्छरों का प्रकोप देखने को मिल रहा है साथ ही मौसमी बीमारी फैलने का भी खतरा बढ़ता जा रहा है। परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी से पार्षद मनीष गिरी ने एस डी एम व नगर पालिका प्रशासक महेश गगोरिया एवम् अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर से भेट की एवम् मच्छरों से बचाव के लिए अणु किरण,अणु प्रताप,अणु छाया,अणु तारा एवम् अणु दीप कॉलोनी के सभी वार्डों में फॉगिंग करवाने की मांग की।नगर पालिका प्रशासक एवम् अधिशासी अधिकारी ने नगर पालिका कर्मचारियों को तुरंत फॉगिंग करवाने के आदेश दिए कॉलोनीवासियों कि ओर से पार्षद मनीष गिरी ने अधिकारियों के प्रति आभार जताया साथ ही पार्षद गिरी ने एस डी एम महेश गगोरिया को परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी,चारभुजा एवम् अन्य गांवों के निवासियों को कई वर्षों से आ रही परेशानी से अवगत करवाया जिसमें उन्होंने राजस्थान रोड वेज की बसों का संचालन परमाणु बिजलीघर द्वारा सी एस आर में बनाए गए करोड़ों रु के चारभुजा बस स्टैंड तक करवाने की मांग साथ ही बसों को बालाराम चौराहा फेस 2 से नहीं मोड़ने के निर्देश देने की मांग की एस डी एम महेश गगोरिया ने इस संदर्भ में जल्द से जल्द आमजन की समस्या को हल करने हेतु दिशा निर्देश देने का आश्वासन दिया।

## मातृशक्ति ने विभिन्न स्थानों पर बैठके तय कर धर्मसभा को सफल बनाने का आव्हान किया

### मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा के पंजीयन की रचना बनाई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति राजसमंद द्वारा 30 मार्च रविवार को बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली में प्रात: 11 बजे विराट धर्मसभा एवं भव्य शोभायात्रा के आयोजन को लेकर मातृशक्ति की विभिन्न टोलियों द्वारा शहर में कई स्थानों पर बैठके आयोजित की गई। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि मातृशक्ति द्वारा 21000 कलश यात्रा के लिए दस रुपए का पंजीयन शुल्क व गृह संपर्क अभियान के सौ रुपए पंजीयन शुल्क जिसके तहत नववर्ष मंगलमय हो का तोरण व प्रत्येक घर पर भगवा ध्वज देने के साथ ही, शोभायात्रा के मार्ग में तीन किलोमीटर लंबी ऑयल पेंट की रंगोली बनाई। समिति द्वारा पंचरत्न कॉम्प्लेक्स, सनसिटी, नवरत्न कॉलोनी, कमल तलाई, चँवरा मोहल्ला, छिपा मोहल्ला, पालीवाल समाज, मंडा राजनगर, प्रजापत समाज, खत्री समाज, मालीवाड़ा-1, मालीवाड़ शिव मंदिर, खटिक वाडा, रेगर समाज, शीतलामाता मंदिर राजनगर, मालियो की बड़ी, दानी चबूतरा, बड़ा पाड़ा राजनगर, नंदवाना वास, भोई वाडा, भोइमली, ज्ञान गछ कॉलोनी, हाउंसिंग बोर्ड, धोइंदा, तेली समाज, सुंदर टॉकिच, सिद्धार्थ कॉलोनी आदि जगहों पर बैठक कर जागृति की गयी।

## ग्लास फैक्ट्री के पास अपार्टमेंट में लगी आग तीन दमकलों ने पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना इलाके में स्थित ग्लास फैक्ट्री के पास प्रतापनगर में एक अपार्टमेंट के प्रथम फ्लोर पर एक फ्लैट में बुधवार शाम अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर तीन दमकल मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे में आग पर काबू पाया। आग से फर्नीचर सहित अन्य सामान जल गया। आग रसोई में रखे सिलेण्डर में गैस लीकेज होने की वजह से लगी। समय रहते लोगों ने सिलेण्डर को बाहर निकाल दिया वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस के अनुसार टोंक रोड पर ग्लास फैक्ट्री के पास एक फ्लैट में शाम करीब सवा 6 बजे सिलेण्डर में लीकेज के चलते आग लग गई। धुआं उठता देखकर स्थानीय लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर मानसरोवर से 2 और 22 गोदाम से एक दमकल मौके पर पहुंची और करीब आधा घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से रसोई में रखा सामान व फर्नीचर जल गया।

## महर्षि गौतम के प्राकट्य महोत्सव की तैयारी हेतु आज गुर्जर गौड़ कपासन की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम का प्राकट्य महोत्सव आगामी 30 मार्च चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को स्थानीय गुर्जर गोड़ समाज के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।जिसकी तैयारियों हेतु आज गुरुवार को बैठक का आयोजन किया जायेगा। गुर्जर गौड़ समाज कपासन अध्यक्ष भुवनेश व्यास व महामंत्री लोकेश चाष्टा ने बताया कि गुर्जर गौड़ समाज के आराध्य एवं न्याय शास्त्र के प्रणेता महर्षि गौतम का प्राकट्य महोत्सव आगामी 30 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा।जिसके अंतर्गत प्राकट्य महोत्सव पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो की तैयारीयो को लेकर स्थानीय गुर्जर गौड़ समाज की आवश्यक बैठक का 20 मार्च गुरुवार सांय 5.30 बजे समाज के वरिष्ठ एवं युवा वर्ग की उपस्थिति में आयोजन किया जायेगा।

## अभय विद्या मंदिर में मोतियाबिंद जांच और निशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** करौली रोड स्थित अभय विद्या मंदिर में मोतियाबिंद जांच और निशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने सुबह 8 बजे शिविर का उद्घाटन किया।ट्रस्ट के संयोजक सुरेश गोयल पावटा और अध्यक्ष रमेश चंद गुप्ता ने बताया कि शिविर में 20 से अधिक नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दीं। 3-4 ओपीडी कक्षों में मरीजों की जांच की गई। शिविर में 300 से अधिक मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ।स्वामी श्री अभयानंद ट्रस्ट द्वारा ये 50वां शिविर है, जो संबल सोसायटी जयपुर और जिला अंधता निवारण समिति, करौली के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में करौली, सवाई माधोपुर, दौसा और भरतपुर जिले के मरीजों ने जांच कराई।गुरुवार से मोतियाबिंद के मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन शुरू होंगे। जयपुर से आई संबल सोसायटी की टीम के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ श्रवण सिंह तंवर, डॉ अविनाश पुरोहित और डॉ दिनेश यादव ऑपरेशन करेंगे। शिविर को सफल बनाने में सह संयोजक मनोज अग्रवाल, सचिव दामोदर गुप्ता, कमल किशोर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश पंसारी, जीतू महू और पुरुषोत्तम बजाज का विशेष योगदान रहा।

## राजकीय विद्यालय तस्वारिया में कक्षा 8 के विद्यार्थियो हेतु विदाई समारोह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के पीएम श्री राजकीय विद्यालय तस्वारिया में बुधवार को कक्षा 8 के विद्यार्थियो का विदाई समारोह आयोजित किया गया।साथ ही विद्यार्थियो को बोर्ड परीक्षा नियमों की जानकारी दी गयी।

जानकारी अनुसार पंचायत समिति कपासन क्षैत्र के पीएम श्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तस्वारिया में कक्षा 8 के विद्यार्थियों हेतु विदाई समारोह का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा,पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बामनिया दिलीप कुमार उपाध्याय,संस्था प्रधान सीपी सिरोया आदि गणमान्यजनों की उपस्थिति में आयोजन किया गया।कार्यक्रम में इस वर्ष इंस्पायर अवार्ड में ममता गाडरी का चयन होने पर मेधावी छात्रा का अतिथियों द्वारा उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।साथ ही कार्यक्रम में विद्यार्थियो को बोर्ड परीक्षा संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर शिक्षक गोविंद सिंह यादव,शिक्षिका पुष्पा बुनकर,रिजवाना खान सहित विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी एवं स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण जोशी ने तथा आभार शिक्षक श्यामलाल गौड़ द्वारा व्यक्त किया गया।

## निम्बाहेड़ा तहसील के पांच गांव राजस्व ग्राम घोषित

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्व मण्डल अजमेर एवं जिला कलक्टर, चित्तौडगढ़ से प्राप्त प्रस्ताव के अनुरूप राज्य सरकार ने निम्बाहेड़ा तहसील निम्बाहेड़ा के मूल राजस्व ग्राम से लगती हुई सीमाओं पर स्थित पांच ग्रामों (ढ़ाणियों) को एतद्द्वारा राजस्व ग्राम में घोषित किया है। पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने बताया कि राजस्थान सरकार के राजस्व विभाग ने अधिसूचना जारि कर निम्बाहेड़ा तहसील की जलिया ग्राम पंचायत के मूल राजस्व गांव पिपलिया कलां में से प्रकाशनगर, बरड़ा ग्राम पंचायत के मूल राजस्व ग्राम बोरखेड़ी में से ढावलिया, जावदा ग्राम पंचायत के मूल राजस्व ग्राम जावदा में से कान जी का खेड़ा, केली ग्राम पंचायत के मूल राजस्व ग्राम रठांजना में से खापरिया खेड़ी तथा मांगरोल ग्राम पंचायत के मूल राजस्व ग्राम मांगरोल में से लालुखेड़ा को नवीन राजस्व ग्राम के रूप में घोषित किया है। कृपलानी ने बताया कि आदेश के माध्यम से राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 107 में निहित प्रवधानों के तहत उक्त मूल राजस्व ग्राम एवं नवघोषित राजस्व ग्राम के खसरा जमाबन्दी, नक्शे आदि अभिलेखों को पृथक कर उनके संधारण के लिए जिला कलक्टर, चित्तौडगढ़ को अधिकृत किया गया है।

## मेवाड़ के प्रसिद्ध तीर्थ गढ़बोर में आयोजित हुई रंग पंचमी, चांदी के वैवाण में विराजित का ठाकुर जी को लाया गया चौक में

### केसर को पानी में घोलकर चांदी की पिचकारी से खेली होली,हजारों की संख्या में चारभुजा पहुंचे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मेवाड़ के प्रसिद्ध धाम गढ़बोर में करीब 400 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए रंग पंचमी श्रद्धा पूर्वक बनाई गई। इस मौके पर ठाकुर जी भगवान चारभुजानाथ को चांदी के वैवाण में विराजित कर बाहर चौक में लाया गया।जहां झूले में विराजित कर दर्शन खुले। इस मौके पर केसर को पानी में घोलकर वहां मौजूद हजारों पुजारी ने ठाकुर जी को चांदी की पिचकारी से होली खेलाई।



इस अनूठे नजारे के साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रदेश भर से पहुंचे हैं। रंग पंचमी उत्सव के बाद मंदिर और आसपास के सभी मोहल्लों की सड़क पूरी तरह से केसरिया हो गई। रात्रि में 15 दिन के फाग महोत्सव के तहत पुजारीयों द्वारा गैर नृत्य का आयोजन किया जाएगा। आज रंग पंचमी के मौके पर आने वाली भीड़ के चलते चारभुजा थाना पुलिस ने ऐतिहातन चप्पे चप्पे पर पुलिस जवान भी तैनात किए हैं।आपको बता दें प्रदेश में रंग पंचमी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश का सबसे बड़ा कार्यक्रम गढ़बोर के चारभुजा मंदिर में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रदेश बरसे हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेवाड़ के चार धामों में से एक चारभुजा नाथ में जलझूलनी एकादशी का भी विशाल मेला लगता है जो प्रदेश के मेलों में दूसरा सबसे बड़ा मेला माना जाता है। जिसमें हिंदू समाज के सभी जाति और सभी वर्गों के लोग पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पहुंचते हैं।

## गौ तस्करी का मामला सामने आया, पुलिस व गौ रक्षक दल ने खेत से छुड़ाए 9 गाय और 3 बछड़े, मामला दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के मल्हारगंज गांव में गो वश तस्करी का मामला सामने आया है ,गोवंश व बछड़ो को मुक्त करवा कर मेडिकल करवाने के बाद गो शाला भिजवाया है थाना प्रभारी अमरनाथ जोगी ने बताया कि गो रक्षक दल के सदस्य गजेन्द्र सिंह द्वारा एक रिपोर्ट दी कि गंगधार थाना क्षेत्र के मल्हारगंज इलाके में हिंदू संगठनों को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति द्वारा अपने खेत पर एक दर्जन से ज्यादा गो वंश बांध रखा है और इनकी तस्करी में लिप्त है साथ ही गो तस्करी में काम आने वाला सामान लाठी डंडे, कट्टे में भर कर रखे हुए पत्थर भी मिले जिसके बाद बड़ी संख्या में सभी संगठनों के कार्यकर्ता इक्ठे होने लगे इस दौरान मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लिया और हिन्दू संगठनों की मदद से युवक के खेत से 9 गो वंश गाय और 3 बछड़े कब्जे में लेकर मेडिकल मुआयना करवाया और गो वंशों को गो शाला भिजवाया साथ ही हिंदू संगठनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

## होटल फेडरेशन ने की कोर निदेशक से मुलाकात

### कोर एरिया मे सफारी शुरू करो, रिजर्व मे बढ़ाओ बाघो का कुनबा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की बूंदी इकाई ने बुधवार को रामगढ विषधारी टाईगर रिजर्व कोर निदेशक अरविंद कुमार झा से मुलाकात कर रामगढ के पर्यटन विकास व विभिन्न मुददो को लेकर विस्तृत चर्चा की।



होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान की बूंदी इकाई के प्रतिनिधीमंडल ने कोर निदेशक से टाईगर कन्जर्वेशन प्लान लागू कर कोर एरिया मे सफारी शुरू करने, दो टाइग्रेस को जल्द रिजर्व मे शिफट करने, सफारी के लिये नये रूटस तैयार करने, सफारी के दौरान देशी विदेशी पर्यटको को गाइड उपलब्ध करवाने, वन्यजीवो की मॉनिटरिंग प्रभावी ढंग से करने, जेतसागर झील मे होने वाली बॉटिंग के लिये स्थायी पांइट बनाने, राजमार्गो पर हो रही पेथरो की मौतो पर विशेष कार्ययोजना बनाने की मांग की। चर्चा के दौरान रामगढ टाईगर रिजर्व कोर निदेशक ने कहा कि रामगढ टाईगर रिजर्व को अन्य टाईगर रिजर्व की तरह समृद्व करने को लेकर प्रयासरत है जल्द ही अच्छे परिणाम सामने आयेगे। इस दौरान लोकेश सुखवाल, आलोक दाधीच, भगवान मंडोवरा, मुकेश श्रृंगी, संजय दोराश्री आदि मौजूद रहे।

## शीतला अष्टमी पर महिलाओ ने माता को लगाया ठंण्डे पकवानों का भोग

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** हिंडौन सिटी में चैत्र मास के दौरान शीतला माता की पूजा का विशेष महत्व है। बुधवार को शीतला कॉलोनी, मोहन नगर और किशन नगर स्थित भूमिया बाबा मंदिर में महिलाओं ने विशेष पूजन किया।

महिलाओं ने एक दिन पहले ही संध्या समय पर घरों में माता को भोग लगाने के लिए बास्योड़ा का पकवान तैयार किया था। बुधवार सुबह से ही शीतल पकवानों का भोग लगाया गया। शहर की सड़कों पर सज-धजकर महिलाएं नंगे पैर, हाथों में पूजन की थाली लेकर मंदिर की ओर जाती दिखीं।मंगल गीत गाते हुए महिलाओं ने समूह में पूजन किया। शीतला कॉलोनी स्थित मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई।

## वीर हनुमान मेले का भव्य आयोजन निकाली शोभायात्रा



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** महू इब्राहिमपुर में वीर हनुमान मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।दोपहर को धूमधाम से शोभायात्रा का आगाज हुआ। हनुमान मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। शोभायात्रा में वीर हनुमान जी की आकर्षक झांकी सहित कई धार्मिक झांकियां शामिल थीं। राधा-कृष्ण, सीताराम और शिव परिवार की झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। सैनिकों की शौर्य गाथा और हनुमान की सेना की झांकियां भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।शोभायात्रा सीताराम मंदिर से शुरू होकर मैन मार्केट, सुहागन मार्केट और त्रिपोलिया बाजार होते हुए गांव के पारंपरिक मार्गों से गुजरी। मार्ग में कई स्थानों पर ग्रामीणों ने शरबत वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कच्चे पक्के मकानों की छतों पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में शोभायात्रा को देखा।मेले के दौरान गांव में पूरे दिन उत्सव का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने वीर हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दुनिया के ऐसे देश जहां की करेंसी हैं सबसे ज्यादा मजबूत

## यहां रहने वाले लोग कमाते हैं करोड़ों में

**दुनिया में ऐसी कई मुद्राएं हैं जिनका मूल्य पाउंड स्टर्लिंग और यू.एस. डॉलर से अधिक है। मजे की बात यह है कि सबसे मजबूत मुद्राएं हमेशा दुनिया के सबसे धनी देशों से संबंधित नहीं होती हैं। ये सब कन्वर्जन रेट पर निर्भर करता है।**



### कुवैती दिनार

कुवैती दिनार को दुनिया की सबसे मजबूत मुद्रा के रूप में जाना जाता है। कुवैत एक छोटा सा देश है जो इराक और सऊदी अरब के बीच बसा है। कुवैत के पास दुनिया के वैश्विक तेल भंडार का नौ प्रतिशत हिस्सा है। मुद्रा को पहली बार वर्ष 1960 में यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता लेने के बाद पेश किया गया था और तब से यह दुनिया की सबसे मूल्यवान मुद्रा बन गई है। कुवैत में बेरोजगारी की दर भी कम है और यह दुनिया के कर-मुक्त देशों में से एक है। इसका एक मुख्य कारण तेल निर्यात है, इसके वैश्विक राजस्व का 80% तेल उद्योग से आता है।

### बहरीन दिनारी

बहरीन दिनार दुनिया की दूसरी सबसे मजबूत मुद्रा है। बहरीन फारस की खाड़ी में स्थित एक द्वीप राष्ट्र है, जिसकी आबादी सिर्फ 1 मिलियन से भी कम है। कोड बीएचडी के मुद्रा कोड के साथ, यह वर्ष 1965 में अस्तित्व में आया था। इसकी आय का सबसे बड़ा स्रोत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात से आता है। देश ने 1986 से अपनी मुद्रा यू.एस. डॉलर में 2.608 पर आंकी है। बहरीन दीनार का उपयोग केवल बहरीन में किया जा सकता है।

### ओमान रियाल

ओमान रियाल सबसे मजबूत मुद्राओं की सूची में तीसरे स्थान पर है। इसका करेंसी कोड हस्स्रहै। इसे वर्ष 1970 में ओमान की सल्तनत, द हाउस ऑफ अल सैद के नाम पर सैदी रियाल के रूप में पेश किया गया था। यह अरब प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है। ओमान की अर्थव्यवस्था अपने तेल भंडार पर अत्यधिक निर्भर है। ओमान में भी प्राकृतिक संसाधनों तक अत्यधिक पहुंच है। ओमान रियाल के खरीदने की पॉवर बहुत है, ये इतनी अधिक है कि ओमानी सरकार को 1/4 और 1/2 रियाल बैंकनोट जारी करना पड़ा। ओमान पर्यटन और कृषि से भी राजस्व अर्जित कर रहा है।

### जॉर्डन दिनारी

दुनिया की चौथी सबसे मजबूत मुद्रा जॉर्डन दिनार है। जॉर्डन मुद्रा 1950 में जॉर्डन की आधिकारिक मुद्रा बन गई। हालांकि देश आर्थिक रूप से विकसित नहीं है और तेल संसाधनों में भी समृद्ध नहीं है, सरकार एक्सचेंज रेट पर काम चलाऊ जहांज चलाती है। इस देश की अर्थव्यवस्था अभी भी एक उभरती बाजार अर्थव्यवस्था के अंतर्गत वर्गीकृत है। लेकिन पिछले 20 वर्षों से, इसे यू.एस. डॉलर में आंका गया है।

### ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग

**सबसे मजबूत मुद्राओं की सूची में ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग 5वें स्थान पर है। यह यूनाइटेड किंगडम की राष्ट्रीय मुद्रा है। सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली मुद्रा अभी भी पांचवें स्थान पर है क्योंकि यह अरब मुद्राओं का इसके सामने कोई मुकाबला नहीं। लेकिन, ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है और यह दुनिया की सबसे पुरानी स्वतंत्र मुद्रा है, जिसे पहली बार 1489 में यूनाइटेड किंगडम में इस्तेमाल किया गया था।**



### केमैन आइलैंड्स डॉलर

केमैन आइलैंड्स डॉलर मजबूत मुद्राओं की सूची में छठे स्थान पर है। इसे 1972 में पेश किया गया था, जिसे दुनिया की नवीनतम मुद्राओं के रूप में भी जाना जाता है। सबसे शक्तिशाली कैरेबियाई मुद्राओं में से एक कर के मामले में भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ मुद्राओं में से एक है। देश कई हेज फंड, बैंकों और बीमा कंपनियों के लिए लाइसेंस भी प्रदान करता है।

## शादी की सालगिरह सेलिब्रेट करने के लिए भारत की ये जगह हैं बेस्ट



शादी की सालगिरह को खास तरीके से हर कोई मनाना चाहता हैं। ऐसे में अगर आप अपने पार्टनर के साथ इन जगहों पर जा सकते हैं।

**उदयपुर :** यहां आपको सुंदर, शांत झीलें और राजसी अरावली पहाड़ियां देखने को मिलती हैं। यह शहर पर्यटकों का स्वागत करता है। सालगिरह को खास बनाने के लिए आप झील के पास एक जगह ले सकते हैं और खूबसूरत रात का लुफ्त लें। शांति में अपने पार्टनर के साथ समय बिताना काफी रोमांटिक होता है।

**मुन्नार :** शांत हिल स्टेशन बेहद ही सुंदर है जिसका आनंद आप अपने दोस्तों, परिवार या अपने साथी के साथ ले सकते हैं, अगर आप यहां शादी की सालगिरह के लिए जा रहे हैं तो आपको अपने फैसले पर पछतावा नहीं होगा। यहां आप चाय कॉफी के बागानों में अपनी पसंद की ड्रिंक का लुफ्त उठा सकते हैं।

**पांडिचेरी ( पुडुचेरी ) :** आप यहां चिल कर सकते हैं, सड़कों पर घूम सकते हैं, समंदर के पास रह सकते हैं और फ्रेंच खाने का मजा ले सकते हैं। शादी की सालगिरह के जश्न के लिए सबसे अच्छी जगह है।

**कोवलम :** अगर आप समुद्र किनारों पर जश्न मनाना चाहते हैं तो यह अच्छी जगह है। साफ पानी और ताड़ के पेड़ आपको काफी खूबसूरत लगेंगे। भीड़भाड़ से दूर पार्टनर के साथ समय बिताना काफी आनंमय होगा।

**कुमारकोमो :** अगर आप पन्ना हरे बैकवाटर को देखना चाहते हैं, तो कुमारकोम जाएं। यहां आप खूब आराम कर सकते हैं और कई तस्वीरें क्लिक कर सकते हैं। पार्टनर के साथ किसी शांत जगह पर एंजॉय करना चाहते हैं तो यहां घूमने का प्लान कर सकते हैं।

# भारत की इन जगहों के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर आप भी रह जाएंगे चकित

**भारत का भौगोलिक एरिया बेहद समृद्ध और विविध है, जो हरे भरे जंगलों, सुंदर झीलों, राजसी पर्वत चोटियों, घास के मैदानों के मोजाइक, उष्णकटिबंधीय समुद्र तटों और जंगल के विशाल हिस्सों से भरा है। पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक, यह दक्षिण एशियाई देश प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी खजाने से कम नहीं है।**

### कूर्ग, कर्नाटक

स्कॉटलैंड ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाने वाला कूर्ग पश्चिमी घाट की गोद में दक्षिणी कर्नाटक में स्थित एक छोटा सा हिल स्टेशन है। यह जगह अपने कॉफी बागानों से लेकर मौसम, खूबसूरत गांव और वॉटरफॉल आदि के लिए प्रसिद्ध है। यहां के नागरहोल नेशनल पार्क और तलकवेरी वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पतियों और जीवों की विविधता है। यदि आप दैनिक जीवन की एकरसता से बचकर प्रकृति के करीब जाना चाहते हैं तो यह एक आदर्श स्थान है।





### खज्जियार, हिमाचल प्रदेश


खज्जियार को आमतौर पर भारत के मिनी स्विट्जरलैंड के रूप में जाना जाता है। यहां के घने जंगल, हरी घास के मैदान और सुंदर बर्फ से ढकी पहाड़ की जगहें प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थान हैं। अगर आप एंडवेचर्स एक्टिविटी करना पसंद करते हैं तो ज़ॉर्बिंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग और घुड़सवारी का आनंद यहां पर ले सकते हैं।





### पिथौरागढ़, उत्तराखंड

उत्तराखंड के पूर्वी जिले में स्थित, पिथौरागढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, उच्च ऊंचाई वाले घास के मैदान और कुछ ऐतिहासिक आकर्षण हैं। यह कैलाश और मानसरोवर के पवित्र मंदिरों के लिए ट्रेक का शुरुआती बिंदु है। और, नंदादेवी, नेपाल के अप्पी और पंचाचूली की शक्तिशाली चोटियों के मनोरम दृश्य इस जगह से स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। पर्यटक स्थलों में से पिथौरागढ़ किला, असकोट अभयारण्य काफी फेमस है। यह अभयारण्य कई प्रकार की वनस्पतियों और जीवों और काफनी ग्लेशियर ट्रेक की एक विस्तृत श्रृंखला का घर है।






### मुन्नार, केरल

अपनी चाय और मसाले के बागानों के लिए प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार में प्रकृति की गोद में कुछ वक्त अकेले के साथ बिताने के लिए एक अच्छी जगह है। यहां पर आप कैम्पिंग, पैरासेलिंग, बर्डवॉचिंग, ट्रेकिंग, वाइल्डलाइफ स्पॉटिंग, फिशिंग, बोटिंग और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी कई एक्टिविटीज कर सकते हैं।

## तनाव से मुक्ति के लिए जरूर जाएं शत्रुंजय की पहाड़ी, घूमने की है खूबसूरत जगह

आजकल की भागदौड़ भरी इस जिंदगी में हर इंसान कहीं न कहीं तनाव से घिरा हुआ है। कभी-कभी काम की चिंता के कारण या फिर जीवन की समस्याओं के कारण हम हमेशा तनाव में रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस तनाव का हमारे दिलोदिमाग़ पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इसलिए हमें अपने लिए थोड़ा समय घूमने फिरने के लिए अवश्य निकालना चाहिए और ऐसी जगहों पर जाना चाहिए जहाँ हमारा तनाव कम हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि तनाव से बचने के लिए ध्यान, योग, जीवन शैली में सुधार और मानसिक शांति के लिए आप कहीं अच्छी रमणीक जगह पर घूमने जा सकते हैं।

**शत्रुंजय की पहाड़ी के बारे में :** दरअसल, शत्रुंजय का शाब्दिक अर्थ है जीत। शत्रुंजय पहाड़ी शांति और आध्यात्मिकता के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं और शांति के पल बिताते हैं। शत्रुंजय पहाड़ी गुजरात के ऐतिहासिक शहर पालिताना के पास स्थित है। हालाँकि, इस शहर के पास पाँच पहाड़ियाँ हैं, लेकिन शत्रुंजय पहाड़ी को सबसे पवित्र पहाड़ी माना जाता है। यह पहाड़ी समुद्र तल से 164 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस पहाड़ी पर सैकड़ों जैन मंदिर हैं। वे सभी शतरुंजी नदी के तट पर स्थित हैं। शत्रुंजय हिल को आंतरिक शत्रुओं पर विजय का स्थान के रूप में भी जाना जाता है। आपको जानकर शायद आश्चर्य होगा कि इस पहाड़ी तक पहुंचने के लिए आपको 375 पत्थर की सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। इन सीढ़ियों पर चढ़ते समय आप प्रकृति के अद्भुत दृश्यों का आनंद ले सकते हैं। आप इस शांतिपूर्ण जगह में रहने का एक वास्तविक सुखद एहसास प्राप्त कर सकते हैं। शहरों की भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर, आप यहां पर केवल शांति के पल बिता सकते हैं। यहां समय बिताने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही यह कई तरह के तनाव से राहत दिलाने में भी मदद करता है। शत्रुंजय पहाड़ी पर स्थित मंदिरों के निर्माण के बारे में कहा जाता है कि इनका निर्माण 900 साल पहले हुआ था। हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में लोग इस पहाड़ी पर पहुंचते हैं। ऐसा माना जाता है कि जैन धर्म के संस्थापक आदिनाथ, जिन्हे ऋषभ के नाम से भी जाना जाता है, ने इस शिखर पर स्थित रियान वृक्ष के नीचे कठिन तपस्या की थी। उसी स्थान पर



आदिनाथ का मंदिर भी आज मौजूद है। इतना ही नहीं, बल्कि मुस्लिम संत अंगार पीर का स्थान भी मंदिर के परिसर में ही स्थित है। कहा जाता है कि उन्होंने मुगलों से इस शत्रुंजय पहाड़ी की रक्षा की थी। इसलिए, उनके साथ अंगार पीर को मानने वाले मुस्लिम लोग भी शत्रुंजय पहाड़ी पर आते हैं और उनकी कब्र पर नमाज अदा करते हैं। कहा जाता है कि यहां आकर जो कोई भी कोई मुराद मांगता है तो निश्चय ही उनकी मन की इच्छाएं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। हर साल लोग अपने परिवार, अपने दोस्तों और अपने सहयोगियों के साथ यहां पहुंचते हैं। तो आप भी एक बार यहां जरूर जा सकते हैं।

### शत्रुंजय हिल कैसे पहुचें

**हवाईजहाज से :** पालिताना शहर, जहाँ पर शत्रुंजय हिल स्थित है, भावनगर एयरपोर्ट से 56 किलोमीटर दूर स्थित है। भावनगर से पालिताना जाने के लिए कोई भी निजी वाहन लिया जा सकता है।

**रेल द्वारा :** पालिताना ट्रेन द्वारा भावनगर और अहमदाबाद से पहुँचा जा सकता है।

**सड़क द्वारा :** पालीताना, जो भावनगर से 56 किलोमीटर दूर और अहमदाबाद से 215 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, सड़क मार्ग से आसानी से पहुँचा जा सकता है।

### शत्रुंजय हिल की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय है

अक्टूबर से मार्च के महीनों के बीच शत्रुंजय हिल की यात्रा करने का सबसे अच्छा समय होता है। नवंबर से फरवरी पीक सीजन होता है।

### पलिताना में घूमने के लिए प्रमुख पर्यटक स्थल

पालिताना गुजरात के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो धर्म में दृढ़ता से विश्वास रखते हैं तो यह आपके लिए यह एक उपयुक्त जगह है। पालिताना में घूमने के लिए कुछ बेहतरीन स्थानों की सूची यहाँ दी जा रही है।

- हस्तगिरी जैन तीर्थ
- शत्रुंजय हिल्स
- श्री विशाल जैन संग्रहालय
- तलजा टाउन
- गोपनाथ बीच

शत्रुंजय हिल की यात्रा करने के इच्छुक हैं, तो आप गुजरात के यात्रा कार्यक्रम पर भी एक नज़र डाल सकते हैं और एक या दो दिन के लिए भावनगर से शत्रुंजय हिल को कवर कर सकते हैं।

## मायानगरी से रूबरू होने के लिए इन किलों का एक बार जरूर करें दीदार



मायानगरी मुंबई बॉलीवुड के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इसके अलावा, मुंबई धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल के लिए भी जाना जाता है। जैसे लाल बाग़ चा राजा, सिद्धि विनायक मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, मुंबा देवी मंदिर, हाजी अली दरगाह आदि प्रमुख धार्मिक स्थल हैं। वहीं, जुहू चौपाटी, बैंड स्टैंड, गेटवे ऑफ़ इंडिया, नरीमन पॉइंट आदि दर्शनीय स्थल हैं। कोरोना वायरस महामारी से पहले प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग इन जगहों पर आते थे। वर्तमान समय में भी काफी संख्या में लोग मुंबई घूमने आते हैं।

**सेवरी किला :** इस किले का निर्माण सन 1680 में प्रहरी के रूप में हुआ था। इसका निर्माण उस समय हुआ था, जब पुर्तगाली मुंबई में रहते थे। सेवरी किला में घुसने के लिए संकरा रास्ता है। यहां से आप बंदरगाह के अद्भुत दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

**बांद्रा किला :** इस किले का निर्माण सन 1640 में पुर्तगालियों द्वारा किया गया था और इसका इस्तेमाल प्रहरी के रुप में होता था। आज यह किला खंडहर में तब्दील हो चुका है, लेकिन काफी संख्या में पर्यटक बांद्रा किला जरूर आते हैं। जब कभी आपको मौका मिले, तो बांद्रा किला जरूर देखने जाएं।

**वर्ली किला :** इस किले का निर्माण सन 1675 में किया गया था। यहां से माहिम की खाड़ी का दीदार कर सकते हैं। जब मुंबई सात द्वीपों से बना शहर था। उस समय यह वर्ली गांव में था, जो मछुआरों का गांव था। किले में एक मंदिर भी है। आप वर्ली किले का भी दीदार कर सकते हैं।

**बॉम्बे किला :** यह सबसे पुराने किले में से एक है। इस किले का निर्माण उस समय हुआ था। जब पुर्तगालियों में मैनर हाउस का निर्माण करवाया था।

यह जमीन 1554-1570 के बीच पुर्तगाल के राजा ओर्टा से लीज पर ली गई थी। जब कभी मुंबई जाएं, तो किलों का एक बार जरूर दीदार करें।

जिसके पास धैर्य है उसके लिए जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ट्रेनी एसआई को पता नहीं कितने नंबर से पास हुई

## ट्रेनिंग के वीडियो में बोली-301 नंबर आए, जबकि मिले 354, एक लेटर में 13 गलतियां

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** झुंझुनूं में जॉइनिंग करने पहुंची ट्रेनी एसआई मोनिका (25) को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसआई भर्ती पेपर को 15 लाख में खरीदने वाली मोनिका का एक ट्रेनिंग का वीडियो भी सामने आया है। इसमें वो बता रही है कि उसे एग्जाम में 301 नंबर मिले है, जबकि उसे 354 नंबर मिले थे। दरअसल, ट्रेनी एसआई ने नकल गिरोह के सरगना पौरव कालेर से पेपर खरीदा था। कालेर को गिरफ्तार करने पर ट्रेनी एसआई राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) जयपुर से फरार हो गई थी। एक दिन पहले गिरफ्तार आरोपी ट्रेनी से पूछताछ में और भी कई खुलासे हुए हैं। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### ट्रेनिंग में दावा- अब 2 स्टार लगाकर ही जाऊंगी

मोनिका ने एसआई ट्रेनिंग के दौरान एक वीडियो बनाया था। इसमें उसने बताया कि उसके 301 नंबर आए है। वह वीडियो में ये भी बोल रही है कि घर पर तैयारी की थी, लेकिन इतना कॉन्फिडेंस नहीं आया, जितना ट्रेनिंग में मिला। अब में यहां से दो स्टार लगाकर ही जाऊंगी। लेकिन वीडियो की जांच में पता चला कि उसके 354 नंबर थे। यानी मोनिका को ये तक पता नहीं था कि वह कितने नंबर से पास हुई है। नंबर ज्यादा होने के कारण उसका मैरिट लिस्ट में 34वां नंबर था। जबकि उसे इंटरव्यू में 15 नंबर ही मिले थे। इतना ही नहीं ट्रेनिंग के दौरान उससे एक लेटर भी लिखवाया गया। इसमें करीब 13 गलतियां थीं। वह झुंझुनूं की रहने वाली है। हालांकि, इस लेटर में वह झुंझुनूं तक को गलत लिखा। इसके अलावा निरीक्षक, संदिग्ध, इसलिए जैसे कई शब्द थे, जिनमें गलतियां थीं।

# मणिपुर में जनजातीय हिंसा- एक व्यक्ति की मौत : हमार जनजाति के युवकों ने जोमी झंडा उतारा, विवाद बढ़ा

बढ़ता राजस्थान

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार रात करीब 10 बजे जोमी और हमार जनजाति के बीच हिंसा हुई। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये हिंसा तब हुई जब हमार जनजाति के युवकों ने सीलमत क्षेत्र के पास फहराए गए जोमी झंडे को उतार दिया।

### हिंसा रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया

हिंसा को रोकने के लिए बुधवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही चुराचांदपुर जिले के डिप्टी कमिश्नर धरुण कुमार ने अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण समाधान के लिए जिला मजिस्ट्रेट हर संभव कोशिश कर रही है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। साथ ही डीसी धरुण कुमार ने जिले के सभी जनजाति और संगठनों के नेताओं और अन्य सीएसओ नेताओं से शांति को बहाल करने में मदद की अपील की है।

# इंदौर की गेर में टैंकर ने युवक को रौंदा, मौत : हादसे के बाद सीएम ने कैंसिल किया गेर में शामिल होने का प्रोग्राम

बढ़ता राजस्थान

**इंदौर (एजेंसी)।** रंगपंचमी पर बुधवार को इंदौर में गेर निकाली गई। यूनेस्को की टीम भी यहां पहुंची। कलेक्टर आशीष सिंह का दावा है कि गेर में पांच लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। सफाई कर्मचारियों ने सफाई का जिम्मा संभाल लिया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने गेर में शामिल होने इंदौर पहुंचे। लेकिन इससे पहले ही उन्होंने प्रोग्राम कैंसिल करने का निर्णय लिया। दरअसल, गेर निकालने के दौरान राजवाड़ा में टैंकर का पहिया 45 वर्षीय शख्स के पेट के ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सीएम ने मृतक के परिवार 4 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

इंदौर के राजवाड़ा पर रंगपंचमी की गेर के दौरान एक युवक टैंकर की चपेट में आ गया। टैंकर का पहिया उसके पेट से गुजर गया। उसे तड़पता देख लोगों ने एम्बुलेंस तक पहुंचाया। जिसके बाद उसे एम्बुलेंस की मदद से एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने टैंकर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

मृतक की पहचान सनी मौर्य (उम्र 24 वर्ष) निवासी रुक्मिणी नगर के रूप में हुई है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ तो उसके दोस्त राहुल सेन ने उसे पहचान लिया। राहुल ने यह खबर उसकी मां को दी और वे तत्काल एमवाय अस्पताल के पोस्टमॉर्टम रूम पहुंचे। इधर, फाग यात्रा में अचानक एक शख्स की तबीयत बिगड़ गई, उसे तुरंत एम्बुलेंस में बैठाया गया। हजारों लोगों की भीड़ ने रास्ता देकर कुछ ही मिनट में एम्बुलेंस को बाहर निकाला। वहीं, गेर में तीन लोग घबराहट से बेहोश हो गए।

# यौन शोषण के आरोपी सीतापुर सांसद जेल से रिहा : 49 दिन बाद हाथ जोड़कर निकले; पत्नी से मिलते ही रो पड़े

बढ़ता राजस्थान

**सीतापुर (एजेंसी)।** महिला नेता से यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को 49 दिनों बाद रिहाई मिल गई। बुधवार सुबह 8 बजे सीतापुर जेल से सांसद हाथ जोड़ते हुए बाहर निकले। सीधे फॉर्च्यूनर में बैठे और आवास पहुंच गए। यहां पत्नी और घरवालों से मिले तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े।

सांसद ने कहा- मामले में एफआईआर से लेकर रिहाई तक पेंच ही पेंच हैं। दोषियों के चेहरे बेनकाब होंगे। सच्चाई जनता के सामने आएगी। मुझे न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। यह जीवन का पहला मौका है कि अपने लोगों से इतने दिनों तक दूर रहना पड़ा। कांग्रेस सांसद 30 जनवरी से सीतापुर जेल में बंद थे। उन्हें 11 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी, लेकिन पुलिस वॉयस सैंपल की रिपोर्ट के बाद धाराएं बढ़ा दी थीं। इसके वजह से सांसद की रिहाई अटकी हुई थी। सांसद की रिहाई पर महिला नेता के पति ने कहा- इतनी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद जमानत मिलना न्याय नहीं है। मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। जल्द ही न्याय मिलेगा।

## अवैध खनन के मुद्दे पर विधानसभा में जमकर हंगामा

# भू-जल पर पैसा वसूलने वाले बिल पर सरकार का यू-टर्न

## बहस के बाद फिर सिलेक्ट कमेटी को भेजा, विपक्षी विधायकों ने प्रावधानों पर उठाए थे सवाल



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में भूजल को रेग्युलेट करने वाले बिल पर सरकार ने फिर यू-टर्न ले लिया है। भूजल प्रबंध प्राधिकरण बिल को फिर से विधानसभा की प्रवर समिति (सिलेक्ट कमेटी) को भेज दिया गया है। विधानसभा में इस बिल पर हुई बहस के बाद जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बिल को प्रवर समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर कर लिया गया।

इस बिल को पिछले साल अगस्त में सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया था। फरवरी में सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट सौंपने का समय बढ़ाया गया। हाल ही कमेटी की रिपोर्ट के बाद इस बिल को फिर लाने का फैसला किया। भूजल प्रबंध प्राधिकरण बिल पर बहस के दौरान विपक्षी विधायकों ने इसके कई प्रावधानों पर सवाल उठाए। ट्यूबवेल खोदने वाली सभी मशीनों और सभी ट्यूबवेल के रजिस्ट्रेशन के प्रावधानों पर विधायकों ने कहा कि सरकार के पास इतने संसाधन ही नहीं है। अब तक जलदाय विभाग के कनेक्शनों पर ही मीटर नहीं लगे।

कांग्रेस विधायक हाकम अली, रफीक खान और हरिमोहन शर्मा ने कहा- सरकार पानी पर पहरा बैठा रही है। एक पानी ही था, जो बिना अनुमति मिल जाता था, अब इस पर पहरा बैठाने से दिक्कत होगी। इससे अफसरशाही हावी होगी। उधर, अवैध खनन के मुद्दे पर कांग्रेस ने विधानसभा में जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए मामला उठाते हुए कहा कि प्रदेश में हर जगह अवैध खनन हो रहा है।

हाईकोर्ट को टिप्पणी करनी पड़ रही है कि राजस्थान पुलिस सहयोग नहीं आर रही तो सीआरपीएफ की मदद लीजिए, इससे बड़ा और क्या उदाहरण होगा। कुछ देर हंगामे के बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

### निर्दलीय विधायक और यूडीएच मंत्री के बीच नोकझोंक

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय विधायक जीवाराम चौधरी ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को घेर लिया। दोनों के बीच नोकझोंक भी हुई। मंत्री ने जब सीधा जवाब नहीं दिया तो स्पीकर ने भी टोका। निर्दलीय जीवाराम चौधरी ने मंत्री से कांग्रेस राज के दौरान सांचौर में महिला बाल विकास की जमीन को बेचने और उस पर पट्टे जारी करने पर कार्रवाई के बारे में पूछा। इस पर मंत्री ने कहा- सांचौर में 7006 पट्टे जारी किए। कृषि भूमि पर 3 हजार पट्टे और स्टेट ग्रांट के 297 पट्टे थे। मंत्री जब लंबा जवाब पढ़ने लगे तो निर्दलीय विधायक जीवाराम ने कहा कि सीधा जवाब दीजिए। इस पर खर्रा ने कहा कि जवाब मेरे पास है, रुकिए तो सही। शिकायतों के बाद 13 पट्टे कैंसिल किए गए।

### सीएम और गृह राज्य मंत्री के इलाके में भी अवैध खनन

जूली ने कहा- सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है। इसी सरकार के कैबिनेट मंत्री अपनी सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि रोज करोड़ों की बजरी चोरी हो रही है। सरकार के एक मंत्री डीएसपी से कह रहे हैं बजरी का अवैध खनन करने वालों को मत पकड़ो। जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री और गृह राज्य मंत्री के क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। भरतपुर और डीग में खनन के 413 पट्टे हैं और यहां दो साल में अवैध खनन के 312 मामले दर्ज हो चुके। इस कुंभकर्णी सरकार को जगाइए। मंत्री से जवाब की मांग करते हुए कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

### कोचिंग सेंटर पर कंट्रोल के लिए बिल विधानसभा में पेश

उधर, डिप्टी सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आज राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट कंट्रोल्ड एंड रेगुलेशन बिल 2025 को सदन में रखा। प्रदेश में कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या रोकने और कोचिंग सेंटर पर कंट्रोल के लिए लाए गए इस बिल को मौजूदा सत्र में ही बहस के बाद पारित करवाया जाएगा।

### भाकर नहीं पहुंचे तो गर्ग ने उठाया सवाल

इससे पहले प्रश्नकाल में सवाल लगा होने के बावजूद विधायक मुकेश भाकर नहीं पहुंचे तो सरकारी मुख्य सचेतक ने सवाल उठाए। जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि विधायक का ठेकेदारों के खिलाफ सवाल है। कहीं उनका अपहरण न हो गया हो या कोई लोभ लालच तो नहीं दे दिया, इसकी जांच होनी चाहिए। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि कई बार विधायक पहुंच नहीं पाते, देरी हो जाती है लेकिन इस तरह आरोप लगाना ठीक नहीं है।

### कोचिंग सेंटर पर कंट्रोल के लिए बिल विधानसभा में रखा

प्रदेश में कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या रोकने और कोचिंग सेंटर पर कंट्रोल के लिए विधानसभा में बिल पेश हो गया है। इस बिल को मौजूदा सत्र में ही बहस के बाद पारित करवाया जाएगा। डिप्टी सीएम और उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आज राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट कंट्रोल्ड एंड रेगुलेशन बिल 2025 को सदन में रखा।

### प्रभु सीधा बता दीजिए पट्टे कैंसिल करोगे या नहीं

मंत्री जब लंबा जवाब देने लगे तो जीवाराम ने फिर कहा- प्रभु मैं यह जानना चाह रहा हूं कि क्या कार्रवाई करोगे। महिला बाल विकास की जमीन बेचकर पट्टे दे दिए, उसका क्या करेंगे। मंत्री बोले- पूर्व यूडीएच मंत्री के कामों की जांच होगी, उसमें सांचौर में जारी पट्टों की भी जांच हो जाएगी। जांच के बिना कोई कार्रवाई नहीं होगी। पूर्व यूडीएच मंत्री के कालखंड में किए सब कामों की जांच होगी। इस जांच में सांचौर में जारी पट्टों की भी जांच हो जाएगी। भूजल प्रबंध प्राधिकरण बिल पर फिर यू-टर्न, बिल को दूसरी बार सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया प्रदेश में भूजल को रेग्युलेट करने वाले बिल पर सरकार ने फिर यू-टर्न ले लिया है।

# राजस्थान में राशन डीलरों का कमीशन बढ़ाया

## 1 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें, प्रदेश में राशन की 25 हजार दुकानें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरकार ने राजस्थान में राशन डीलर्स का कमीशन 13.70 रुपए बढ़ा दिया है। डीलर लंबे समय से कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए कमीशन 137 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150.70 रुपए कर दिया है। बढ़ी हुई दरें 1 अप्रैल से लागू होंगी। आदेश के मुताबिक राशन डीलरों को मिलने वाले कमीशन में राज्य सरकार के मद का कमीशन बढ़ाया गया है। राज्य सरकार वर्तमान में हर राशन डीलर को 100 किलोग्राम गेहूं का आवंटन करने पर 26 रुपए कमीशन देती है, जिसे अब 13.70 रुपए बढ़ाकर 39.70 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। इसके अलावा केंद्र से मिलने वाला 90 रुपए और पॉश मशीनों से आवंटन करने पर मिलने वाला अतिरिक्त 21 रुपए कमीशन पहले की तरह ही मिलता रहेगा। बता दें कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीब तबके के लोगों को केंद्र सरकार हर महीने फ्री गेहूं राशन दुकानों से आवंटन करती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सूची से जुड़े हर व्यक्ति को हर महीने 5 किलोग्राम गेहूं दिया जाता है।



### रख-रखाव के 9.21 रुपए कटेंगे

इस कमीशन में से वर्तमान में कट रहे रख-रखाव के 9.21 रुपए की कटौती होती रहेगी। वर्तमान में पोस मशीनों के रखरखाव के पेटे सरकार 5.21 रुपए प्रति क्विंटल और इलेक्ट्रॉनिक कांटे के पेटे 4 रुपए प्रति क्विंटल की कटौती की जा रही है। ये कटौती आगे भी जारी रहेगी।

### प्रदेश में 25 हजार दुकानें

राजस्थान में वर्तमान में 25 हजार राशन की दुकानें हैं, जिनके जरिए सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े परिवारों को हर महीने गेहूं का फ्री वितरण करवाती है। इन दुकानों पर आने वाले लाभार्थी पॉश मशीन पर अंगूठा लगाते हैं, जिसके बाद ही उनको गेहूं का वितरण किया जाता है।

### 4.36 करोड़ लोग सूची में शामिल

राजस्थान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से 4.36 करोड़ लोग जुड़े हैं। सरकार ने पिछले दिनों एनएफएसए का पोर्टल खोलकर लोगों से आवेदन लिए थे। सरकार इस साल 30 लाख से ज्यादा लोगों के नाम इस सूची में जोड़ने की तैयारी कर रही है।

# रोडवेज ने खाटूश्याम मेले में चलाई थी 250 स्पेशल बसें

## विभाग को 2.20 करोड़ का रेवेन्यू मिला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सरकार की रिलीजियस टूरिज्म की मुहिम साकार हो रही है। खाटू श्याम मेले के दौरान राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से पर्यटकों की सुविधाओं को देखते हुए 250 मेला स्पेशल बसें चलाई गई। विभाग को इससे 2.20 करोड़ रुपए के राजस्व का फायदा हुआ। विभाग के आंकड़ों पर नजर डालते हैं तो पता चलता है, 7 से 11 मार्च तक बसों ने 3.92 लाख किलोमीटर का सफर किया। इससे करोड़ों का राजस्व मिला। पिछले साल लगभग 3.40 लाख किमी. संचालन कर 185.10 लाख रुपए का राजस्व अर्जित कर 1.92 लाख यात्रियों को यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। राजस्थान पर्यटन विभाग का फोकस खाटू श्याम की नगरी सीकर और सांवलिया सेठ की नगरी चित्तौड़गढ़ टॉप पर हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार सीकर में 2.76 करोड़ और चित्तौड़गढ़ में 2.41 करोड़ टूरिस्ट पहुंचे। जयपुर, उदयपुर, अजमेर, माउंट आबू, जोधपुर, के कुल टूरिस्ट की संख्या भी इन जिलों को नहीं छू पाई है।

# भिवानी के जवान विक्रम सिंह को अंतिम विदाई : जम्मू में ड्यूटी के दौरान लगी गोली

**भिवानी।** भिवानी के गांव दांगकलां निवासी सीमा सुरक्षा बल के जवान को भावभीनी विदाई दी गई। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर जम्मू काश्मीर से गांव लाया गया।

जहां सभी ने जवान को भावभीनी विदाई दी। बीएसएफ की टुकड़ी ने अपनी बंदूकें नीचे करके सलामी दी। इस दौरान डीएसपी दिलीप सिंह व नायब तहसीलदार संजय शर्मा सहित बीएसएफ के जवान व ग्रामीण मौजूद रहे। गांव दांग कलां के सरपंच प्रतिनिधि परमजीत यादव ने बताया कि विक्रम सिंह जम्मू में ड्यूटी पर तैनात था।

# राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में किसान एवं वंचित वर्ग को मिलेंगी विभिन्न सौगातें

## किसान कल्याण और गरीब का उत्थान हमारी प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले वृहद् कार्यक्रमों में प्रदेश के किसान एवं वंचित वर्ग को राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजनाओं को सुशासन के जरिए धरातल पर उतार रही है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान वर्ग का कल्याण हो रहा सुनिश्चित

श्री शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश का किसान वर्ग लाभान्वित हो रहा है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत प्रदेश के अन्नदाता को और



अधिक सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों के 3 दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च के मध्य किया जाएगा। यह आयोजन एफपीओ के लिए बाजार सम्पर्क, ब्रांड निर्माण, बिक्री संवर्धन और क्षमता विकास को मजबूत बनाने तथा एफपीओ को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए एक बाजार भी प्रदान करेगा। साथ ही, किसान कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान हस्तांतरण किया जाएगा।

# बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में 23 को होगा भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वेटेरन आउटरीच कार्यक्रम के तहत सप्त शक्ति कमान, चेतक कोर और 81 सब एरिया के तत्वावधान में भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन 23 मार्च सलारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, बठिंडा मिलिट्री स्टेशन किया जायेगा। सशस्त्र बलों के दिग्गजों की सेवाओं को समर्पित इस यह रैली का उद्देश्य बठिंडा और मानसा जिले में रहने वाले भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और युद्ध में हताहतों/शारीरिक रूप से हताहतों के परिजनों के प्रति श्रद्धांजलि और कृतज्ञता प्रदर्शित करना है। यह कार्यक्रम उनकी शिकायतों के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करेगा और उनके स्वास्थ्य सेवा, पुन: रोजगार, शिक्षा, परिवार के अनुकूल गतिविधियों और कैरियर के अवसरों के संबंध में दिग्गजों से जुडने् के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। दिग्गजों को निर्दिष्ट स्थानों से रैली स्थल तक परिवहन की व्यवस्था की जाएगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com